माघ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 24 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 98, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु 14
जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में अनिल 13

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर ₹ 5/- प्रतिदिन

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

MONTE CARLO
LAST 5 DAY
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीना शॉल एण्ड स्टाल
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में इंडी गठबंधन पर जमकर बोला हमला

### करखियांव में किया 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- बनास काशी संकुल समारोह को संबोधित करते मोदी ने कहा काशी का अपमान युवा नहीं भूलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी



**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थानीय भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन को सीधे निशाने पर रखा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते-देते दो दशक बिता दिए, अब ये लोग यहां के नौजवानों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बोले कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और उप्र.का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना भविष्य बनाने में लगा हुआ है। उप्र. के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और मेधा से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय-जयकार करते रहें। राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं।

### इहां सब गुरू ह, गठबंधन क पैंतरा ना चली

**वाराणसी।** मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव, इहां सब गुरू ह। इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। भाषण की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आवे क मौका मिलल हव। जब तक बनारस नाही आइत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहिले आप लोग हमके बनारस क सांसद बनइला, अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बना देलस।

### पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को मिलेगी गति

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन 13 हजार करोड़ से ज्यादा की 45 परियोजनाओं की शुरुआत की उनसे, पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को गति मिलेगी। इसमें रेल, रोड, एयरपोर्ट, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अध्यात्म, पर्यटन, एलपीजी गैस जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े कार्य हैं। रोजगार के नए अवसर बनेंगे। संत रविदास की जन्मस्थली से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

### जो कभी नहीं हुआ, मोदी ने वह कर दिखाया: योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, काशी को प्रधानमंत्री द्वारा 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गईं। जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम ने कर दिखाया। योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने जीआई उत्पादों के पांच कारीगरों जमालुद्दीन अंसारी, श्रीकांत मिश्र, सत्या सिंह, अमृता सिंह और सिद्धार्थ मौर्य को अधिकृत उपयोगकर्ता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

## किसान नेताओं ने टाला दिल्ली कूच, आज निकालेंगे कैंडल मार्च

### किसान नेताओं ने कहा-अगले कदम के बारे में 29 फरवरी को फैसला

चंडीगढ़, एजेंसी

किसानों ने दिल्ली चलो आंदोलन को 29 फरवरी तक टाल दिया है। किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने 'दिल्ली चलो' आंदोलन को लेकर अगले कदम के बारे में 29 फरवरी को फैसला करेंगे। शनिवार को 'कैंडल मार्च' निकाला जाएगा और उसके दो दिन बाद वे केंद्र का पुतला फूंकेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) ने शुक्रवार शाम को यह निर्णय लिया। केएमएम नेता सरवन सिंह पंधेर ने खनौरी सीमा पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'आंदोलन के तहत अगले कदम की घोषणा 29 फरवरी को की जाएगी।' उन्होंने घोषणा की कि वे 24 फरवरी को कैंडल मार्च निकालेंगे और 26 फरवरी को केंद्र का पुतला फूंकेंगे। किसान नेताओं ने खनौरी में झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद बुधवार को 'दिल्ली चलो' आंदोलन को दो दिनों के लिए रोक दिया था।

### मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ देगी पंजाब सरकार

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

### प्राथमिकी दर्ज होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

चंडीगढ़। किसान नेताओं ने कहा कि मारे गए शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक पंजाब सरकार घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती। पटियाला में किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर दिया था कि मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब अधिकारियों ने बताया कि संभव नहीं है।

### हरियाणा में पुलिस और किसानों में टकराव

**हिसार/अमृतसर।** पुलिस ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा की ओर बढ़ रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज भी किया। विरोध में किसानों की ओर से भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार-नारनौंद रोड पर ये किसान खेरी चोपटा गांव से खनौरी सीमा जा रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन पर आंसूगैस के गोले दागे। दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने काला दिवस मनाया और हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के नेताओं के पुतले फूंके।

### किसान नेताओं पर रासुका लगाने का फैसला वापस

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि वह किसान आंदोलन का हिस्सा रहे कुछ किसान नेताओं के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के प्रावधानों को लागू करने के अपने फैसले को वापस ले रही है। एक दिन पहले अंबाला पुलिस ने कहा था कि वह आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत किसान नेताओं को हिरासत में लेने की प्रक्रिया शुरू कर रही है।

## एक नजर

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन



**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वे 1995 से 1999 तक मुख्यमंत्री रहे। जोशी संसद सदस्य भी चुने गए थे, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## हवलदार ने राइफल छीनकर साथी को गोली मारी, मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**छावनी क्षेत्र का मामला**

- 6-ईएमई बटालियन में तैनात थे कमल जोशी, आरोपी हिरासत में

**अमृत विचार :** छावनी क्षेत्र में हवलदार ने संतरी की इन्सास राइफल छीनकर साथी हवलदार की गर्दन में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी हवलदार को गिरफ्तार कर लिया है।

संतरी ने पुलिस को तहरीर दी है। कैंट पुलिस के अनुसार असम के गांव हापलैंड निवासी 40 वर्षीय कमल जोशी 6-ईएमई बटालियन देहरादून में तैनात थे। सेवानिवृत्ति के दस्तावेज जमा करने के लिए वह बरेली छावनी क्षेत्र के मेहता द्वार स्थित यूनिट में आए थे। शुक्रवार की रात करीब 9.30 बजे कमल जोशी साथियों से बात कर रहे थे। उसी समय हवलदार रत्ना राजेश आया और उसने ड्यूटी पर तैनात संतरी ब्रजलाल की इन्सास राइफल छीनकर कमल की गर्दन पर रखकर गोली मार दी। गोली लगते ही कमल जोशी की मौत हो गई। वहां मौजूद दूसरे सैनिकों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर राइफल कब्जे में ले ली है। एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ तृतीय और सीओ प्रथम, कैंट इंस्पेक्टर विश्वजीत प्रताप सिंह व बारादरी इंस्पेक्टर अमित पांडेय मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने भी जांच की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## झोपड़ी में आग लगने से चार बच्चियां जिंदा जलीं

संवाददाता, फरीदपुर (बरेली)

- लुकाछिपी खेल रहे थे सभी बच्चे अचानक आग लगने से नहीं भाग सके
- फरीदपुर के गांव नवादा बिलसंडी में हुआ हादसा, डीएम-एसएसपी पहुंचे

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में शुक्रवार को एक मकान की छत पर झोपड़ी में रखे पुआल और भूसे में आग लग गई। आग लगने से लुकाछिपी खेल रहे चार बच्चियों की मौत हो गई। बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे गांव वालों ने आग बुझाई लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

गांव नवादा बिलसंडी में तीन भाई अमिताभ, भीम, अर्जुन पूरे परिवार के साथ एक छोटे से मकान में रहते हैं। मकान छोटा होने के कारण छत पर दो झोपड़ी बनाकर उसमें पुआल और भूसा भी रखा था। शुक्रवार दोपहर सभी भाई मजदूरी करने गए थे। अमिताभ की बेटी मानवी (2), नीतू (5), भीम की बेटी प्रियांशी (6) और अर्जुन की बेटी आराध्या (6) छत पर लुकाछिपी खेल रहे थे। अचानक भूसा-पुआल में आग लग गई। आग की लपटें देख बच्चे झोपड़ी में घुस गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और झुलसने से मानवी, नीतू, प्रियांशी की मौके पर मौत हो गई, जबकि आराध्या बुरी तरह से झुलस गई। उसे पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां हालत गंभीर होने पर निजी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। सूचना मिलने पर डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, पुलिस अधीक्षक देहात दक्षिणी मानुष पारीक घटनास्थल पर पहुंचे।

## अब अंतिम सांस ले रहा वामपंथी उग्रवाद: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने विकास और सुरक्षा के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ नक्सलियों को जबरदस्त झटका दिया है और वामपंथी उग्रवाद अब अंतिम सांस ले रहा है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण वामपंथी उग्रवाद अब अपना आधार खो चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों का दिल जीत लिया है। शाह ने हैशटैग 'नक्सलफ्रीभारत' के साथ 'एक्स' पर कई पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नक्सलवाद पर अंकुश लगाने के लिए एक आक्रामक रणनीति अपनाई है। उन्होंने कहा, 'वामपंथी उग्रवाद पर कड़े प्रहार के परिणामस्वरूप यह आज अंतिम सांस ले रहा है।'

## झूठी शिकायत करने वाली प्रोफेसर पर 5 लाख जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- एससी/एसटी एक्ट के तहत की थी शिकायत

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय की एक महिला प्रोफेसर पर 5 लाख रुपये जुर्माना लगाया है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकल पीठ ने दर्ज मामले में चल रही कार्यवाही और आरोप पत्र रद करने की मांग लेकर दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदिश पारित किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को अपनी सहायक महिला प्रोफेसर को कक्षाएं लेने और ठीक से पढ़ाने के लिए सलाह देना भारी पड़ा। उन्होंने अपनी इस गलती के लिए लगभग 8 वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। तथ्यों का अवलोकन करने पर पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता एक सुशिक्षित महिला है और कानून के प्रावधानों को अच्छी तरह से जानती है, इसलिए उसने व्यक्तिगत लाभ के लिए कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग किया। शिकायतकर्ता ने याची और उनके सहयोगियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने उसके खिलाफ जातिसूचक और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि वर्तमान मामला केवल व्यक्तिगत प्रतिशोध लेने के उद्देश्य से दर्ज कराया गया है। इस प्रकार की कष्टप्रद कार्यवाही को जारी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

## 100 प्रत्याशियों की होगी भाजपा की पहली सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लोकसभा चुनाव**

- मार्च के पहले हफ्ते में पहली सूची जारी करने की तैयारी
- पहली सूची में उप्र. में हारी 14 लोस सीटों के प्रत्याशियों के होंगे नाम

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इसमें 100 प्रत्याशियों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। सूची में ज्यादातर वे सीटें होंगी, जिनमें भाजपा 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में हार गई थी। इसमें प्रदेश की 14 लोकसभा सीटें शामिल है।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। भाजपा की पहली सूची में करीब 100 प्रत्याशियों के नाम होने की भी बात कही जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश पर सबसे ज्यादा फोकस है। इसके अलावा कई प्रदेशों की हारी हुई सीटें शामिल हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर थे। उप्र में भी भाजपा के 14 प्रत्याशी पिछले लोकसभा चुनाव में हार गए थे। साथ ही 10 सीटों पर उनकी जात का अतंर भी कम था। ऐसी सीटों को लेकर भाजपा नेतृत्व ज्यादा सतर्क है। मिशन-80 साधने के लिए भाजपा इन सीटों पर प्रत्याशियों की पहले घोषणा कर उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मौका देना चाहता है, ताकि कोई कोर कसर न रहे।

**प्रदेश की 10 लोकसभा सीटें जीतने में छूट गए थे पसीने:** उप्र में सभी 80 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा को पिछली बार 10 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए पसीने बहाने पड़े थे। इसमें मछलीशहर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज को महज 181 वोटों से जीत मिली थी। जबकि मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर संजीव बालियान मात्र 6,526 वोटों से जीते। इसी तरह मेरठ लोकसभा सीट पर भी राजेंद्र अग्रवाल मात्र 4,729 वोटों से जीत पाए। सपा की गढ़ रही कन्नौज सीट पर भी पिछली बार भाजपा के सुब्रत पाठक ने डिंपल यादव को मात्र 12,353 वोटों से हराया था। चंदौली लोकसभा सीट पर महेंद्र नाथ पांडेय करीब 14 हजार वोट से जीते थे। सुल्तानपुर में मेनका गांधी भी महज 14,526 वोटों से जीत सकीं। बलिया में भी सिर्फ 15,519 वोटों से वीरेंद्र सिंह मस्त जीते। बदायूं में संघमित्रा मौर्य को 18,454 वोटों से जीत हासिल हुई। बागपत सीट पर सत्य पाल सिंह भी मात्र 23,502 वोटों से जीत पाए थे। दूसरे स्थान पर रालोद के जयंत चौधरी थे, जो अब भाजपा गठबंधन के तहत यह सीट ले सकते हैं। फिरोजाबाद सीट पर भाजपा के चंद्रसेन जौदान 28,781 वोटों से जीते थे। उनकी जीत का अहम फैक्टर था कि बागी होकर शिवपाल सिंह यादव ने ताल ठोकी थी।

## विनय शंकर तिवारी के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**बैंक लोन धोखाधड़ी मामला**

- दिल्ली, गोरखपुर समेत कई जगह हुई जांच, दस्तावेज भी खंगाले गए
- विनय तिवारी और उनके भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर से भी पूछताछ

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सपा नेता विनय शंकर तिवारी के अलग-अलग शहरों में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी विनय तिवारी की गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ रुपये के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर की गई है। ईडी ने लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम में आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी की। इस मामले में ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। गोरखपुर धर्मशाला स्थित विनय तिवारी के आवास तिवारी हाता पर सुबह ही ईडी के तकरीबन एक दर्जन अफसर पहुंचे और दस्तावेज खंगाले। इस दौरान आवास पर मौजूद पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके बड़े भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से भी ईडी के अफसरों द्वारा पूछताछ किए जाने की खबर है। लखनऊ में महानगर स्थित विनय शंकर तिवारी के आवास पर भी सुबह ही ईडी की टीम पहुंच गई।

## पेपर लीक की चर्चा से हताश युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- सुसाइड नोट में लिखा, क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने बीएससी तक के शैक्षिक प्रमाण पत्र जला कर शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी। परिजनों ने कहा कि बेटे ने हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी जिसका पेपर लीक होने की चर्चा से परेशान चल रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल (25) पुत्र लक्ष्मन पाल शुक्रवार सुबह जब कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज दी। जवाब न मिलने पर मां ने कमरे में झांका तो बेटा फंदे पर लटका था। पूर्व ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कमरे में उसके कुछ शैक्षिक कागजात जले हुए मिले। सुसाइड नोट में लिखा था कि 'हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई है। ऐसी डिग्री का क्या फायदा जो एक नौकरी तक न दिला सकी। सुसाइड नोट में बीएससी तक के कागजात जलाने की बात भी लिखी है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि युवक ने सुसाइड नोट लिख फांसी लगाई है। इसमें किसी को दोषी नहीं ठहराया है।

**धरोहर** वंशजों ने पर्यटन विभाग में डाली अर्जी, शेरकोट महल, सियाऊ महल, शाहनपुर किला और धामपुर की प्राचीन इमारत के लिए किए गए आवेदन

## बिजनौर में कई हवेलियां, प्राचीन इमारतें और किले बनेंगे हेरिटेज होटल

अनुपम सिंह, बरेली

- सरकार की पर्यटन नीति के तहत प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल में बदलने की है योजना



शेरकोट स्टेट में स्थित राजा रणजीत सिंह का महल।

**अमृत विचार :** राजाओं की हवेलियां, किले और आजादी से पहले बनीं प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल बनाने के लिए सरकार की पर्यटन नीति-2022 राजघरानों के वंशजों को रास आ रही है। बड़ी संख्या में राजाओं के वंशज इसके लिए आवेदन कर रहे हैं। मुरादाबाद मंडल के बिजनौर जिले में महल, किला और हवेली को हेरिटेज होटल बनाने के लिए चार आवेदन पर्यटन विभाग में किए गए हैं। बरेली मंडल में पीलीभीत से राजा लालता प्रसाद, हरिप्रसाद के वंशज राहुल प्रसाद अपनी पुस्तैनी हवेली को हेरिटेज होटल बनाने के लिए पहले ही आवेदन कर चुके हैं। सूचना पर्यटन अधिकारी मनीष सिंह के अनुसार इन संबंध में अनुमोदन को लेकर विचार चल रहा है।

बरेली मंडल के साथ ही मुरादाबाद मंडल के पर्यटन विभाग का क्षेत्रीय ऑफिस बरेली में है। बिजनौर की जिन चार प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन किए गए हैं। उनका पुरातात्विक महत्व भी है। धामपुर तहसील में शेरकोट महल को हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन करने वाले मानवेंद्र सिंह बताते हैं कि उनके परदादा रणजीत सिंह ने 1595 स्क्वायर मीटर में 1902 में महल का निर्माण कराया था। मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर स्थित इस महल को उन्होंने हेरिटेज होटल बनाने के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व से शेरकोट हाउस करीब 40 किमी दूर है। ऐसे में हेरिटेज होटल बनने के बाद महल पर्यटकों से गुलजार होगा। करोड़ों रुपये खर्च करके जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। बिजनौर के चांदपुर तहसील क्षेत्र में स्थित सियाऊ महल को हेरिटेज होटल में बदलने के लिए आवेदन करने वाले अनंत सिंह के मुताबिक, उनके पूर्वजों ने 1542 में महल का निर्माण कराया था। करीब 480 साल पुराने महल में 106 कमरे हैं, लेकिन होटल के लिए 30 कमरे बनवा रहे हैं। महल में पहले से ही विदेशी पर्यटक आते रहे हैं। डिजाइन में बदलाव किए बिना स्वीमिंग पुल से लेकर तमाम सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं, ताकि आने वाले पर्यटक इसका लुत्फ ले सकें। नजीबाबाद तहसील में शाहनपुर किला को भी हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन किया गया है। पूर्व सांसद राजा भारतेंदु सिंह के अनुसार माल्यन नदी के निकट करीब 1600 ईसवी में पूर्वजों ने किले का निर्माण कराया था। बताया कि वह चुनाव नहीं लड़ रहे इसलिए पूरा समय किले को हेरिटेज होटल बनाने में दे रहे हैं। धामपुर में स्थित प्राचीन इमारत को हेरिटेज होटल बनाने के लिए सादविन आसिफ ने आवेदन किया है।

### ...ताकि जिंदा रहे पूर्वजों की यादें

बिजनौर की धरती देवभूमि और तपोभूमि के लिए भी जानी जाती है। आवेदन करने वाले राजघरानों के वंशजों के मुताबिक पूर्वजों की यादों को बनाए रखने के लिए उन्होंने किला, हवेली को हेरिटेज होटल बनाने का निर्णय लिया है। पर्यटकों की चहलकदमी से हवेली, किले की ख्याति भी दूर तलक होगी। इससे पूर्वजों का नाम भी लोगों की जुबान पर रहेगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### फरहीन को कांट व प्रदीप को निगोही भेजा गया



**शाहजहांपुर।** प्रोन्नति के बाद जिला पूर्ति विभाग को तीन नए सप्लाई इंस्पेक्टर मिल गए हैं। डीएसओ आफिस में स्टेनो पद पर तैनात रहीं फरहीन जहां को कांट का सप्लाई इंस्पेक्टर बनाया गया है। पूर्ति लिपिक रहे राजकुमार को मिर्जापुर और प्रदीप को निगोही का सप्लाई इंस्पेक्टर बनाया गया। वहीं जलालाबाद में तैनात लिपिक हासिब का कलान स्थानांतरण कर दिया गया है। डीएसओ ओम हरि उपाध्याय ने बताया कि कुछ लिपिकों को प्रोन्नति के बाद पूर्ति निरीक्षक पदों पर तैनाती दी गई है। एक लिपिक का तबादला जलालाबाद से कलान किया गया है।

### कालाबाजारी के आरोप में कोटेदार पर रिपोर्ट

**पुवायां।** ग्राम पंचायत गंगसरा के कोटेदार रामपाल के खिलाफ पूर्ति निरीक्षक महेश कठेरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसडीएम संजय पांडे ने राशन की कालाबाजारी की जांच के लिए टीम गठित की थी। 20 फरवरी को नायब तहसीलदार व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी वेद प्रकाश, पूर्ति निरीक्षक पुवायां महेश कठेरिया ने मामले की जांच की।

# बदलते मौसम का असर...मेडिकल कॉलेज में सारे बेड फुल

## ओपीडी में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या, सर्दी-जुकाम के मरीज ज्यादा, बीमार होने पर कई दिन तक नहीं उतर रहा बुखार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बसंत ऋतु आने के साथ मौसम तेजी से बदल रहा है। बदलते मौसम का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। दिन में तेज धूप और सुबह-शाम ठंड हो रही है। ऐसे में सर्दी, जुकाम और बुखार लोगों को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। तमाम लोग एलर्जी व संक्रमण की चपेट में आने लगे हैं। हालत यह हो गई है कि पांच-पांच दिन तक बुखार नहीं उतर रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में बेड फुल हैं। ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

इन दिनों राजकीय मेडिकल कालेज से लेकर अन्य अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही हैं। मेडिकल कॉलेज में 30 से 35 प्रतिशत मरीज सिर्फ खांसी, जुकाम और बुखार के पहुंच रहे। बड़ी संख्या में मरीजों को पहुंचते देख स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने में जुटे हैं।

करीब दो माह पहले राजकीय मेडिकल कॉलेज में जमीन पर लेटकर उपचार कराने, बेड के लिए 10-10 घंटे तक इंतजार करने वाली तस्वीरें अभी लोगों के जेहन में हैं। एक सप्ताह से फिर मेडिकल में कॉलेज के ट्रामा सेंटर में बेड फुल होने लगे हैं। 330 बेड क्षमता वाले मेडिकल कालेज में इन दिनों भर्ती मरीजों की संख्या लगभग 400 तक पहुंच गई है। ओपीडी में भी भीड़ बढ़ने लगी हैं। खांसी, जुकाम, बुखार के साथ गले में दर्द की दिक्कतें बढ़ रही हैं। मेडिकल कॉलेज में एक सप्ताह पहले तक ओपीडी में 1200 मरीज पहुंच रहे थे। अब यह संख्या बढ़कर 1400 से भी अधिक हो गई है।

चिकित्सक मरीज बढ़ने की मुख्य वजह मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव को मान रहे हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार धूल से बचने की जरूरत है। पानी उबाल कर ही पीना चाहिए। दिन में तीन से चार बार पानी से गरारा करते रहें। व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।



मेडिकल कॉलेज में बच्चों के लिए दवा लेने पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार



बीमार बच्चे की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### चिकित्सक बोले- खानपान का रखें विशेष ध्यान

डॉक्टर के मुताबिक मौसम में बदलाव के दौरान बच्चों के खानपान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस मौसम में बच्चों को तली भुनी चीजों से जितना दूर रख सकते हैं, उतना दूर रखें। उन्हें ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल ही खाने में दें। खीरा, ककड़ी, तरबूज, संतरा जैसे फल उनकी डाइट में शामिल करें। खाने में भी हल्की और पोषण वाली चीजें ही दें। बच्चों को गर्म पानी पिलाते रहें। इसके बावजूद भी अगर बच्चों में सर्दी-बुखार के लक्षण नजर आएं तो तत्काल डॉक्टर को दिखाएं।

अगर घर में किसी भी सदस्य को खांसी, जुकाम हो तो अन्य सदस्यों को बेहद सावधान रहना चाहिए। एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखे ताकि खुद को स्वस्थ रखे। घर से बाहर निकलने पर मास्क भी लगाना चाहिए।

**-डा. सत्येंद्र कुमार**, वरिष्ठ चिकित्सक मेडिकल कॉलेज



### बदलते मौसम का बच्चों पर ज्यादा असर

मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। ठंड अभी पूरी तरह गई नहीं है। गर्मी अभी आई नहीं है। बदलते मौसम का असर छोटे बच्चे पर ज्यादा हो रहा है। ऐसे मौसम में बच्चे तुरंत बीमार हो जाते हैं। बच्चों की तबीयत बिगड़ते ही माता-पिता उन्हें डॉक्टर के पास ले जाते हैं। डॉक्टर का भी कहना है कि इस मौसम में बच्चों का विशेष ख्याल रखना चाहिए।

### विशेष ध्यान देने की जरूरत

बच्चों के डॉक्टर का कहना है कि मार्च का महीना बच्चों के लिए ज्यादा उतार-चढ़ाव वाला रहता है। चूंकि इस समय सर्दी और गर्मी दोनों मौसम रहते हैं। इसलिए बच्चों की सेहत ज्यादा प्रभावित होती है। इस मौसम में बच्चों में सर्दी, जुकाम, बुखार, सिरदर्द की समस्या आम होती है। आप चाहते हैं कि आपका बच्चा स्वस्थ रहे और वह इस तरह की बीमारी की चपेट में न जाए तो उसे हल्के गर्म कपड़े पहना कर ही रखें। बच्चों को पूरी बांह के कपड़े पहनाएं।

## वृद्धा पेंशन घोटाले में दो लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार पुलिस ने वृद्धा पेंशन घोटाले के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बता दे कि 28 जुलाई 23 को जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने थाना सदर बाजार में राजेश कुमार समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। समाज कल्याण विभाग में वृद्धावस्था पेशनरों के बैंक खाते में परिवर्तन करके रुपये गबन किया था। इस मामले पुलिस एक आरोपी रामऔतार को गिरफ्तार कर चालान कर चुकी है।

सदर बाजार पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी अनूप निवासी कांट व जयपाल निवासी सीतापुर है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। इधर सीडीओ एसबी सिंह ने बताया कि पेंशन मामले में पुलिस अपना काम कर रही है। किसी पात्र पेंशनर को कोई दिक्कत न आए। इसके लिए समाज कल्याण अधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए है।

# रेलवे फाटक पर मालगाड़ी से टकरा गई ट्रैक्टर-ट्राली, एक घंटे रेल संचालन बंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● हादसे के बाद रिलीफ ट्रेन पहुंची अधिकारियों ने जायजा लिया

**अमृत विचार:** कहेलिया-ऐंगवा रेलवे स्टेशन के बीच अप लाइन पर मालगाड़ी रेलवे फाटक पर एक ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गयी। इससे मालगाड़ी के इंजन का कैटल गार्ड, बम्फर टूट गया और ट्रैक्टर-ट्राली क्षतिग्रस्त हो गई। रोजा से एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन पहुंची। इस दौरान अप लाइन पर एक घंटे रेल संचालन बाधित रहा।

कहेलिया रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे फाटक संख्या 309 गेटमैन ने शुक्रवार की रात 8:30 बजे फाटक बंद कर रखा था। क्योंकि लखनऊ दिशा की तरफ से मालगाड़ी आ रही थी। रेलवे फाटक किमी संख्या 1219/8 के पास चालक रेलवे फाटक की साइड से ट्रैक्टर-ट्राली निकाल रहा था। इसी दौरान अप लाइन पर मालगाड़ी सायरन बजाते हुए आ गयी। चालक मालगाड़ी देखकर घबरा गया और अप लाइन पर ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर भाग गया। इंजन के लोको पायलट ने मालगाड़ी को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकने का प्रयास किया। मगर इंजन ट्राली से जाकर टकरा गया। लोको पायलट और गेटमैन ने स्टेशन मास्टर और कंट्रोल को सूचना दी। रेलवे अधिकारी व आरपीएफ मौके पर पहुंचे। इंजन का कैटल गार्ड व वफर टूट गया। जबकि ट्राली क्षतिग्रस्त हो गई। लोको पायलट व सहायक पायलट के चोट नहीं आई है। इस दौरान अप लाइन रोजा से रेलवे रिलीफ ट्रेन मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त ट्राली व ट्रैक्टर रेलवे लाइन के किनारे किया। अप लाइन पर एक घंटे रेल यातायात वाधित रहा। अप लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस दून एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस को पीछे स्टेशन पर रोक दिया गया था। आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय कुमार शर्मा ने बताया कि कहेलिया रेलवे स्टेशन के निकट मालगाड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई थी।



मालगाड़ी से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली।

# यूपी बोर्ड : मॉनीटरिंग कक्ष से रखी परीक्षा केंद्रों पर नजर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● डीडीआर ने देखे परीक्षा केंद्र और डीआईओएस ने स्ट्रांग रूम से केंद्रों की निगरानी की

● हाईस्कूल में संगीत गायन अरबी, फारसी व इंटर नागरिक शास्त्र एवं कृषि की हुई परीक्षा

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दूसरे दिन शुक्रवार को भी शांतिपूर्वक हुई। शुक्रवार को सुबह की पाली में इंटर नागरिक शास्त्र और हाईस्कूल अरबी, फारसी विषयों का पेपर हुआ। इसी तरह द्वितीय पाली में इंटर कृषि और हाईस्कूल संगीत गायन की परीक्षा थी। इधर, डीआईओएस ने जीआईसी कंट्रोल रूम और मॉनीटरिंग सेंटर का निरीक्षण कर केंद्रों में चल रही परीक्षा व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने कई केंद्रों के स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। दूसरे दिन डिप्टी डायरेक्टर (डीडीआर) गजेंद्र सिंह ने तिलहर और मीरानपुर कटरा क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

कंट्रोल रूम प्रभारी अनिल कुमार और जिला नोडल अधिकारी दीपक दीक्षित की देखरेख में जीआईसी में स्थापित कंट्रोल रूम में कंप्यूटर्स पर केंद्रों की गतिविधियों की मॉनीटरिंग की गई। इस दौरान जिन परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षक आपस में बातचीत करते दिखे, उन केंद्रों के व्यवस्थापकों को तत्काल फोन करके व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए जा रहे हैं। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने शुक्रवार को भी द्वितीय पाली के दौरान कंट्रोल रूम पहुंचकर कंप्यूटर्स पर केंद्रों की व्यवस्थाएं देखीं। डीआईओएस ने बताया कि उन्होंने परीक्षा के बाद कुछ केंद्रों के स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया।

कंट्रोल रूम प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि दूसरे दिन सुबह की पाली में इंटर नागरिक शास्त्र की परीक्षा में पंजीकृत 4628 परीक्षार्थियों में 4300 उपस्थित रहे और 328 अनुपस्थित हो गए। इसी तरह हाईस्कूल अरबी की परीक्षा में पंजीकृत 58 परीक्षार्थियों में 52 ने परीक्षा दी और छह अनुपस्थित रहे। फारसी की परीक्षा में पंजीकृत सभी 11 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। जबकि द्वितीय पाली में इंटर एग्रो-1 और एग्रो-2 की परीक्षा हुई, जिसमें पंजीकृत 897 परीक्षार्थियों में 870 परीक्षा में शामिल हुए और 27 अनुपस्थित रहे। जबकि हाईस्कूल संगीत गायन में पंजीकृत 155 परीक्षार्थियों में पांच अनुपस्थित रहे और 150 परीक्षा में शामिल हुए।



मॉनीटरिंग कक्ष में परीक्षा केंद्रों की निगरानी करते डीआईओएस हरिवंश कुमार।



शुक्रवार को परीक्षा केंद्र पर पेपर देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# एडीएम ने वेयर हाउस गोदाम खाली कराने का दिया आदेश

संवाददाता, रोजा

● एडीएम व एसडीएम ने निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन व एसडीएम सदर ने रोजा मंडी स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण कर जल्द से जल्द गोदाम खाली करने का आदेश दिया है।

शुक्रवार दोपहर एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय व एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ रोजा मंडी स्थित वेयर हाउस पहुंचे। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए एडीएम प्रशासन ने वेयर हाउस के गोदामों को तत्काल खाली कराने का एफसीआई के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था भी देखी। एक गोदाम की ऊपरी खिड़की टूटी होने व उस पर जाल न होने को लेकर एडीएम ने नाराजगी जताई और इसे तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिये। एडीएम ने वेयर हाउस के बाहर पड़ी गंदगी पर भी नाराजगी जताई। इसके बाद एडीएम ने मीडिया हाऊस व सुरक्षाकर्मियों के ठहरने के स्थान का भी जायजा लिया।



वेयर हाउस का निरीक्षण करने पहुंचे एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय।

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● सिटी मजिस्ट्रेट ने दिए नोटिस जारी करने के निर्देश

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने महानगर क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग पर फिर कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट ने 10 एकड़ में हो रही अवैध प्लाटिंग को बुल्डोजर से ध्वस्त कराया।

शुक्रवार को डीएम उमेश प्रताप सिंह के निर्देशन पर सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने दोपहर बाद महानगर क्षेत्र में नवादा इंदेपुर कान्हा गौशाला के पास लगभग चार सौ हेक्टेयर में हो रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलवाकर ध्वस्तीकरण कार्रवाई की।

सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर ही एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ को फोन कर अवैध प्लाटर्स को नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार निशि सिंह, लेखपाल आदि मौजूद रहे। बता दें कि सिटी मजिस्ट्रेट रहे डा. वेद प्रकाश मिश्र का तबादला हो जाने के बाद अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई थम सी गई थी। इसके बाद महानगर में प्रापर्टी डीलर मनमानी करते हुए अवैध प्लाटिंग कर रहे थे। अब नए आए सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार ने भी अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया है।



अवैध प्लाटिंग पर कार्वाई करने पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार व पुलिस अधिकारी।

## निर्माण सामग्री चोरी करते पकड़ा

**तिलहर।** निर्माणाधीन शोरूम से सीमेंट सरिया चोरी करते दुकान स्वामी ने दो लोगों को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया।

शाहजहांपुर के थाना आरसी मिशन अंतर्गत मोहल्ला ख्वाजा सराय फिरोज निवासी जीशान हुसैन ने बताया वह तिलहर के बाईपास चौराहे पर टाइल्स शोरूम बनवा रहा है। गुरुवार रात जब वह वहां पर सो रहा था, इसी दौरान दो लोग निर्माणाधीन शोरूम से लोहे के एंगल, सरिया, बिजली लाल रंग का तार व अन्य सामान चुराकर भागने लगे। भाग रहे चोर को दौड़ाकर पकड़ लिया और सूचना मिलते ही बाईपास चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। शोरूम स्वामी ने दोनों चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया।

# डीएम की बैठक से गायब रहे दो ईओ, वेतन रोकने के निर्देश



पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम उमेश प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● कहा- बिना कूड़ा हटाये स्वच्छ भारत की कल्पना नहीं की जा सकती

● बगैर बिजली कनेक्शन वाले एमआरएफ सेंटर पर सोलर प्लांट लगाए जाएंगे

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला पर्यावरण व गंगा समिति की बैठक हुई। इसमें गायब रहने पर दो ईओ का डीएम ने वेतन रोक दिया। बैठक में डीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक वेस्ट, ई-वेस्ट और जैव चिकित्सा वेस्ट के निस्तारण की समीक्षा करें।

कांट व जलालाबाद के अधिशासी अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम ने एमआरएफ सेंटर के संचालन व वेस्ट निस्तारण के संबंध में सभी अधिशासी अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा जिन एमआरएफ सेंटरों पर कनेक्शन नहीं हैं, वहां सोलर प्लांट लगाए जाएं। सभी एमआरएफ सेंटरों पर निरीक्षण करने को संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि कूड़ा क्रय संस्थाओं से संपर्क करके अगली बैठक में सफल मॉडल प्रस्तुत करें। कलान क्षेत्र में एमआरएफ सेंटर बनाए जाने को भूमि चिह्नित करने के निर्देश डीएम ने दिए। उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट, ई-वेस्ट और जैव चिकित्सा वेस्ट के निस्तारण को लेकर समीक्षा की। खराब प्रगति वाले अधिकारियों से सुधार करने को कहा। डीएम ने कहा कि पॉलीथिन को जब्त करने के बाद नियमानुसार जुर्माना लगाया जाए। एसटीपी के संबंध में नगर आयुक्त को समीक्षा करने को पत्र भेजने के निर्देश दिए। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी की ओर से किए गए कार्यों पर डीएम ने असंतुष्टि व्यक्त की और कार्य में सुधार करने को कहा। डीएम ने गोमती नदी में अवरोधों को हटाए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने ईंट भट्ठों पर प्रदूषण आदि की जांच करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को निर्देश दिए। डीएम ने जलालाबाद रोड पर हाईवे किनारे डंप किए गए कूड़े को नियमानुसार निस्तारण करने को कहा।

बैठक में डीएम ने कहा कि बिना कूड़ा हटाए स्वच्छ भारत की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने सभी अधिकारियों को एक सप्ताह में कार्ययोजना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि सभी ईओ एक सप्ताह में कार्यों में सुधार लाएं। वरना संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान सीडीओ एसबी सिंह, डीएफओ प्रखर गुप्ता आदि रहे।

# कोलाघाट की कटरी में घंटों लगा जाम, रास्ते में फंसे रहे श्रद्धालु

संवाददाता, कलान

● पुलिस ने पहले से नहीं किए जाम से निपटने के इंतजाम

● रातभर ट्रैक्टर-ट्रॉली से ढाई घाट पहुंचते रहे श्रद्धालु

**अमृत विचार :** घर से तो गंगा स्नान के लिए निकले थे, लेकिन जाम की समस्या श्रद्धालुओं के आड़े आ गई। जिस कारण श्रद्धालुओं को जाम में फंसने के कारण हाल बेहाल हो गया। कटरी में घंटों जाम लगा रहा, लेकिन स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचना भी उचित नहीं समझा।

ढाई घाट गंगा तट पर लगने वाले मेले का मुख्य पर्व शनिवार को है। इससे शाहजहांपुर के अलावा अन्य जनपदों के श्रद्धालु शुक्रवार से ढाई घाट पहुंचने लगे। ट्रैक्टर-ट्रॉली, कार व दूसरे वाहनों से श्रद्धालु ढाई घाट मेला पहुंच रहे थे। इससे शुक्रवार शाम कोलाघाट की कटरी में जाम लग गया, जिसकी वजह से श्रद्धालु घंटों रास्ते में फंसे रहे। कोलाघाट की कटरी में सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। सूचना देने के बावजूद पुलिस काफी देर तक मौके पर नहीं पहुंची, जिससे जाम की समस्या विकराल होती गई। ढाई घाट गंगा तट आने जाने का एक ही रास्ता कोलाघाट की कटरी है। यहां लोग पैंटून पुल से आते जाते हैं, जिससे कटरी में जाम लगता है। इस समस्या से निपटने के लिए मिर्जापुर पुलिस ने कोई बंदोबस्त नहीं किया। इस कारण वाहनों की संख्या बढ़ने पर शुक्रवार शाम कोलाघाट की कटरी में जाम लग गया। जाम की वजह से लोगों को निकलना मुश्किल हो गया।



कोलाघाट की कटरी में लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार



मेला स्थल का नजारा। ● अमृत विचार

### माघ पूर्णिमा पर स्नान करना फलदायी

माघ पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गंगा तट पर मौजूद पंडित देवीदीन ने बताया कि पुराणों में वर्णन है कि माघ पूर्णिमा के दिन देवता भी रूप बदलकर गंगा स्नान के लिए पृथ्वी पर आते है। इस दिन गंगा स्नान से जीवन में सभी कष्ट दूर होते हैं। मनुष्यों के दु:ख दर्द और बीमारियों से भी मुक्ति मिलती है। इस दिन गंगा स्नान -दान और धर्म-कर्म के कार्यों का बड़ा महत्व है, जो बेहद शुभ फलदायी होता है।

## माघ मेला रामनगरिया का मुख्य स्नान आज, मेले में देर रात तक पहुंचते रहे श्रद्धालु

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** गंगा की रेती में पिछले एक माह से बसी रामनगरिया समापन की ओर है। शनिवार को माघ पूर्णिमा के पर्व पर लाखों श्रद्धालु हर-हर गंगे के जयघोष के साथ डुबकी लगाएंगे। मेला स्थल पर अभी से ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। रात भर ट्रैक्टर-ट्रॉली से श्रद्धालुओं का गंगा तट पर पहुंचने का सिलसिला जारी। माघ मेला रामनगरिया के मुख्य पर्व पूर्णिमा पर शनिवार को लाखों श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगाएंगे। शनिवार को ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान के बाद मेला स्थल पर कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं के कल्पवास पूर्ण हो जाएंगे। कल्पवासी शनिवार से ही गंगा किनारे माथा टेककर घरों को प्रस्थान करने लगेंगे। मेला स्थल पर सीतापुर, पीलीभीत, मोहम्मदी, खीरी, हरदोई, बदायूं समेत कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेला स्थल पर डेरा जमाने लगे हैं।


वहीं, मेला स्थल पर लगे संतों के अखाड़ों में भागवत कथा समापन के बाद भंडारे के आयोजन हो रहे हैं। शाम को हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा आरती में भाग ले रहे हैं। मेला स्थल पर लगीं दुकानों पर जमकर खरीदारी करने से दूरदराज से आए दुकानदार भी खुश हैं।



ढाई घाट पर मेले में सजीं दुकानों पर सामान खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# तेंदुआ ने फिर एक युवक पर किया हमला...बछड़े को बनाया निवाला

## डीएफओ ने निगरानी को गठित की टीम, नहीं पहुंचे जलालाबाद डिप्टी रेंजर और सिंधौली वन दरोगा, एक वन दरोगा के सहारे की जा रही कांबिंग

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** खुटार के गांव सीतापुर में बृहस्पतिवार रात फसल की रखवाली करने खेत पर गए युवक अंकुल वर्मा पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। शोर मचाते हुए अंकुल वर्मा ने बाइक घर की तरफ दौड़ा दी। शोर सुनकर गांव से लोग लाठी-डंडे लेकर खेतों में जा पहुंचे और टार्च लगाई। टार्च की रोशनी तेंदुआ पर पड़ी तो गन्ने खेत में चला गया। शुक्रवार तड़के तेंदुआ ने एक बछड़े पर हमला कर उसे मार डाला और गन्ने में घसीटकर ले गया। डीएफओ प्रखर गुप्ता ने निगरानी को टीम गठित की है।

गुरुवार 22 फरवरी को दोपहर डेढ़ बजे गन्ने खेत में छिपे बैठे तेंदुए ने हमलाकर गांव नरौठा देवीदास निवासी सकटे के 18 वर्षीय पुत्र दीपक को घायल कर दिया था। गुरुवार की रात करीब आठ बजे गांव सीतापुर निवासी नरेंद्र कुमार वर्मा का पुत्र अंकुल वर्मा खेत में खड़ी गेहूं की फसल की रखवाली करने गया था। वह बाइक पर अकेला गया था। खेत में छुट्टा पशु घुसे होने के शक में अंकुल ने टार्च की रोशनी लगाई। जहां उसे तेंदुआ दिखाई दिया तो होश उड़ गए। तभी तेंदुआ ने अंकुल वर्मा पर हमला कर दिया। तेंदुआ को देखते ही उसने बाइक गांव की ओर दौड़ा दी, जिससे वह बच गया।


गन्ने के खेत में कांबिंग करते वनकर्मी। ● अमृत विचार


तेंदुआ के पगचिह्न देखते सिंधौली के वन दरोगा डोरीलाल। ● अमृत विचार


खेत में पाए गए पगचिह्न।

खेत में तेंदुआ होने का पता चलने पर वन कर्मी और गांव के लोग पहुंच गए और पटाखे दागे। इससे तेंदुआ गन्ने खेत में चला गया। शुक्रवार सुबह खेतों में काम करने गए किसानों ने गांव सीतापुर निवासी मनोज और कढ़ैया निवासी लल्लू सिंह के खेत में काफी दूर तक खून पड़ा देखा। किसानों का कहना है कि तेंदुआ आसपास गन्ने के खेतों में छिपा है। तेंदुआ ने बछड़े का शिकार करके गन्ने में खींच ले गया है। अलग-अलग समय में दो युवकों पर तेंदुआ के हमले से लोगों में दहशत है।

इधर, डीएफओ प्रखर गुप्ता ने शाहजहांपुर, खुटार, जलालाबाद, सिंधौली के वनकर्मियों की टीम गठित कर दी है। शुक्रवार को तेंदुआ ने बछड़े का शिकार करने के बावजूद जलालाबाद डिप्टी रेंजर विकास प्रताप सिंह, सिंधौली वन दरोगा शिशुपाल सागर नहीं पहुंचे। वन दरोगा डोरीलाल यादव और खुटार के अशोक वाजपेयी ने जांच की। खेत में पगमार्क मिले, जो बछड़े के है। तेंदुआ उसे खींचकर गन्ने के बीच ले गया है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग की टीम निगरानी के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही हैं।

### तेंदुआ के डर से काम करने नहीं गए श्रमिक

तेंदुआ गन्ने में छिपा होने के डर से शुक्रवार को किसान और श्रमिक खेतों की तरफ काम करने नहीं पहुंच सके। किसानों की माने तो, इस समय खेत में गन्ना छिलाई का काम हो रहा है। तेंदुआ की वजह से दहशत है। जिस कारण लोग खेतों में काम करने से डर रहे हैं। वन विभाग तेंदुओं को पकड़ने के कोई इंतजाम नहीं कर रहा है। उधर, किसान छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने नहीं पहुंच पा रहे हैं। उनका कहना है कि तेंदुआ से खुद की जान बचाएं या फिर छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करें।

### वन कर्मियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

दो तेंदुआ देखे जाने के बाद आसपास गांव में दहशत का माहौल है। जिससे लोग सहमे हुए हैं। शुक्रवार को सिंधौली के वन दरोगा डोरी लाल यादव, खुटार के अशोक बाजपेई ने गांव सीतापुर, सहारू, लुकटाह, कढ़ैया में खेतों में पहुंच कर कांबिंग की। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया है। उन्होंने कहा कि खेत की ओर जाने के दौरान एक समूह बनाकर जाए और शोर मचाते रहे। लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

### तीन तेंदुआ होने की जताई आशंका, बृहस्पतिवार रात को भी एक देखा गया

गांव सीतापुर में राजकुमार के खेत में छिपे बैठे दो तेंदुआ को वन विभाग और ग्रामीणों ने खदेड़ा था लेकिन एक तेंदुआ लतीफ खां के गन्ने के खेत में छुप गया था। बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे गांव के लोगों ने खेत में घूमते हुए तीसरे तेंदुआ को देखा है। यह छोटे कद का है। शोर मचाने और पटाखा छुड़ाने पर भाग गया था। लोगों का कहना है कि एक साथ तीन तेंदुआ घूम रहे हैं। जो किसी भी समय हमला कर जान ले सकते हैं। लेकिन वन विभाग ने पकड़ने का कोई बंदोबस्त नहीं किया है।

### डीएफओ बोले- पिंजरा रखवाया जाएगा

गांव सीतापुर में तीन तेंदुआ होने के चलते दहशत का माहौल है। जिसे किसान खेत नहीं जा रहे है। तो वही, वनकर्मी निगरानी के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं। डीएफओ प्रखर गुप्ता ने बताया कि तेंदुआ को पकड़ने के लिए खेत में पिंजरा रखवाया जाएगा। इसके साथ ही टीमों को गठित कर दिया गया है। जो लोगों को जागरूक करने के साथ ही निगरानी कर रही हैं।

कई दिनों से खेतों में तेंदुआ देखा जा रहा था। बृहस्पतिवार को तेंदुआ ने एक युवक पर हमला कर दिया। इसके चलते खेत में गन्ना छिलाई करने श्रमिक नहीं पहुंच रहे है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। **–लल्लू सिंह**, किसान

वन कर्मियों की लापरवाही से तेंदुआ ने किसी जानवर पर हमला कर उसे निवाला बना लिया। अगर समय रहते अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो तेंदुआ किसी की जान भी ले सकता है। दहशत का माहौल है, जिम्मेदार बेपरवाह नजर आ रहे है। **–छोटेलाल**, किसान

ग्रामीणों द्वारा सुबह सूचना दी गई थी मौके पर पहुंचा था। वन कर्मियों के साथ कांबिंग भी की गई है। साथ ही ग्रामीणों को सचेत रहने के लिए कहा गया है। **–मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर खुटार

दोबारा हमला करने की जानकारी नहीं है। तेंदुआ को खदेड़ने के लिए खुटार रेंज के साथ शाहजहांपुर से एक टीम गठित की गई है, जो मौके पर पहुंचकर कांबिंग कर ग्रामीणों को सचेत कर रही है। तेंदुआ को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया जाएगा। **–प्रखर गुप्ता**, डीएफओ शाहजहांपुर

गठित की गई टीम में ड्यूटी लगी है। मगर किसी काम से बाहर होने की वजह से मौके पर नहीं पहुंच सका। सुबह वन कर्मियों के साथ कांबिंग की जाएगी। **– विकास प्रताप**, डिप्टी रेंजर जलालाबाद

## एक नजर

### मादक पदार्थ की तस्करी में एक गिरफ्तार

**खुदागंज।** थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गुरुवार रात करीब एक बजे चिरचिरा पुलिया के पास थाना पुलिस ने जलालाबाद क्षेत्र के गांव डुहीजदीद निवासी विनोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से प्लास्टिक के दो बोरों में 10.250 किलोग्राम डोडा बरामद हुआ है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस आदि की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### दुकानदार को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव दखिनौआ निवासी नवीन गुप्ता ने बताया कि 17 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी गांव के पवन गुप्ता उसकी दुकान पर आए और उधार में सौदा मांगने लगे। उधार देने से मना किया तो आरोपियों ने दुकान में घुसकर नवीन को सरिया से पीटकर घायल कर दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि थाने पर शिकायत की तो जान से मार देंगे। इसके बाद आरोपी भाग गए। पुलिस ने पवन गुप्ता व गगन गुप्ता के खिलाफ विभिन्न धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### छुट्टा पशु के चक्कर में ट्रक पलटा, चालक घायल

**खुटार।** खुटार-गोला रोड पर कोचर फार्म



के पास छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर रोड किनारे खाई में पलट गया। इसमें चालक को मामूली चोटें आई है। ट्रक चालक जनपद लखीमपुर के कस्बा गोला निवासी कल्लू ने बताया कि वह गुरुवार की शाम प्रांत उत्तरांचल के लालकुआं से गिट्टी लेकर लखीमपुर जा रहा था। शुक्रवार सुबह को वह ट्रक लेकर खुटार गोला रोड पर कोचर फार्म के पास पहुंचा। उसी समय सामने से अचानक रोड पर आवारा पशु आ गया। बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। जिससे ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को चोटें आई है। हादसे के बाद भीड़ जमा हो गई।

# दिल्ली व हरदोई से खाली हाथ लौटीं पुलिस की टीमें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **निहाल हत्याकांड : 21 फरवरी की रात जलालाबाद नगर पालिका चेयरमैन के साले की कर दी गई थी हत्या**

**अमृत विचार :** जलालाबाद नगर पालिका चेयरमैन के साले निहाल हत्याकांड में पुलिस टीमें आरोपी की तलाश में दिल्ली व हरदोई गई थी। पुलिस टीमें खाली हाथ लौट आई। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल सर्विलांस टीम पर लगा रखा है। पुलिस टीमें आरोपी की तलाश में जुटी है।

21 फरवरी की रात जलालाबाद नगर पालिका चेयरमैन शकील खां के साले निहाल की लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना को अंजाम चेयरमैन के भाई कामिल खां ने दिया था। मृतक की पत्नी मुम्बई के मुदनपुरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बदलपुरा निगारी निवासी रुखसार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार वह अपने भांजे अब्दुल रजाक की शादी में जलालाबाद अपने परिवार के साथ मुम्बई से आयी थी। 21 फरवरी की रात साढ़े आठ बजे वह परिवार के साथ गांव सुल्तानपुर में शादी की चौथी शामिल होने के लिए गयी थी। रात में 11 बजे कामिल खां निवासी युसुफजई जलालाबाद ने उसके पति निहाल खां की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी राइफल लेकर भाग गया था। आरोपी से कई साल पुरानी रंजिश है। पुलिस ने चेयरमैन शकील खां के भाई कामिल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी मौके पर कार छोड़कर भाग गया था। एसपी ने आरोपी की गिरफ्तार के लिए तीन टीमों का गठन किया है। पुलिस की दो टीमें आरोपी की तलाश में दिल्ली व हरदोई गई थी, जो वापस लौट आई है। आरोपी का मोबाइल नंबर स्विच ऑफ है। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 12 घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर मीरानपुर कटरा इलाके में हुआ हादसा, हाईवे पर लगा जाम**

● **ओवरब्रिज से उतरते समय अचानक अनियंत्रित हुई बस, चालक मौके से हुआ फरार**

● **सभी श्रद्धालु बदायूं के रहने वाले, हादसे के बाद मौके पर पहुंचे विधायक महेश चंद्र गुप्ता**

**अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर मीरानपुर कटरा इलाके में हुलासनगरा गांव के सामने ओवरब्रिज से उतरते समय एक बस अनियंत्रित होने के बाद रोड से नीचे खाई में पलट गई। इसमें एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए। यह बस बदायूं से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या जा रही थी। हादसे के बाद मची अफरा-तफरी के बीच बस के शीशे तोड़कर श्रद्धालुओं को बाहर निकला जा सका। इसके बाद श्रद्धालुओं को दूसरी बस में बैठाकर अयोध्या के लिए रवाना किया गया। इन श्रद्धालुओं को बदायूं के सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता लेकर जा रहे थे। हादसे के बाद दौरान लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर जाम लगा रहा, जिससे लोगों को खासी दिक्कत हुई।

यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। बदायूं की सदर विधान सभा क्षेत्र के भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता श्रद्धालुओं को रामलला दर्शन के लिए अयोध्या ले जा रहे थे। एक बस में 42 श्रद्धालु बैठे थे। लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर मीरानपुर कटरा क्षेत्र में हुलासनगरा गांव के सामने ओवरब्रिज से उतरते समय बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जाने के बाद खाई में पलट गई। इससे बस के अंदर चीख पुकार मचने लगी। हादसे के बाद मौके पर राहगीर और आसपास के लोग दौड़कर पहुंच गए। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी अपनी टीम के साथ मौके पर जा पहुंचे गई। इसके बाद लोगों ने बस के शीशे तोड़कर श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। एक दर्जन श्रद्धालुओं को चोटें आई थीं। इनमें पांच घायलों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। हादसे के बाद श्रद्धालु घंटों दहशत में रहे। उधर, हादसे के बाद बस चालक सुनील निवासी सुनौला कोतवाली बदायूं मौका पाकर फरार हो गया। बस पलटने से हाईवे पर रास्ता अवरुद्ध हो गया। पुलिस ने क्रेन मंगाकर बस को उठाकर सड़क के किनारे किया। करीब आधा घंटे रास्ता अवरुद्ध हो गया था।

इस हादसे की खबर मिलने पर भाजपा विधायक महेश चंद्र कार से मौके पर जा पहुंचे। विधायक ने श्रद्धालुओं को दूसरी बस में बैठाकर अयोध्या के लिए रवाना कर दिया। उन्होंने बताया कि करीब 51 सौ श्रद्धालु अयोध्या रामलला दर्शन करने के लिए 101 बसों से जा रहे है। एक दर्जन लोगों को मामूली चोटें आईं थी। इलाज के बाद वो भी अयोध्या जा रहे है।


खाई में पलटी श्रद्धालुओं की बस और मौके पर जमा भीड़। ● अमृत विचार

श्रद्धालुओं के मामूली चोट लगी थीं और इलाज कराने के बाद सभी श्रद्धालुओं को दूसरी बसों से अयोध्या के लिए भेज दिया गया। सभी श्रद्धालु सुरक्षित है। **– प्रयांक जैन**, सीओ तिलहर


मौके पर पहुंचे बदायूं के सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व अन्य।

**दिक्कत** अंटा चौराहे पर एक महीने में चौथी बार खोदा गया गड्ढा, सीवर लाइन टूटने के चलते पेयजल का संकट

# खोदाई से गड्ढेदार हो गईं शहर की सड़कें...संभलकर निकलें


कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में लगातार हो रही अनियोजित खोदाई से शहर की सड़कें गड्ढों में बदल गई हैं। इसलिए घर से निकलते समय संभलकर चलें। वरना किसी गड्ढे में गिरकर हादसे का शिकार हो सकते हैं। सीवर लाइन डालने के लिए शहर में खोदाई चल रही है। खोदाई से कुछ सड़कों पर मिट्टी के ऊंचे-ऊंचे ढेर लगे है। कई जगह पानी भरा हुआ है। बार-बार सीवर लाइन टूट रही है। शहर के अंटा चौराहे पर एक महीने में चौथी बार खोदाई की गई है।

जल निगम ने कार्यदायी संस्था टेक्नोक्राफ्ट को मार्च तक सीवर लाइन का काम पूरा करने की समय सीमा तय की है। इससे शुक्रवार को भी पूरे दिन काम चला। इससे आवागमन प्रभावित रहा। एसपी कॉलेज रोड पर तमाम गड्ढे हैं, जिससे वाहन फंस रहे हैं। खासकर बाइक, स्कूटी और साइकिल सवारों को परेशानी हो रही है। शहीद पार्क, अंटा चौराहा समेत कई स्थानों पर सड़क पर मिट्टी के ढेर लगे हैं, जिससे सड़कें संकरी हो गई हैं। ऐसे में आए दिन जाम लग रहा है। सड़कों की मरम्मत का कार्य ठीक से नहीं कराया जा रहा है। बीते दिनों नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि कार्य में तेजी लाई जाए और तय समय पर सीवर लाइन बिछा दी जाए। सड़कों को इस तरह से पाटा जाए कि लोगों को परेशानी न हो और हादसा होने की भी आशंका न रहे।

● **शहर के अंटा चौराहे पर एक महीने में चौथी बार की गई खोदाई, लोग परेशान**


शहीद पार्क के पास सड़क पर लगा मिट्टी का ढेर। ● अमृत विचार


एसपी कॉलेज रोड पर खुदी हुई सड़क।


अंटा चौराहे पर लगा मिट्टी का ढेर।

शहर की सड़कों को ठीक करने के लिए ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि लोगों को कम से कम परेशानी हो और तय समय पर निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए। **– विनय शाक्य**, सहायक अभियंता जल निगम।

### व्यापारी कर चुके हैं प्रदर्शन

महानगर में लगभग दो साल से खोदाई का काम चल रहा है। जबकि यह कार्य एक साल में पूरा किया जाना था। तय समय सीमा से लगभग एक साल काम लेट हो चुका है। लगातार अधिकारी समय से काम पूरा करने की बात कहते रहे, लेकिन काम समय से पूरा नहीं हो सका। बीते साल बारिश के दिनों में शहर से कांवड़ यात्रा लेकर कांवड़िए निकलने वाले थे और सड़कों की दुर्दशा थी। कांवड़ियों को परेशानी से बचाने के लिए लगभग दो महीने तक खुदाई बंद कर दी गई थी। इसके अलावा हमेशा खुदाई चलती रही है, लेकिन इसके बाद भी समय से काम पूरा नहीं हो पाया।

### एक माह में तीन बार टूटी पेयजल लाइन

महानगर में खुदाई के चलते सीवर लाइन भी टूट रही है। सीवर लाइन के लिए सड़क को जेसीबी से खोदा जाता है और सड़क में सीवर लाइन पड़ी हुई है।

# थाने में नहीं की गई सुनवाई तो पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** थाने में न सुनवाई न होने पर पीड़ित परिवार एसपी कार्यालय पहुंचा और एसपी से मिला। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए है। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव गैरतपुर निवासी रामबेटी पत्नी लालाराम ने बताया कि उसकी गांव में अवधेश सिंह से रंजिश चल रही है। आरोप है कि 16 फरवरी को दिन में 11 बजे आरोपी अवधेश सिंह एक दर्जन लोगों के साथ उसके मकान में घुस आए और गाली देने लगे। विरोध करने आरोपियों ने रामबेटी, रामसरन, रामशंकर, ऊषा देवी, भानो देवी व ओम प्रकश को धारदार हथियार से घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल थाने पर पहुंचे। पीड़िता का आरोप है कि थाने के कई चक्कर लगाए और पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। शनिवार को घायल ने एसपी को शिकायती प्रार्थनापत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई।

# साफ करने के बहाने सोने की चेन ले गए ठग

संवाददाता, खुटार

● **सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर तलाश में जुटी पुलिस**

● **खुटार के मोहल्ला रायटोला में शुक्रवार दोपहर हुई घटना**

**अमृत विचार:** जेवर और पीतल के बर्तन साफ करने के बहाने जालसाज एक महिला की सोने की चेन ले कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे।

नगर के मोहल्ला रायटोला निवासी अजय शर्मा शुक्रवार दोपहर एक मैरिज लॉन गए थे। इस बीच पल्सर बाइक से एक व्यक्ति आया और दरवाजे पर सोने-चांदी के जेवर साफ कराने की आवाज लगाई। अजय शर्मा की पत्नी घर से बाहर निकल आईं। उक्त ने झांसे में लेकर बर्तन व कुछ जेवर साफ कर लौटा दिए। साथ ही सोने की चेन साफ करने के लिए दी। देखते ही उसने चेन को साफ करने के बाद उसे एक पुड़िया में बंद करके दे दिया। कुछ देर में बाइक सवार चला गया। अजय शर्मा की पत्नी ने पुड़िया खोल देखी, तो उसमें सोने की चेन की जगह सफेद पाउडर भरा निकला। जिस पर ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने मामले की जानकारी अपने पति अजय शर्मा को दी। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अजय की पत्नी से पूछताछ की। पुलिस ने नटवरलाल की तलाश की। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। कार्यवाहक थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना डायल 112 पर दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची थी।

सीसीटीवी कैमरे चैक कराए गए हैं। जिसके आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। अभी इस मामले में किसी के द्वारा कोई तहरीर नही दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जनप्रतिनिधियों ने वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज का किया भ्रमण, मरीजों से मिले

## संगोष्ठी के दौरान जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित, मुख्य अतिथि कटरा विधायक रहे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में शुक्रवार को शाहजहांपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के सम्मान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह व विशिष्ट अतिथि कटरा ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता (लल्ला भैया) ने दर्जनों ग्राम प्रधानों के साथ वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल का भ्रमण किया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। विधायक, ब्लॉक प्रमुख और प्रधानों ने अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग, आईसीयू, ओपीडी, डायलिसिस एवं वार्डों का भ्रमण किया। मरीजों से हॉस्पिटल की ओर से दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। संगोष्ठी आरंभ करते हुए वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केजी पॉल ने रोहिलखंड अस्पताल की ओर से दी जा रही सुविधाओं के बारे में सभी जनप्रतिनिधियों को विस्तार से बताया।


मरीज का हाल पूछते विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस और साथ में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। क्षेत्र के लोगों को सस्ती व बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं देना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र सिर्फ 200 रुपये में उपलब्ध है। यह सुविधा एक वर्ष के लिए मान्य है। इसमें मरीज और उनके परिवारजनों को साल भर के लिए पंजीकरण का कोई शुल्क नहीं देना होता है। दवाइयों व जांचों पर 20 प्रतिशत की छूट भी मिलती है। ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र गुप्ता ने रोहिलखंड अस्पताल की ओर से दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की अत्यधिक सराहना की। विधायक प्रिंस ने प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के अधिक से अधिक मरीजों को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल बंथरा में भेजकर उनका समुचित उपचार कराएं और सस्ती सेवाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जनसेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। सभी को जन सेवा में बढ़चढ़ कर अपना सहयोग करना चाहिए। अंत में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने शॉल ओढ़ाकर व पौधा देकर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केजी पॉल, उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित सिंह और पीआरओ रईस उद्दीन व मोहित थापा आदि उपस्थित रहे।

# सुरक्षित रहने को ट्रैफिक नियमों का पालन जरूरी


यातायात जागरूकता सामग्री का विमोचन करतीं महापौर अर्चना वर्मा।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महापौर ने यातायात जागरुकता कार्यक्रम की प्रचार सामग्री का किया विमोचन

**अमृत विचार:** अमर शहीद परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम जान है तो जहान है की प्रचार सामग्री का विमोचन महापौर ने किया। इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना बहुत आवश्यक है।

मेयर ने अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं चिंताजनक हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार इस विषय में बहुत गंभीर है। ट्रैफिक नियमों का पालन कर हम स्वयं के साथ दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं। संस्था अध्यक्ष मुनीश सिंह परिहार ने कार्यक्रम के बारे में उपयोगी जानकारी दी।

इस अवसर पर पार्षद रामबरन सिंह चंदेल, विपिन यादव, उदय प्रताप सिंह, मुकेश सिंह परिहार, आदित्य प्रताप सिंह, देवीदीन वर्मा, सूरज सैनी, अतुल चतुर्वेदी, राममूर्ति कश्यप आदि मौजूद रहे।

# मुमुक्षु महोत्सव: कल नगर में निकलेगी संतों की शोभायात्रा


एसएस लॉ कालेज में मुमुक्षु महोत्सव की जानकारी देते आयोजन समिति के सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शनिवार से शुरू हो रहे नौ दिवसीय मुमुक्षु महोत्सव में इस बार विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें कारसेवकों का सम्मान भी शामिल है। महोत्सव के संबंध में आयोजन समिति के सदस्यों ने मीडिया का जानकारी दी। एसएस कालेज के प्राचार्य प्रो. आरके आजाद और उप प्राचार्य प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल ने बताया कि मुमुक्षु महोत्सव शनिवार 24 फरवरी को सुबह श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ से होगा। 25 फरवरी को सुबह कलश यात्रा निकालेगी। शाम को बाबा विश्वनाथ मंदिर से 108 संत-महात्माओं की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा की अगुवाई शंकराचार्य अनंत श्री स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती, ज्योर्तिपीठाधीश्वर, बद्रिका आश्रम करेंगे। इसी दिन से दो मार्च तक नित्य अपरान्ह एक बजे से वृंदावन के प्रख्यात कथा व्यास संत विजय कौशल महाराज श्री रामकथा की अमृत वर्षा करेंगे। इस अवसर पर लॉ कालेज के प्राचार्य डॉ. जेएस ओझा, प्रोफेसर आदित्य कुमार रहे।

# 90 छात्रों ने पढ़े शोधपत्र, श्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कृत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग तथा रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना विषयक कार्यशाला का दूसरे दिन समापन हो गया। तीन तकनीकी सत्रों 90 छात्रों द्वारा शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। श्रेष्ठ शोध पत्र प्रस्तुत करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम तकनीकि सत्र में डॉ. सुरेश मिश्रा, डॉ. गौरव माहेश्वरी और डॉ. विश्वजीत, द्वितीय तकनीकि सत्र में डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. आरती जोशी और डॉ. निदा रहमान तथा तृतीय तकनीकि सत्र में डॉ. सुनील विश्वकर्मा, डॉ. सुषमा देवी और डॉ. दरक्शा खान ने छात्रों की प्रस्तुति का मूल्यांकन किया। बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष की छात्रा दृष्टि यादव को प्रथम पुरस्कार मिला।

# सिंधौली ब्लॉक में लगा रोजगार मेला 73 युवाओं को मिली नौकरी

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचार :** सिंधौली विकासखंड परिसर में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 73 युवाओं का चयन किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुनेश्वर सिंह ने फीता काटकर मेला आरंभ किया।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत उद्यम विभाग व जिला सेवा योजन कार्यालय के तत्वावधान में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, टर्निक हर्बल्स ए ग्रुप आफ कम्पनी, शिवा शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, एलआईसी, न्यू झंडू हर्बल्स सर्विसेज हरिद्वार के स्टाल लगाए गए। ग्रामीण इलाके से आए सैकड़ों बेरोजगार युवकों ने स्टालों पर पहुंचकर जानकारी लेने के बाद रोजगार के लिए आवेदन किए। इस दौरान कुल 152 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 73 युवाओं का चयन किया गया। सहायक विकास अधिकारी अनूप कुमार, सुधाकर त्रिपाठी तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत आदित्य सक्सेना उपस्थित रहे। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधक जितेंद्र सिंह ने आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं।


सिंधौली में आयोजित रोजगार मेले में एकत्रित युवा। ● अमृत विचार

- विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं का किया चयन

# भाजयुमो की चौपाल मंडल कार्यशाला का आयोजन


चौपाल मंडल कार्यशाला को संबोधित करते मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी।

संवाददाता, खुटार

- हर ग्राम पंचायत में बनाए गए सह संयोजक
- ग्रामीणों को दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

**अमृत विचार :** भाजपा युवा मोर्चा की युवा चौपाल मंडल कार्यशाला खुटार ब्लॉक के सभागार में आयोजित हुई। इसमें मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी विस्तारक बनाए गए। उन्होंने बताया कि हर ग्राम पंचायत में युवा चौपाल मंडल कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जो 25 फरवरी से पांच मार्च तक चलेगा।

कार्यशाला में हर ग्राम पंचायत से एक व्यक्ति के युवा चौपाल का सह संयोजक बनाया गया। कार्यक्रम उनकी देखरेख में आयोजित होगा। कार्यक्रम में मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही भाजपा ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने सबका साथ, सबका विकास के तहत योजनाओं से संबंधित अपने विचार प्रकट किए। युवा चौपाल कार्यक्रम के ब्लॉक संयोजक कमल दीक्षित ने बताया कि खुटार की प्रत्येक ग्राम पंचायत में यह कार्यक्रम चलेगा। इसमें सह संयोजक नितिन मिश्रा रहेंगे। इस मौके पर शोभित मिश्र, अखिलेश मिश्रा, हरिओम मिश्रा, अजय बाजपेयी, शिवम कटियार, विनोद वर्मा, मुनीश राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वच्छता में सभी का सहयोग जरूरी: नगर आयुक्त



**शाहजहांपुर।** नगर में सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने के उद्देश्य से नगर आयुक्त कामता प्रसाद की ओर से सफाई कराने के निर्देश दिए गए। शुक्रवार को नगर आयुक्त अपर नगर आयुक्त एसके सिंह के साथ केरूगंज, चारखंबा, चौक, अंटा चौराहा, बृज बिहार कॉलोनी, बहादुरगंज आदि क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने नाले-नालियों व गलियों की साफ- सफाई की स्थिति को देखा। इस दौरान स्वच्छता कर्मी कार्यरत पाए गए। क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से सफाई के संबंध में फीडबैक लिया गया। लोगों से अपने क्षेत्र में स्वच्छता में सहयोग करने व वार्ड को स्वच्छता के क्षेत्र में सर्वोत्तम रखने को अपील की गई। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्र, पार्षद रामबरन सिंह, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित आदि मौजूद रहे।


## सार-संक्षेप

### राजकीय महाविद्यालय कांट का एनएसएस शिविर आरंभ



**शाहजहांपुर।** राजकीय महाविद्यालय कांट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर गांव अभायन के पंचायत भवन में शुरू हुआ। इस अवसर पर शिविरार्थियों को शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ व्यसनों से दूर रहने को प्रेरित किया। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुस्कान, रिंकी समीक्षा, अनामिका, दीपशिखा ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने सप्त दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। शिविर में नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा आदि प्रमुख विषयों के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. अनूप कुमार ने सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनका पालन करने को प्रेरित किया। इसके बाद स्वयं सेवियों ने चयनित गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

### एकजुट होकर चुनाव में उतरें कार्यकर्ता



**शाहजहांपुर।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आह्वान पर महानगर का युवा संवाद सम्मेलन पार्टी कार्यालय पर हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सदस्य ब्रज क्षेत्र ओबीसी मोर्चा अवनीश शर्मा रहे। इस दौरान वक्ताओं ने मोर्चा की एकता और सामंजस्य पर बल दिया। कहा कि हम सभी को लोकसभा चुनाव में एक होकर पार्टी को विजयी बनाना है। सभी को एक होकर चुनाव में उतरना है। इस दौरान मोर्चा के महानगर जिला अध्यक्ष संजीव राठौड़, सिद्धार्थ कश्यप, शैलेंद्र मिश्रा सहित तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री 19 फरवरी की शाम तीन बजे गांव में किसी के घर गई थी। वह शाम तक वापस नहीं लौटकर आई तो उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। उसे दो दिन बाद पता चाला कि सिंधौली क्षेत्र का सूरज उसकी बेटी को अगवा कर ले गया है। उसकी बेटी साथ में नगदी व जेवर ले गई है। उसकी बेटी को भगाने में अन्य लोगां का सहयोग है। पुलिस ने आरोपी सूरज, सरुति व गोकरन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि रुम सिंह निवासी सैनाखेड़ा थाना मदनापुर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। वह एक मुकदमें में फरार चल रहा था। पुलिस ने अभियुक्त रुम सिंह को सुबह दस बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।


















# लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा ने आईईसी टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह टीम प्रत्येक गांव में पहुंचकर स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करेगी।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया गया कि स्वच्छता कितनी जरूरी है। इसमें कहा गया कि शौचालय का प्रयोग करें और खुले में शौच न जाएं। शौच के बाद हाथ साबुन से अच्छे से धुलें। हाथ धोने के तरीके भी बताए गए। वहीं स्वच्छता के सात घटक मानव मल का सुरक्षित निपटान, घर एवं भोजन की स्वच्छता, पेयजल व व्यक्तिगत स्वच्छता, बेकार पानी की उचित निकासी, पर्यावरण स्वच्छता और कचरे का उचित निपटान के साथ ही अन्य जानकारी दी गई। इसके बाद स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत टीम ने स्वच्छता को लेकर जागरूक किया।


नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता का संदेश देते कलाकार। ● अमृत विचार

# लोक सेवा और स्वच्छता के प्रतीक थे संत गाडगे

## जिले भर में हर्षोल्लस से मनाई गई संत गाडगे की जयंती, जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** प्रांतीय अनुसूचित जाति/ जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में सरायंकाइयां स्थित गुरु रविदास पूजा स्थल पर संत गाडगे की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष अजय वर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने संत गाडगे को महान समाजसेवी बताया और उनकी शिक्षाओं पर अमल करने पर जोर दिया।

प्रांतीय महामंत्री विश्राम सिंह ने कहा कि गाडगे बाबा लोक सेवा और स्वच्छता के प्रतीक थे। उन्होंने श्रमदान और पुरुषार्थ को अपना हथियार बनाया। प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगरेलाल ने कहा कि गाडगे बाबा अपने कार्यों से प्रतिकूल परिस्थितियों में भी इतिहास का एक चमकदार अध्याय बन गए। प्रांतीय कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने कहा कि जब गाडगे बाबा डॉ. अंबेडकर के संपर्क में आए तो उनके विचारों में बहुत बड़ा परिवर्तन आया। प्रांतीय मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार ने संत गाडगे बाबा को स्वच्छता का जनक बताया। कहा कि उन्होंने धर्मशाला खोलने पर जोर दिया। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार ने गाडगे बाबा को आडंबर, अंधविश्वास और पाखंड का विरोधी बताया। विनोद कुमार के संचालन में चली गोष्ठी में कोषाध्यक्ष राजीव वर्मा, हरिश्चंद्र आनंद, चंद्रकांत भारती, अजय वर्मा, विनोद सम्राट, राजीव कुमार बौद्ध, अखिलेश बौद्ध, योगेश कुमार, महेंद्र पाल कठेरिया, पवन सिंह दिनकर, सुधीर कुमार, अरविंद वर्मा, कर्मवीर सिंह, नरोत्तम सिंह, धनपाल, रमेश चंद्र, खुशीराम, दिनेश आनंद, धनपाल, संदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, त्रिभुवन नाथ, संतोष कुमार, वेदपाल सुमन, सर्वेंद्र कुमार, राम अवतार, सज्जन कुमार, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


संत गाडगे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते बेसिक शिक्षक संघ के सदस्य।


शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्वरूपों में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार

# संत गाडगे के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में महान समाज सुधारक संत गाडगे का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महानगर में शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह गोष्ठियों का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

संत गाडगे सेवा संस्थान के तत्वावधान में हनुमत धाम में संत गाडगे की 148वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। यहां से निकाली गई शोभायात्रा को संस्थान के संस्थापक राम लड़ैते कनौजिया और सपा नेता उपेंद्र पाल सिंह ने रवाना किया। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। इसमें संत गाडगे बाबा की झांकी के अलावा महात्मा बुद्ध, डॉ. बीआर अंबेडकर, एकलव्य आदि महापुरुषों की झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा हनुमत धाम से शुरू होकर छया कुआं, केरूगंज, चारखंभा, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए गांधी भवन पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद सभी ने नगर निगम परिसर और गांधी भवन में अमर शहीदों और महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

शोभायात्रा में संजय वर्मा, हरि शंकर कनौजिया, राम आसरे, अमर सिंह, दिनेश पाल, शिव सिंह, अखिलेश माथुर, रामवीर कनौजिया, विनोद कनौजिया प्रधान, सर्वेश कनौजिया, राजेंद्र कनौजिया, गुड्डू भारती, सत्यपाल कनौजिया, अजय कनौजिया, किशन लाल चौधरी, प्रकाश चंद्र भारती, अमर सिंह, पंकज कनौजिया, अंकित कनौजिया, सर्वेश कुमार गंगवार आदि का सहयोग रहा।


झांकी में विराजमान राम-लक्ष्मण के स्वरूप। ● अमृत विचार


पुवायां में संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अनुयायी। ● अमृत विचार

### पुवायां में संत गाडगे का जन्मोत्सव मनाया

**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां में संत गाडगे बाबा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम वीरपाल अध्यापक के गीता सिटी निगोही रोड स्थित आवास पर मनाया गया। जहां काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए और बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान रामरतन लाल कनौजिया फौजी, सुबोध कुमार कनौजिया एडवोकेट, सुनील कुमार एलआईसी , दिनेश कुमार अध्यापक, बृजेश कुमार सदस्य जिला पंचायत , मनोज कुमार एलआईसी , अवनीश कुमार अध्यापक ,दीपक कुमार ,वीरपाल अध्यापक, संजय राणा, अरुण कुमार पासी, चंद्रपाल आदि उपस्थित रहे।


संत गाडगे की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सांसद अरुण सागर व अन्य। ● अमृत विचार

### संत गाडगे के बताए रास्ते पर चलने की शपथ ली

**रोजा, अमृत विचार :** रोजा के पट्टी बहादुरपुर में संत गाडगे सेवा आश्रम पर संत गाडगे का जन्मोत्सव मनाया गया। अनुयायियों ने संत गाडगे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते किए और उनके बताए रास्ते पर चलने की शपथ ली। सेवा आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष विशनू दयाल कनौजिया ने कहा कि संत गाडगे स्वच्छता के जनक व समाज सुधारक थे। जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरुक कर सही रास्ता दिखाने का काम किया।

# संत गाडगे को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :**वाल्मीकि मंदिर कटिया टोला में डॉ अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से संत गाडगे बाबा की 148 वीं जयंती मनाई गई। इसमें संगठन पदाधिकारियों ने गाडगे बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस दौरान संगठन के संस्थापक विकास चंद्र एडवोकेट ने कहा कि भारत के अंदर स्वच्छता के जनक सही मायने में संत गाडगे बाबा हैं। उन्होंने आधी रोटी कम खाएं, अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं, मूल मंत्र दिया। इस दौरान वाल्मिकी मंदिर के प्रबंधक रामकृपाल मानू वाल्मीकि, मंदिर के महंत बाबा इंदर दास, अमित, समाज सेवी सियाराम, शेरू, संतोष कुमार एडवोकेट, राजीव कुमार एडवोकेट, सत्येंद्र कुमार एडवोकेट, आशुतोष आनंद एडवोकेट, नरेंद्र, गोल्डन, राजेश, अरविंद, ने पुष्पांजलि अर्पित की।


संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डॉ अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी।

### सांसद अरुण कुमार ने किया प्रतिमा का अनावरण

रोजा क्षेत्र के पिलखना गांव में ग्रामीणों ने संत गाडगे के जन्मोत्सव पर संत गाडगे, महात्मा बुद्ध, डॉ भीमराव अंबेडकर व संत रविदास की प्रतिमाएं स्थापित कीं। भाजपा सांसद अरुण कुमार सागर व भावलखेड़ा ब्लॉक प्रमुख राजाराम ने प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस मौके पर संत गाडगे सेवा आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष विशनू दयाल कनौजिया ने ग्राम प्रधान अमर सिंह यादव, प्रकाश कनौजिया, लालाराम गौतम, शिव सिंह मौर्य, शिवचरण संखवार, रामसागर कनौजिया, डॉ. लेखपाल मौर्य को माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर राज किशोर कनौजिया एडवोकेट, मनोज कुमार सिंह, ताराचंद ब्रजकिशोर कनौजिया, राजू कनौजिया, फतेह सिंह यादव, बंधु पासवान, शाहिद आदि उपस्थित रहे।


लोधीपुर में गाडगे बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### नारी शिक्षा व सम्मान के प्रबल पक्षधर थे गाडगे बाबा

**शाहजहांपुर।** सामाजिक संस्था संत गाडगे जन कल्याण समिति की महिला शाखा की ओर से लोधीपुर में संत गाडगे बाबा की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समिति की संरक्षक विमला वर्मा ने गाडगे बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वह नारी शिक्षा एवं नारी सम्मान के प्रबल पक्षधर थे। समाज के निर्माण और मनुष्य के उत्थान में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसीलिए नारी को सम्मान और बराबरी का दर्जा देने वाला समाज सदैव अग्रणी रहता है। उन्होंने कहा कि गाडगे बाबा ने समाज से अशिक्षा, अस्पृश्यता, दहेज प्रथा, धार्मिक आडंबर, पशु बलि आदि कुरीतियों का सदैव विरोध किया। इससे पहले सभी ने गाडगे बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशा गौतम, मीना कनौजिया, ममता कनौजिया, नीतू तिवारी, रजनी तिवारी, रानी वर्मा, शीला दीक्षित, किरन गौतम, रश्मि राजवंशी, वन्दना अवस्थी आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# मोहनपुर गांव में ग्रामीणों ने ग्राम देवता की पूजा की

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** गांव मोहनपुर में ग्राम देवता की पूजा की गई। इसके बाद भंडारा हुआ। बृहस्पतिवार को पंडित चंद्रदेव शुक्ला और शारदा प्रसाद ने देवस्थान पर हवन का आरंभ किया।

इसमें मुख्य यजमान रवि वर्मा के साथ ही आलोक दीक्षित, विपुल मिश्रा, सुधीर त्रिवेदी, करुणा शंकर मिश्रा, अमित मिश्रा, सोनू मिश्रा, योगेश मिश्रा व अन्य ग्रामवासियों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुति दीं। रात करीब 11 बजे ग्राम देवता की पूजा सम्पन्न हुई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

ग्राम देवता की पूजा में तमाम महिलाएं, पुरुष और बच्चें भारी तादाद में शामिल रहे। शुक्रवार को देवस्थान पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसमें दीपू बाजपेई, अमित मिश्रा, मनीष शुक्ला, रितेश मिश्रा, रिंकू मिश्रा, मीनू, विपुल, करुणा शंकर मिश्रा, सर्वेश कुमार, महेश कुमार और ग्राम देवता पूजा में ग्रामवासियों का सहयोग रहा है।


हवन में आहुतियां डालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रति लोगों को किया जागरूक


लोगों को बेटियों के प्रति जागरुक करतीं एनएसएस की छात्राएं। ● अमृत विचार

- **जीएफ कॉलेज की छात्र-छात्रा इकाई का शिविर शुरू**
- **छात्रों को प्रशिक्षकों ने दी उपयोगी जानकारियां**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का सात दिवसीय शिविर मऊ खालसा गांव में और छात्रा इकाई का शिविर प्राथमिक विद्यालय दिलाजाक में आरंभ हुआ। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने दोनों इकाइयों के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वार से झंडी दिखाकर शिविर स्थल के लिए रवाना किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद शोएब के निर्देशन में मऊ खालसा गांव में शुरू हुए शिविर में प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के प्रशिक्षक सुनील पाल और सचिन सक्सेना ने युवाओं के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को अपने अंदर कौशल विकसित कर स्वरोजगार से जुड़ने को प्रेरित किया। छात्रों को इलेक्ट्रीशियन, मोबाइल रिपेयरिंग, एसोसिएट फील्ड, टेक्नीशियन आदि के बारे में जानकारी दी। इधर, प्राथमिक विद्यालय दिलाजाक में शुरू हुए छात्राओं के शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समन जहरा जैदी के नेतृत्व में छात्राओं ने घर-घर जाकर बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही बेटी पढाओ, बेटी बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। सनी, शांतनु, ध्रुव, अजय यादव, विकास आदि का योगदान रहा।

मुफ्त स्वास्थ्य शिविर
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
नाक, कान, गला रोग विभाग
दूरबीन द्वारा मुफ्त नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन (बिना चीरे के)
दिनांक 19.02.2024 से 29.02.2024 तक
समय : प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
शिविर में आये हुए मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
• ब्लड शुगर मुफ्त • आँख की सिरिंजिंग मुफ्त
• खून की जाँच (CBC) मुफ्त
• गुर्दे की जाँच (KFT) व लीवर की जाँच (LFT) मुफ्त
• दूरबीन से नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन मुफ्त (दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• CT Scan 50% छूट पर
• SERUM ELECTROLYTE 50% छूट पर
• VIRAL MARKERS (एच.आई.वी., एच.सी.वी., हेपेटाइटिस बी) 50% छूट पर


निम्न रोगों का मुफ्त परामर्श :-
● आँखों से ज्यादा आँसू बहना, नासूर में ब्लॉकेज, आँख के पास सूजन/आँख से मवाद आना।
ओ.पी.डी. पंजीकरण शुल्क मात्र 50/- रुपये
पर्चा बनवाने के लिए OPD पंजीकरण काउंटर नं. 61 पर जायें।
स्थान : कमरा नं. 248 नाक, कान एवं गला रोग ओ.पी.डी.
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
Mob. 7521001988, 7521001989

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
25 फरवरी 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
रोजी पब्लिक स्कूल
कलान, शाहजहाँपुर
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त • ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें: 1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
सौजन्य से : हेल्प लाइन सोसाइटी, शाहजहाँपुर
लोकनाथ तिवारी, (प्रिंसिपल) - मो. 7571007411
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

# दुष्कर्म के एक दोषी को 10 व दो लोगों को सात-सात वर्ष की कैद

## गैंगस्टर के एक मामले में सुनाई गई दो साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● सत्र न्यायालय ने दोषियों पर जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट संख्या पांच ने दुष्कर्म के तीन अभियुक्तों में एक को दस वर्ष और दो को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इधर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक ने गैंगस्टर के अभियुक्त को दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। तीनों अभियुक्तों को अर्थदंड से भी दंडित किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनोज कुमार ने बताया कि बंडा थाने में केशव निवासी दुर्गाप्रसाद थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत के खिलाफ वर्ष 2009 में गैगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए।

कोर्ट ने अभियुक्त केशव को दो साल की कारावास की सजा सुनाई और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार ने बताया कि कटरा थाना में एक किशोरी को अगवा कर ले गए थे। एक आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने अल्ताफ, अनेशपाल, खुशीराम के खिलाफ वर्ष 2017 में रिपोर्ट दर्ज की थी। विचेचनाधिकारी कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए। कोर्ट ने अल्ताफ को 10 साल, अनेशपाल को सात वर्ष, खुशीराम को सात वर्ष का कारावास की सुनाई है। तीनों अभियुक्तों पर 45 हजार व 15-15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## ग्रामीणों ने आवास की दूसरी किस्त दिलाने की मांग की

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** ब्लाक भावलखेड़ा के की ग्राम पंचायत तिउलक के मजरा गांव महोलिया मुंडी निवासी ग्रामीणों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन में बताया कि प्रधानमंत्री आवासों के लिए लाभार्थियों को वर्ष 2022-2023 में स्वीकृत एवं पहली किस्त में 40 हजार रुपये प्राप्त हुए, इसके बाद उन्हें अपात्र घोषित कर दिया गया। शेष किस्तें पुनः उच्च स्तरीय जांच कराके भुगतान कराई जाएं। यह ज्ञापन सीडीओ की अनुपस्थिति में परियोजना निदेशक सौंपा गया। ज्ञापन पर संजू , विद्यावती, लक्ष्मी देवी, वंदना, रुवी, सोनी, राम दुलारी, किरन, ईश्वर वती, ज्ञान देवी, खिलौना, सरोज आदि के हस्ताक्षर हैं।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**निगोही, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पिपरिया उदयभानपुर निवासी 35 वर्षीय राजेश की गुरुवार रात पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव निघोना के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शुक्रवार सुबह पटरी पर उसका शव देखा गया।

बीसलपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। राजेश के माता-पिता की मौत हो चुकी है। वह परिवार में अकेला था। उसके पास मिले आधार कार्ड के जरिये उसकी पहचान हुई।

## कार की टक्कर से छात्र घायल

**भावलखेडा, अमृत विचार :** भावलखेड़ा निवासी बिल्लू त्रिपाठी का पुत्र आनन जेपी स्कूल भटपुरा रसूल में कक्षा एक का छात्र है। शुक्रवार को वह विद्यालय से आने के बाद अपने बाबा अखिल के घर अपनी मां के साथ गया था।

शाम को वह वापस आ रहा था। रोड पार करते वक्त शाहजहांपुर की तरफ से मोहम्मदी की तरफ जा रही कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति समेत 10 पर मारपीट की रिपोर्ट

**सिंधौली, अमृत विचार :** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में सिंधौली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शुक्रवार रात पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति समेत 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव गैरतपुर निवासी रामबेटी पत्नी लालाराम ने बताया कि 16 फरवरी को दिन के करीब 11 बजे गांव के रहने वाले पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति अवधेश सिंह अपने साथियों के साथ पुरानी रंजिश में घर में घुस आए और उसे घसीटते हुए सभी मारपीट करने लगे। इससे उसके परिवार के रामसरन के सिर में बांका लगा। रामबेटी के हंसिया की चोट आई और रामशंकर के गुम चोटें आईं। इसके अलावा ऊषा देवी के सिर में गहरी चोट आई, भानो देवी व ओमप्रकाश के हाथ टूट गए। जसीदा के पेट व सिर में चोटे आईं। उसके पति लालाराम के पैर व जांघ और सत्यप्रकाश की रीढ़ व पैर में चोट आई। जान से मारने की नियत से आदित्य के पेट व सीना में चोटें आईं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति अवधेश सिंह, रधौला निवासी इंद्रपाल और इंद्रपाल का लड़का, बरेली के थाना भुता के गांव कंजा निवासी अरविंद, बबलू, सोनू, गैरतपुर निवासी रेखा देवी पत्नी हरिओम, राजदेव, रोहित, अशोक पर रिपोर्ट दर्ज की है। हमलावरों परलाइसेंसी रिवाल्वर, तमंचा, लाठी-डंडे व हथियार थे।

> महिला द्वारा मुझे 2015 में भी फसाया गया था जिसमें पुलिस की जांच में मुकदमे में निर्दोष साबित हुआ था फिर से मुझे मुकदमा लिख कर फंसाया जा रहा है जो कि राजनीतिक है। घटना के समय मेरी कोई मौजूदगी नही है।
>
> **-अवधेश सिंह**
>
> पूर्व ब्लॉक प्रमुख सीमा सिंह के पति


आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223



खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल

बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084) Rohilkhand Medical College & Hospital Pilibhit Bypass Road, Bareilly



Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE

Creating life.... completing families.



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

RISAA IVF

दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क

₹200/- ₹100/-

प्रत्येक सोमवार

प्रातः 09:00 से 03 बजे तक

हेल्पलाइन नं० 6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-

- निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
- इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
- उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :

IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

## चोरी के मामले में पुलिस ने कई लोगों से की पूछताछ

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार** : फाइनेंस के मैनेजर का एक लाख 42 हजार रुपये बैग समेत चोरी होने के मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। लेकिन पुलिस को कोई क्लू नहीं मिले। बता दे कि चौक कोतवाली के मोहल्ला साउथ सिटी कालोनी निवासी भारत फाइनेंस कंपनी के मैनेजर विशेष तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बुधवार को दिन में साढ़े तीन बजे पैसा कलेक्शन करके शहर लौट रहा था। साथ में बबक्करपुर का बबलू था। चांदापुर रोड पर बाइक रोककर लघुशंका करने लगे थे। बाइक से दो अज्ञात लोग आए और बाइक की पेट्रोल टंकी पर रखा बैग चुराकर ले गए थे। बैग में एक लाख 42 हजार रुपये, टेबलेट आदि था। चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बबलू व अन्य लोगों से पूछताछ की। पुलिस को कोई क्लू नहीं मिले है। एसओ रोहित सिंह ने घटना का शीघ्र खुलासा होगा।

# जाम की समस्या का जल्द होगा समाधान: एएसपी

## व्यापारियों ने कार्यक्रम आयोजित कर नवागत एसपी सिटी का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एएसपी ने जताई व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा, मिलकर समस्याएं निपटाने को कहा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर कार्यालय पर नवागत अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार का व्यापारियों ने फूल माला पहनाकर कर जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने पुष्प गुच्छ देकर नवागत एसपी सिटी का अभिनंदन किया।

जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा नवागत पुलिस अधीक्षक नगर व पूरे सदन का स्वागत करते हुए कहा कि शाहजहांपुर में एएसपी सिटी की नई पारी का स्वागत है। हम अपेक्षा करते हैं कि आपके कार्यकाल में व्यापारी हितों की रक्षा होगी। व्यापारी बिना भय के अपना व्यापार कर सकेंगे और जहां-जहां व्यापार मंडल की आवश्यकता होगी वह पुलिस का सहयोग करेंगे। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने बताया कि पूर्व में भी नवागत एसपी सिटी का व्यापार मंडल को सहयोग मिलता रहा है। व्यापारी नए एएसपी सिटी की कुशल कार्यशैली से भली-भांति अवगत हैं। सचिन बाथम ने पिछले कुछ समय में पुलिस प्रशासन को व्यापार मंडल के सहयोग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चाहे वह महिला पुलिस के लिए पिंक बूथ बनाना हो या पूरे महानगर में व्यापारियों द्वारा पुलिस की सहायता के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे हो, व्यापारियों ने पुलिस का साथ दिया है। आगे भी यह सहयोग बना रहेगा। सर्वप्रथम महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने संजय कुमार के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह बीटेक व एमटेक सिविल इंजीनियर तक की पढ़ाई किए हुए हैं। पुलिस सेवा में आने के बाद



नए एएसपी सिटी का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

वह अब तक हरदोई, शाहजहांपुर, सीतापुर, गाजीपुर, आगरा व मथुरा में पुलिस उपाधीक्षक रहे हैं। प्रोन्नति होकर वह एसपी देहात बिजनौर, एसपी देहात मुजफ्फरनगर, अपर पुलिस अधीक्षक बागपत, पीएसी मुख्यालय लखनऊ व वर्तमान में एसपी सिटी शाहजहांपुर हैं।

युवा ज़िला अध्यक्ष उवैस हसन खां ने कहा कि बिस्मिल, अशफाक, रोशन की धरती पर एएसपी का स्वागत है। नवागत एएसपी सिटी संजय कुमार ने कहा कि वह पहले भी शाहजहांपुर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। व्यापार मंडल से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने जाम की समस्या का जल्द समाधान निकालने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर थाना सदर बाजार इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार व शाहजहांपुर के नवागत यातायात प्रभारी बाल किशन यादव, महानगर महामंत्री अमित शर्मा, लकी ख़ान, कंचन गुप्ता, पंकज टंडन, ख़ालिद ख़ान, अमित गुप्ता, अशोक गुप्ता, राम अवतार वर्मा, शिवकुमार गुप्ता, महेंद्र कुमार दुबे आदि रहे।

# फाइलेरिया रोधी दवा खाने से घबराए नहीं: सीएमओ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




कैंप में मरीज को फाइलेरिया की दवा खिलवाते सीएमओ डॉ. आरके गौतम। ● अमृत विचार

- कैंप लगाकर मरीजों को फाइलेरिया की दवा खिलाई

**अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने बताया कि 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन अभियान संचालित हो रहा है। शुक्रवार को भावलखेड़ा, जलालाबाद व मिर्जापुर ब्लॉक में कैंप लगाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई है।

इस दौरान देखने में आ रहा है कि दवा खाने के बाद पेट दर्द, उल्टी, चक्कर आने जैसे लक्षण सामने आ रहे है। वैसे यह लक्षण स्वतः ठीक हो जाते है। यदि दिक्कत बनी रहती है तो नजदीकी सरकारी अस्पताल में दिखाए या आशा कार्यकत्री को जानकारी दे सकते है। उन्होंने कहा कि क्यूलेक्स मच्छर काटने से फाइलेरिया होता है। मच्छर काटने से फाइलेरिया रोग के परजीवी शरीर में जाते है और प्रजनन के जरिया इसकी संख्या तेजी से बढ़ती है। फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करने से इन परजीवियों को मारती है। दवा सुरक्षित और कारगर है। जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने भी दवा का सेवन किया था, दवा खाने से कोई परेशानी नहीं हुई है। इस दवा के सेवन से कोई नुकसान नहीं होता है। इस अवसर पर सीएमओ कार्यालय के सभागार में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## एसएस कॉलेज का सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** स्वामी शुकदेवानंद कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हो गया। प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद ने झंडी दिखाकर किया। पहले दिन स्वयंसेवियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया गया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में शुरू हुए शिविर में मुख्य अतिथि अजीजगंज के पार्षद मनीष गुप्ता ने स्वयंसेवियों को एक-एक वोट की कीमत से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि देश की तकदीर में एक वोट बड़ा बदलाव ला सकता है। देश की जनता के पास ही अपने नेता को चुनने का अधिकार होता है। हम ही देश की सरकार चुनते हैं। डॉ. आदित्य कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, राम लखन सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किए। उजाला प्रजापति, यशी श्रीवास्तव, प्रभा पांडेय, सोना सिंह, साक्षी मिश्रा, साक्षी अवस्थी, नंदनी यादव आदि स्वयंसेवियों का सहयोग रहा।

# विनोबा आश्रम में सीता हरण लीला का मंचन किया



विनोबा आश्रम में सीता हरण लीला का मंचन करते कलाकार।

- तीन दिवसीय रामायण नाट्य उत्सव का समापन
- सांसद अरुण सागर ने कलाकारों को बांटे प्रमाण पत्र
- कलाकारों ने सीता हरण लीला का मंचन किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान संस्कृति विभाग की ओर से विनोबा सेवा आश्रम बरतारा में आयोजित तीन दिवसीय रामायण नाट्य उत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन चित्राली थिएटर फाउंडेशन सोसाइटी के कलाकारों ने सीता हरण लीला का मंचन किया।

मुख्य अतिथि सांसद अरुण सागर और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख भावलखेड़ा राजाराम वर्मा, जैतीपुर ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप ने कार्यक्रम आरंभ किया। सांसद अरुण सागर प्रभु श्री राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की पहल का स्वागत करते हुए संस्थाओं का उत्साहवर्धन किया। खासतौर पर उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लव कुश द्विवेदी और उत्सव कोऑर्डिनेटर रमेश चंद्र और कप्तान कर्णधार को बधाई दी। इसके बाद लोगों ने सीता हरण लीला के अंतर्गत सूपर्णंखा नासिका



कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते सांसद अरुण सागर एवं अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

भंग, मारीच का वध, सीता हरण और जटायु रावण लीला का मंचन देखा। समापन पर आश्रम के संस्थापक रमेश भैया और सचिव विमला बहन ने अतिथियों को श्रीमद् भागवत ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया। कवि डॉ. इंदु अजनबी के संचालन में चले कार्यक्रम में अतिथियों ने कलाकारों को प्रमाण पत्र वितरण कर उत्साहवर्धन किया।

नाटक में संजय सक्सेना, आयुष, दीपा, अमित देव, मो. फाजिल, संजीव राठौर, नौशाद, श्याम वीर, सचिन शर्मा, दिनेश सक्सेना, आयुष, विनीत यादव, मनोज, अभिनय, रानी, शिल्पा, आकांक्षा, हरि ओम, राम अवतार, रागिनी, अनुराग, दिनेश कुमार गंगवार, सर्वेश कुमार गंगवार, मोहित सिह अभिनव आदि शामिल रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

## युवक ने किशोरी से किया दुष्कर्म

**जलालाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्र की एक किशोरी खेत पर गई। गांव के एक युवक ने किशोरी को पकड़ लिया और जान से मारने की धमकी देकर स्कूल परिसर में ले गया।

आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि गुरुवार की शाम छह बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री खेत पर गई। गांव के एक युवक ने उसकी बेटी को पकड़ लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए एक स्कूल परिसर में ले गया। आरोप है कि आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया।

उसकी पुत्री ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। गांव के एक व्यक्ति ने उसे सूचना दी। वह अपनी बेटी को लेकर थाने पर पहुंचा और थाने पर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शहीद किसानों की आत्मा की शांति को कैंडल मार्च निकाला



कैंडल मार्च निकालते किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- निहत्थे किसानों पर पुलिस ने गोलियां चलाई
- केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष तरविंदर सिंह मोमी जी के आवास पर कैंडल मार्च निकाल कर शहीद किसानों की आत्मा कि शांति के लिए श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि खनोरी बॉर्डर पर किसान शुभकरण सिंह शहीद हो गए और कई किसान घायल हो गए। खनोरी सीमा पर किसान शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली में भारत सरकार से एमएसपी पर अपनी बात करने जा रहे थे, लेकिन निहत्थे किसानों पर पुलिस ने गोलियां चलाई और आंसू गैस के गोले भी दागे गए जिससे पूरे भारत के किसानों में भारी आक्रोश है। भारत सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। केंडल मार्च में जसप्रीत सिंह जिला महासचिव, सुखपाल यादव, हरदीप सिंह, लखवीर सिंह, प्रबजोत सिंह, गुरदेव सिंह बग्गा, गुरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**बरखेड़ा।** पीलीभीत मार्ग पर चीनी मिल के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में ले लिए हैं। बीसलपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा यासीन के निवासी नन्हेलाल (42) पुत्र तिलकराम शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे बाइक से पत्नी सुनीता के साथ दवा लेने पीलीभीत जा रहे थे। बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल के पास पहुंचते ही डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दंपति घायल हो गए। चीनी मिल की एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी लाया गया।

# नहर कोठियों में संचालित हैं पुलिस चौकियां

संवाददाता, सिंधौली

**अमृत विचार:** पूरे समाज की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले खाकी वर्दीधारी खुद सुरक्षित नहीं हैं। सिंधौली कोतवाली क्षेत्र की तीन चौकियां नहर कोठियों में संचालित हैं। नहर कोठियों के ये भवन जर्जर होने से कभी धराशायी हो सकते हैं।

सिंधौली कोतवाली क्षेत्र के कोरोकुइयां में शारदा नहर किनारे बनी कोठी में पुलिस चौकी संचालित है। यहां रात को पहुंचने में डर लगता हैं। यही हाल महासिर पुलिस चौकी का है। गांव से दूर शारदा नहर किनारे नहर विभाग की कोठी में संचालित है, जिसका भवन जर्जर हालत में है। चौकी के आसपास झाड़ियां हैं। महासिर चौकी की सीमा समाप्त होते ही लखीमपुर खीरी के थाना पसगवां की सीमा लग जाती है।



नहर विभाग की इसी कोठी से संचालित है पुलिस चौकी। ● अमृत विचार

- पुलिस कर्मियों के लिए हर समय बना रहता है खतरा

पूर्व में इन इलाकों में लूटपाट की घटनाएं ज्यादा होती थी। दूसरे ग्रामीण क्षेत्रों में भी लड़ाई-झगड़े को देखते चौकी स्थापित की गई थी। मगर यहां को बदलाव नहीं हुआ। जैसे चौकी पहले चल रही थी, वैसे ही अब चल रही हैं। वहीं, बिलंदापुर में पुलिस चौकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन में चल रही है। वर्षो से चल रहीं इन पुलिस चौकियों का अपना कोई भवन नहीं होने से पुलिस कर्मियों को दिक्कतें होती हैं। सिंधौली से बिलंदापुर लगभग 15 किमी और कोरोकुइया नौ किमी व महासिर 13 किमी है। इन चौकी क्षेत्र के ग्रामीणों की सुरक्षा का दायित्व संभाले पुलिस कर्मियों को खुद के रहने का सही ठिकाना नहीं है।

**प्रधान-बीडीसी करें प्रयास तो बन सकती है बात**

पुलिस विभाग के लोगों का कहना है कि यदि स्थाई चौकियों के बारे में प्रधान-बीडीसी शासन तक अपनी बात रखें। पुलिस चौकी के लिए जमीन देने का प्रस्ताव रखें। तब पुलिस चौकी के लिए अपना भवन बन जाएगा।

> क्षेत्र में कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए कोरोकुइयां, महासिर में अस्थाई चौकियां स्थापित हैं, इन चौकियों के भवन निर्माण के लिए जमीन भी नहीं मिल पाई है। इस संबंध में प्रस्ताव भेजा जाएगा। हालांकि इससे पहले भी प्रस्ताव भेजा जा चुका है।
> – अशोक कुमार मीणा, एसपी

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा छोटा पुत्र सौरभ एवं उसकी पत्नी शिवानी उनके बच्चे ओम व केशव मेरे कहने में नहीं गलत सोहबत में है। जिन्हें मैंने अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में इनके द्वारा किये गये कृत्य लेनदेन के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे जिसमें मेरा व मेरे अन्य परिवारीजनों का कोई सम्बंध सरोकार नहीं होगा। राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री प्यारेलाल निवासी सौरों, कासगंज

सूचना
मेरी माता का सही नाम Suman Sambhaji Jagtap व जन्मतिथी 06-01-1961 है नाकि Sumen व जन्मतिथी 01-07-1961 कृपया मेरे सैन्य अभिलेखों में सही करें। No-6395281N, Hav Jagtap Anil Smbhaji, 506 ASC Bn. C/o 56 APO.

सूचना
मेरे पिता का सही नाम Sambhaji Dnyanu Jagtap व जन्मतिथी 01-01-1948 है नाकि Sambhaji व जन्मतिथी 01-07-1956 कृपया मेरे सैन्य अभिलेखों में सही करें। No-6395281N, Hav Jagtap Anil Smbhaji, 506 ASC Bn. C/o 56 APO.

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### आज मुरादाबाद पहुंचेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा, तैयारी पूरी

**मुरादाबाद।** शुक्रवार रात तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मुरादाबाद पहुंचेगी। इसे लेकर कांग्रेसियों ने तैयारी कर ली है। राहुल की सुरक्षा टीम महानगर पहुंच गई है। यहां के बाद यह यात्रा अमरोहा पहुंचेगी। यहां से राहुल गांधी यात्रा लेकर जनपद संभल पहुंचेंगे। उनके साथ प्रियंका गांधी भी साथ रहेंगी। इससे पहले जिलाधिकारी ने कांग्रेसियों के साथ बैठक की और यात्रा का रूट चार्ट लिया।

### पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, पशु तस्कर घायल

**संभल।** असमोली थाना क्षेत्र के मालपुर के जंगल में गुरुवार रात बदमाश और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने गोली लगने से घायल पशु तस्कर को दबोचा, अन्य बदमाशों की तलाश में कांबिंग की। एसपी और एएसपी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख को 10 साल का कारावास

**मुरादाबाद।** ईंट भट्ठा मजदूर के अपहरण मामले में कोर्ट ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई है। सीए हत्याकांड में ललित कौशिक के घर बरामद हुई मैगजीन के मामले में भी सात साल की सजा सुनाई गई है।

### यूपी में सपा-कांग्रेस के गठबंधन पर दी बधाई

**अमरोहा।** गांव हाकमपुर निवासी रालोद नेता रामवीर सिंह के यहां शुक्रवार को रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी पहुंचे। यहां उन्होंने एनडीए से गठबंधन के सवाल पर कहा, घोषणा होगी तो आपको जानकारी मिल जाएगी। किसान आंदोलन को लेकर कहा, उम्मीद है, इसका कुछ हल निकलेगा। इसके अलावा उन्होंने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर सीबीआई की कार्रवाई पर कुछ लोगों ने मना कर दिया। कहा कि उस पर मुझे कुछ नहीं कहना, मुझे लगता है कि उन्होंने भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, तो मैं क्या दूं।

### डंपर की टक्कर से प्रबंधक की मौत

**रामपुर।** मोहल्ला लक्ष्मीनगर आगापुर रोड निवासी बैंक प्रबंधक कुशांक अग्रवाल (28) बाइक से शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे ड्यूटी पर जा रहे थे। जब वह जौहर अस्पताल के पास पहुंचे डंपर चालक उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक फरार हो गया।

# पूर्व विधायक पुत्र समेत 13 को नोटिस

## बिना लेआउट व नक्शा बीसलपुर व पूरनपुर में बनाई जा रहीं थी कॉलोनियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिला पंचायत ने सात दिन के भीतर अभिलेख प्रस्तुत न करने पर दी कार्रवाई की चेतावनी
- कॉलोनाइजर किसानों से सस्ते दामों पर जमीन को खरीदकर प्लॉटिंग कर रहे हैं

**अमृत विचार :** जिले में बिना नक्शा व लेआउट बनाई जा रहीं कॉलोनियों पर शिकंजा करने की तैयारी की जा रही है। जिला पंचायत ने ऐसी 13 कॉलोनियों के कॉलोनाइजरों को नोटिस भेजा है। भेजे गए नोटिस में कॉलोनाइजरों से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसको लेकर सात दिन का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में अभिलेख न दर्शाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जनपद में पिछले कुछ समय से कॉलोनाइजरों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से कॉलोनियां बनाने का खेल तेजी से चल रहा है। शहर समेत जिले भर में इस खेल से जुड़े कॉलोनाइजर किसानों से सस्ते दामों पर जमीन को खरीदकर प्लॉटिंग कर रहे हैं। नियमानुसार शहरी क्षेत्र में कॉलोनी बनाने के लिए विनियमित क्षेत्र से नक्शा पास करना चाहिए, जबकि बाहरी क्षेत्र में जिला पंचायत से नक्शा पास कराने के बाद ही कॉलोनी का निर्माण कराया जाना चाहिए। मगर, जिले में इन नियमों की अनदेखी हो रही है। अधिकांश कॉलोनाइजर बिना नक्शा एवं लेआउट पास कराए ही कॉलोनियां बनाने को अवैध तरीके से प्लाटिंग कर रहे हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते कहीं-कहीं कॉलोनियां बनकर तैयारी भी हो चुकी हैं। इधर बीसलपुर एवं पूरनपुर क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर बिना नक्शा व लेआउट पास कराए ही कॉलोनियां बनाने को प्लाटिंग की जा रही है।

कई स्थानों पर तो प्लाटिंग के बाद मकान भी बनवा दिए गए। इधर अब जिला पंचायत ने बिना नक्शा एवं लेआउट पास कराए बनाई जा रहीं कॉलोनियों पर शिकंजा करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिला पंचायत द्वारा की गई जांच पड़ताल में बीसलपुर क्षेत्र में आठ और पूरनपुर क्षेत्र में पांच स्थानों पर कॉलोनी बनाने को प्लॉटिंग करने का मामला सामने आया है।

अब जिला पंचायत ने इन सभी 13 कॉलोनाइजरों को नोटिस भेजकर संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा है। इसमें एक पूर्व विधायक के पुत्र और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि को भी नोटिस भेजा गया है। इन सभी को सात दिन का समय दिया गया है। निर्धारित समय में अभिलेख प्रस्तुत न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### पहले से ही कई कार्रवाई चल रहीं लंबित

कॉलोनी बनाने के मामले में प्रशासनिक स्तर से की गई नोटिस भेजना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी शहर से सटे इलाकों में नियम विरुद्ध तरीके से स्थापित की जा रही कॉलोनियों के संज्ञान में आने पर नोटिस भेजे गए। इसे लेकर लंबी पड़ताल चली और फिर कुछ कॉलोनियों के ध्वस्तीकरण तक के आदेश कर दिए गए थे। मगर इन आदेशों पर एक्शन अभी भी नहीं हो सका है। इस बार भी 13 कालोनाइजरों में अधिकांश रसूखदार बताए जा रहे हैं। जिनको पहला नोटिस दिया गया है। अब इन पर शिकंजा कसने को लेकर भी सवाल बरकरार है।

### अभिलेख नहीं दिखा पाए तो बढ़ेगी मुश्किल

कॉलोनाइजरों को भेजे गए नोटिस के बाद भले ही खलबली मच गई है। मगर अभी यह पहला नोटिस है। इसमें सात दिन का समय देते हुए अभिलेख तलब किए गए हैं। जो कॉलोनाइजर समयावधि में अभिलेख नहीं दिखा सकेंगे उनको दोबारा नोटिस जारी किया जाएगा। जिसके बाद उनकी मुश्किल बढ़ सकती है।

बीसलपुर व पूरनपुर क्षेत्र में बिना नक्शा व लेआउट कॉलोनी बनाने को प्लॉटिंग करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर 13 कॉलोनाइजरों को नोटिस भेजा गया है। इन सभी को अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया है।
**– हरमीक सिंह,** अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत

# पट्टा कराने के नाम पर तीन महिलाओं से ठगे 55 हजार

**माधोटांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरा ताल्लुके महाराजपुर की रहने वाली कोकिला पत्नी राजन ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि क्षेत्र के ही कुछ लोगों ने उन्हें जमीन का पट्टा कराने का भरोसा दिलाते हुए 15 हजार रुपये ले लिए थे। 12 अक्टूबर 2022 को आकर कुछ कागजात पर उसके हस्ताक्षर कराए और कुछ समय इंतजार करने की बात कह दी थी। मगर लंबा समय बीतने के बाद भी पट्टा न हुआ तो ठगी का एहसास हुआ। इस पर 22 फरवरी को मामले की शिकायत की गई। उसी रात आठ बजे घर में घुसकर आरोपियों ने शिकायत वापस न लेने पर बेटे को मारने की धमकी दी। इसी गांव की ललिता पत्नी प्रभू और सीमा देवी पत्नी मुनेंद्र ने भी आरोपियों की शिकायत की है। जिसमें दोनों ने जमीन का पट्टा कराने के नाम पर 20-20 हजार रुपये कराने और दो साल पहले कागजात पर हस्ताक्षर कराकर ले जाने का आरोप लगाया है। आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया कि कई अन्य लोगों से भी इसी तरह से ठगी की गई है।

# अमन हत्याकांड की आरोपी महिला को उम्रकैद, जुर्माना

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- 2019 में थाना सुनगढ़ी क्षेत्र में हुई थी वारदात, घर से बुलाकर कर दी थी हत्या

**अमृत विचार:** चार साल पुराने हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी महिला को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 13 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

सुनगढ़ी थाने में ग्राम पिपरा वाले नंबर दो निवासी बनवारी लाल ने एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि 27 अगस्त 2019 को वह, उसके पिता काशीराम और पुत्र अमन घर पर थे। दोपहर करीब 12 बजे गांव निवासी गीता देवी पत्नी चंद्रिका प्रसाद उर्फ पप्पू उनके घर आई और अमन को अपने घर ले गई। काफी देर बाद भी बेटे के वापस न आने पर वह अपने पुत्र को बुलाने के लिए गये, लेकिन वहां पुत्र नहीं दिखा। आरोपी महिला ने कोई जवाब नहीं दिया। शक होने पर परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया और फिर महिला के घर के भीतर जाकर चेक किया। दूसरी मंजिल पर अमन का शव पड़ा मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सुनगढ़ी पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव का पोस्टमार्टम कराया। विवेचना के दौरान पुलिस ने इसी गांव के श्याम सुंदर की भी अमन की हत्या में मिलीभगत पाते हुए आरोपी बनाया। दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मुकदमे की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश राकेश वशिष्ठ ने गीता देवी को अमन की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 13 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। जबकि सह अभियुक्त श्याम सुंदर को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे राहुल

**अमरोहा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को अमरोहा आएंगे। वह भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर लोगों से वार्ता भी करेंगे। यात्रा की तैयारियां को लेकर शुक्रवार को कांग्रेसियों ने रणनीति बनाई। प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर कई दिनों अमरोहा ही डटे हैं। शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। यह यात्रा जिले में पाकबड़ा से कैलसा की तरफ को प्रवेश करेगी। इसके बाद कैलसा होते हुए अमरोहा आएगी।

# साक्षी की शिकायत पर सास-ससुर समेत छह पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दहेज में 10 लाख रुपये और कार लाने का दबाव बनाने और मारपीट का आरोप

**अमृत विचार :** प्रेम विवाह कर चर्चा में आईं एक वरिष्ठ नेता की बेटी साक्षी मिश्रा ने ससुरालियों पर दहेज मांगने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज में कार और दस लाख रुपयों की मांग की और मना करने पर मारपीट की। एसएसपी के आदेश पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

साक्षी मिश्रा ने चार साल पहले वीर सावरकरनगर निवासी अजितेष से प्रेम विवाह किया था। अब साक्षी ने ससुर हरीश कुमार नायक, सौतेली सास शीला, जेठ अभिषेक कुमार, ननद अंवतिका रानी, जेठानी गुंजन अग्रवाल, जेठ अभिषेक कुमार और दादी सास सुशीला देवी पर दहेज मांगने का आरोप लगाया है। साक्षी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि आरोपी उन पर पिता से दस लाख रुपये व कार लाने का दबाव बना रहे हैं।

दहेज न लाने पर मकान खाली करने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि कई बार सामान फेंकने की कोशिश की। जब वह आठ माह की गर्भवती थीं, तब ननद और ससुर ने मारपीट की थी। दादी सास और सौतेली सास पर गाली गलौज करने और चरित्र पर उंगली उठाने का आरोप लगाया। बताया कि 18 फरवरी को जब उनके सुरक्षा कर्मी खाना खाने के लिए गए थे, तब शाम 5.30 बजे ससुर हरीश कुमार, जेठ अभिषेक कुमार और शील कुमार ऊपर आए और गाली गलौज करने लगे।

आरोप है कि सभी ने कहा कि तुम्हारे पिता विधायक नहीं रहे और अब कुछ नहीं कर पाओगी। ससुरालियों के जुल्म से वह, उनके पति और बच्चा सदमे में है। इज्जतनगर पुलिस ने हरीश कुमार नायक, शीला, अभिषेक कुमार, अवंतिका रानी, गुंजन अग्रवाल, अभिषेक कुमार और सुशीला देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पुलिस सत्यापन में 120 हिस्ट्रीशीटर मिले मृत

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस ने अपराधियों की निगरानी शुरू कर दी है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन किया, जिसमें 120 की मौत हो चुकी है और 2260 हिस्ट्रीशीटर जीवित हैं। इसके अलावा 80 नए अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। वहीं, जिले में 41 आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, जिसमें कुल 217 सक्रिय सदस्य शामिल हैं। वहीं 120 हिस्ट्रीशीटर जिला छोड़कर चले गए हैं। इसके अलावा 275 अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है और 25 अपराधियों को जिला बदर किया गया। वहीं गैंगस्टर एक्ट के तहत 67 मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जिनमें 281 अपराधियों को आरोपी बनाया गया है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि चुनावों के दौरान हुए विवादों का भी पुलिस रिकार्ड खंगाल रही है। अपराधियों का सत्यापन कराया जा रहा है, जो भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर ने मारी टक्कर, सेल्स मैनेजर की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नैनीताल रोड पर जौहर अस्पताल के पास हुआ हादसा, चालक फरार

**अमृत विचार :** बाइक से रुद्रपुर जा रहे एक्सिस बैंक के सेल्स मैनेजर को जौहर अस्पताल के पास डंपर ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आगापुर की दुर्गा कॉलोनी निवासी अनिल अग्रवाल का बेटा कुशाग्र अग्रवाल (26) रुद्रपुर के थाना गदरपुर के ग्राम भैंसिया स्थित एक्सिस बैंक में ब्रांच सेल्स मैनेजर था। शुक्रवार सुबह 9:15 बजे वह बैंक जा रहा था।

सुबह 9:32 बजे जौहर अस्पताल के पास डंपर ने पीछे से उसकी बाइक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी जेब से मिले कागजों के आधार पर परिजनों को हादसे की जानकारी दी।

### घर का इकलौता चिराग था कुशाग्र

बेटे की मौत के बाद माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर का इकलौता चिराग था। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजन बिलखने लगे। सुबह को कुशाग्र तैयार होकर बैंक जाने के लिए निकला था। किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि कुछ ही देर में कुशाग्र की मौत की खबर मिलेगी। परिजन उसकी शादी के लिए लगातार दुल्हन की तलाश कर रहे थे।

### ग्रामीण को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**रामपुर।** पहाड़ी गांव के पास गुरुवार शाम बाइक ने सवारी का इंतजार कर रहे ग्रामीण को टक्कर मारकर घायल कर दिया था और बाइक समेत फरार हो गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही ग्रामीण ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में चिकित्सकों ने ग्रामीण को देखकर मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़पुरा शर्की निवासी 45 वर्षीय प्रेम सिंह गुरुवार की शाम चमरौआ की बाजार जाने के लिए पहाड़ी गांव के पास सवारी का इंतजार कर रहा था। प्रेम सिंह को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। लोग घायल को अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक डंपर को छोड़कर फरार हो गया है। चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।
**–संजीव कुमार,** थाना गंज प्रभारी

# एनडीए से गठबंधन की घोषणा जल्द

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- रालोद के अध्यक्ष ने सपा-कांग्रेस को गठबंधन करने पर दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** गांव हाकमपुर में शुक्रवार को रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कांग्रेस और सपा गठबंधन को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एनडीए के साथ अपने गठबंधन पर कहा कि जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। किसान आंदोलन का जल्द हल निकालने की बात कही।

अमरोहा-अतरासी मार्ग स्थित गांव हाकमपुर में राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह के आवास पर शुक्रवार सुबह राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी पहुंचे। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने चौधरी रामवीर सिंह के भतीजे के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने विशाल चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद वह पपसरा में सपा नेता चौधरी सरजीत सिंह के आवास पर पहुंचे। यहां उनकी माता के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने मीडिया से कहा कि दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन का जल्द ही हल निकाला जाएगा। बोले, दोनों ही ओर से धैर्य रखने की आवश्यकता है। हिंसा से किसी का भी किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। वहीं सपा-कांग्रेस के गठबंधन के सवाल पूछने पर उन्होंने अपनी ओर से इस गठबंधन को शुभकामनाएं दी और ज्यादा कुछ बोलने से इनकार कर दिया। इसके अलावा जब उनसे एनडीए के गठबंधन पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। वहीं पूर्व राज्यपाल सत्यपाल सिंह मलिक के घर हुई सीबीआई की छापेमारी पर सवाल पूछने पर जयंत चौधरी ने कहा कि जब पूर्व राज्यपाल ने ही इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है तो वह भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं देना चाहते। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, जिलाध्यक्ष मनवीर चिकारा, उम्मेद सिंह, हरपाल सिंह, सचिन चौधरी, जनम सिंह, मदनपाल सिंह, जयपाल सिंह, प्रशांत औलख, पुष्पेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# गन्ने की तीन नई किस्मों को मिली स्वीकृति

**बरेली, अमृत विचार :** शासन ने गन्ने की तीन नई प्रजातियों को स्वीकृति दे दी है। इसके अलावा लाल सड़न वाली प्रजाति 0238 को हटाया जाएगा। डीसीओ यशपाल सिंह ने बताया कि पिछले दिनों गन्ना शोध परिषद लखनऊ ने गन्ना किस्म कोशा 18231 के शोध परीक्षण किया तो इस किस्म की उपज 90.16 टन प्रति हेक्टेयर पाई गई, जो तुलना में 27.92 प्रतिशत अधिक है। इसके रस में शर्करा प्रतिशत तुलना में अधिक पाया गया, जिसके बाद गन्ना इस प्रजाति को पूरे प्रदेश के लिए स्वीकृत कर दिया। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ से नवविकसित गन्ना किस्म को 16202 (शीघ्र) और कोलख 15206 (मध्य देर) के आंकडों के अध्ययन के बाद इन्हें भी स्वीकृति दे दी गई है।

# गुजरात में बरेली के युवक की मौत, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव अंगूरी टांडा के युवक की सूरत, गुजरात में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवक के पिता ने गांव की ही युवती और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

अंगूरी टांडा के अरशद ने बताया कि उनके बेटे शब्बू (19) को गांव की एक लड़की ने प्रेमजाल में फंसा लिया। लड़की अपने पति को छोड़कर पिता के पास रहती है। उन्होंने बेटे का रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया था। रिश्ता तय होने की भनक लगने पर लड़की, उसकी बहन और गांव का एक युवक उनके बेटे को बहला फुसलाकर सूरत ले गए। उन्होंने शब्बू को तलाश किया, लेकिन नहीं मिला। 22 फरवरी को सुभाषनगर पुलिस से सूचना दी कि उनके बेटे का शव गुजरात से आया है। उनके बेटे का शव युवती लेकर आई थी। जब उन्होंने युवती और उसके परिजनों से पूछताछ की तो कुछ भी नहीं बताया। अरशद का आरोप है युवती ने अपने साथियों की मदद से बेटे की हत्या करा दी है। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक की मौत फांसी लगाने से हुई है।

## सार-संक्षेप

### खेत में आग लगने से झुलसी महिला की मौत

**शेरगढ़।** शेरगढ़ के गांव नगरिया कला में गुरुवार शाम खेत में अलाव तापते समय गन्ने के खेत में आग लग गई। आग बुझाने के दौरान बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। गांव नगरिया कलां निवासी शशि देवी (60) पत्नी स्वर्गीय मुन्नालाल गुरुवार के दिन किच्छा नदी की तलहटी स्थित अपने खेत को देखने गई थी। उसके साथ में नाती और नातिन भी थे। ठंड होने पर वह अलाव जलाकर तापने लगीं, इसी दौरान गन्ने के खेत में आग लग गई, जिसे बुझाने के चक्कर में वह बुरी तरह झुलस गई। बच्चों ने घर आकर घटना की सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग खेत की ओर दौड़े और आग को बुझाया, हालांकि तब तक शशि देवी 50 प्रतिशत से अधिक झुलस चुकी थी। परिजन उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी शेरगढ़ ले गए लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई।

### डिजिटल पेमेंट के लिए जागरूक कर रहा डाक विभाग

**बरेली।** छोटे दुकानदार व व्यवसायियों को डाक विभाग के डिजिटल पेमेंट सिस्टम से जोड़ने के लिए शुक्रवार से अभियान शुरू किया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पांच मार्च तक अभियान चलाया जाएगा। तीन हजार से अधिक दुकानदारों को डिजिटल सिस्टम पेमेंट से जोड़ने का लक्ष्य बरेली परिक्षेत्र की ओर से दिया गया है। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि डाक विभाग के डिजिटल पेमेंट सिस्टम से जुड़ने वाले दुकानदारों का इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाता खुलवाया जाएगा। इस अभियान में फल, सब्जी, दवा, परचून, इलेक्ट्रिक, फूल दुकानदार सहित छोटे एवं मध्यम व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को डाकघर से जोड़ने की दिशा में पहल कर डिजिटल लेनदेन के महत्व की जानकारी दी जा रही है। अभियान से पूर्व डाक मर्चेंट की महत्ता को आम जन तक पहुंचने के लिए आईपीपीबी प्रबंधक एवं विभाग के सभी डाक निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है।

### नवीन तकनीक से खेती करने की दी जानकारी

**बरेली।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने शुक्रवार को एकीकृत बागवानी विकास योजना के तहत आईवीआरआई के कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया। इसमें किसानों को नवीन तकनीक से खेती करने की जानकारी दी। बागवानी विशेषज्ञ डॉ. रंजीत सिंह ने अमरूद की खेती के संबंध में नवीनतम जानकारी साझा की। प्रगतिशील किसान रामवीर सिंह ने हाइड्रोपोनिक तकनीक से शाकभाजी, शिव दयाल गंगवार ने पॉली हाउस में खीरा, मनोज शर्मा ने औषधीय एवं सुगंधित पौध की वैज्ञानिक विधि से खेती करने के बारे में जानकारी दी। उपनिदेशक उद्यान श्याम कुमार गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी, रमेश चंद्र, डा. संजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### सीएए बवाल में शामिल रहे आठ लोग गिरफ्तार

**संभल।** देश में लोकसभा चुनाव से पहले सीएए लागू करने की चर्चा के बीच पुलिस ने शुक्रवार को पांच साल पहले सीएए बवाल में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। संभल सदर कोतवाली पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की है। वर्ष 2019 में जब केंद्र सरकार ने एनआरसी व सीएए को लेकर काम शुरू किया था तो संभल में भी बवाल हुआ था। धरना प्रदर्शन, आगजनी, पथराव व तोड़फोड़ की घटनाएं भी हुई थीं। जो लोग इन घटनाओं में शामिल थे, उनके खिलाफ मामले दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था। अब देश में सीएए लागू करने की चर्चा के बीच पुलिस पांच साल पहले बवाल में शामिल रहे लोगों को तलाशकर उन्हें पाबंद कर रही है। संभल सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को मोहल्ला मियां सराय निवासी फहीम, सारिक, तश्तपुर निवासी फईम, मोहम्मद तहसीन, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद तालिब, मोहल्ला पंजू सराय निवासी फिरोज और फुलवार मियां सराय निवासी जीशान को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। इन सभी को उप जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां दो-दो लाख की जमानत से पाबंद कर इन्हें जमानत दे दी गई। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि सीएए बवाल के आरोपियों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल, साथी भी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- सेवापुर पदारस मार्ग पर गांव मालपुर मजार के पास हुआ आमना-सामना

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस की पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से एक पशु तस्कर घायल हो गया। बाद में दूसरे पशु तस्कर को भी कांबिंग के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को गुरुवार रात एक बजे सूचना मिली थी कि गांव सेवापुर पदारथपुर के पास पशु तस्कर किसी घटना को अंजाम देने के लिए सक्रिय हैं। सूचना के बाद पुलिस ने सेवापुर पदारस मार्ग पर गांव मालपुर मजार के निकट चेकिंग शुरू की। सामने से आ रही बाइक को रुकने के लिए इशारा किया तो बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को दबोच लिया, जबकि उसका साथी जंगल में भाग निकला। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मुठभेड़ की सूचना पर आसपास के थानों की पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फरार बदमाश की तलाश में जंगल में कांबिंग की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घायल बदमाश का नाम राम रहीस उर्फ रहीसा निवासी गांव बमनपुरी थाना कैला देवी है। वह पशु तस्कर है और उसके खिलाफ गोवध सहित 24 मामले दर्ज हैं। उसके पास से तमंचा, कारतूस, बाइक व 33 सौ रुपये की नकदी मिली है। उधर, पुलिस ने खासपुर तिराहा के निकट से दूसरे बदमाश को भी पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश का नाम राजा खान निवासी मोहल्ला मुल्लाना कस्बा नरौली थाना बनियाठेर है। पुलिस को तमंचा, कारतूस, उपकरण व पांच हजार रुपये की नकदी मिली है।

# 12वीं के छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**गजरौला (अमरोहा), अमृत विचार :** घर से परीक्षा देने जाने की बात कहकर निकले कक्षा-12 के छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सूचना पर छात्र के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव हरियाणा निवासी आजम पुत्र अमजद अली कक्षा 12 का छात्र था। बीते दिनों उसकी बोर्ड परीक्षा शुरू हुई थीं। बताया जाता है कि उसे परिजनों ने किसी बात पर डांट दिया था। पिता अमजद के मुताबिक आजम शुक्रवार सुबह नौ बजे परीक्षा देने की बात कहते हुए घर से निकला था। इसके बाद शाम करीब चार बजे आजम ने गजरौला रेलवे स्टेशन से गुजर रही श्रमजीवी एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल आत्महत्या की सही वजह की जानकारी नहीं हो सकी। वहीं घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# बदायूं से अयोध्या जा रही बस अनियंत्रित होकर खाई में पलटी

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी (बरेली)



पलटी पड़ी बस।

- 15 श्रद्धालुओं को आई हल्की चोटे दूसरी बस से सभी श्रद्धालु रवाना

**अमृत विचार :** श्रीरामलला के दर्शन करने बदायूं से अयोध्या जा रही श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस खाईं में पलट गई। सूचना पर पहुंचे बदायूं के विधायक ने श्रद्धालुओं को दूसरी बस से अयोध्या लेकर रवाना हुए।

लखनऊ- दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुलासनगरा गांव के सामने बदायूं के दातागंज क्षेत्र के श्रद्धालुओं से भरी बस शुक्रवार सुबह अयोध्या जाते समय करीब 10 बजे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटी। बस में 42 श्रद्धालु सवार थे, जिसमें पंद्रह को हल्की चोटें आईं। बदायूं की कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सुनौला निवासी चालक सुनील और बस का मालिक हादसे के बाद मौके से फरार हो गए। हादसे के बाद मची चीख- पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को बस से बाहर निकाला, सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी होने पर बदायूं के सदर विधायक महेश्वचन्द्र गुप्ता भी पहुंच गए। उन्होंने दूसरी बस की व्यवस्था करके श्रद्धालुओं के साथ अयोध्या रवाना हुए। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर फतेहगंज पूर्वी श्यामवीर सिंह और थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि कुछ श्रद्धालुओं को हल्की चोट लगी थी। सभी श्रद्धालुओं को अयोध्या भेज दिया गया है। पुलिस ने बस को खाई से निकलवाया।

# रिकार्डिंग की वजह से एमबीबीएस परीक्षा का बदला कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस परीक्षा का शुक्रवार को एक बार फिर से कार्यक्रम बदल दिया है। एमसीआई (मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया) ने परीक्षा के दौरान रिकॉर्डिंग के निर्देश जारी किए हैं, जिसकी वजह से विश्वविद्यालय ने नए कार्यक्रम जारी कर परीक्षा केंद्रों प्रभारियों को निर्देश दिए हैं।

एमबीबीएस प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रोफेशनल भाग एक और दो की मुख्य और पूरक परीक्षा 28 फरवरी से शुरू हो रही है। चार मेडिकल कॉलेजों की परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने प्राचार्य और केंद्राध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक परीक्षा की तिथि की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और इसकी सीडी बनाकर उपलब्ध कराई जाएगी। वीडियो रिकॉर्डिंग की वजह से प्रश्नपत्रों के बीच में अंतर किया गया है। अब परीक्षा 28 फरवरी से 13 मार्च तक होंगी।

## कोर्ट के आदेश पर 11 महीने बाद पुलिस ने लिखी लूट की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर की तिलक कॉलोनी निवासी बीना उपाध्याय ने बताया कि 12 मार्च 2023 को शाम सात बजे उनका बेटा शानू फिनिक्स मॉल से संजयनगर के रास्ते घर आ रहा था। रास्ते में संजयनगर निवासी रोहित ठाकुर, उसके भाई गोलू ठाकुर, रोहन ठाकुर और चार अज्ञात बदमाशों उनके बेटे की बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया और 20 हजार रुपये छीन लिए। आरोपियों ने तमंचों की बट मारकर घायल कर दिया और बारादरी थाने के सामने अपनी गाड़ी से फेंककर फरार हो गए। राहगीरों और पुलिस कर्मियों ने उसे बचाया। आरोप लगाया कि राजनीतिक पहुंच के चलते पुलिस ने उनके बेटे को झूठा मुकदमा लगाकर जेल भेज दिया था और उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया था, लेकिन रिपोर्ट फिर भी दर्ज नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रोहित, गोलू, रोहन और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

### ताजगंज थाना क्षेत्र में भहेटा बजेरा गांव के पास हुआ हादसा

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार :** आगरा के ताजगंज थाना क्षेत्र में एक डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक चला रहा युवक नहर में जा गिरा, जबकि उसके पीछे बैठी पत्नी डंपर की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर बैठी एक अन्य महिला गंभीर घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए आगरा हायर सेंटर भेजा गया। हादसे के बाद कुछ लोगों ने नहर के पास भारी वाहनों के आवागमन पर रोक की मांग को लेकर जाम लगा दिया। हादसे के बाद डंपर चालक डंपर छोड़कर भाग गया।

शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे बमरौली कटारा थाना क्षेत्र के बसेरा भांड निवासी अजीत कुमार अपनी पत्नी और भाभी के साथ बाइक पर किरावली एक गमी में शामिल होने जा रहे थे। ताजगंज थाना क्षेत्र के भहेटा बजेरा गांव पर नहर के पास पीछे से तेज गति से आ रहे डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी।

जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब वो लोग आवाज सुनकर वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि टक्कर के कारण बाइक चला रहा युवक नहर में गिर गया चुका था और बाइक पर उसके पीछे बैठी एक महिला की डंपर की चपेट में आने से मौत हो चुकी थी, वहीं दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने नहर में गिरे युवक को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि घायल मधु की मौके पर मौत हो गई और 42 वर्षीय महिला सोना देवी को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायल महिला के इलाज लिए पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं रोड पर महिला के शव को रखकर जाम भी लगा दिया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। इसके बाद लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।

पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय ने बताया हादसे में एक महिला की जान गई है और एक महिला घायल है। जिसका उपचार चल रहा है।

## टूंडला रेलवे स्टेशन पर दो गाड़ियों का होगा ठहराव

**फिरोजाबाद /टूंडला, अमृत विचार :** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के प्रयास से रेलवे बोर्ड द्वारा दो रेल गाड़ियों नई दिल्ली-कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12033/12034 एवं पुरी-आनंद विहार टर्मिनल नंदन कानन एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12815/12816 के ठहराव के आदेश विवेक कुमार सिन्हा संयुक्त निदेशक द्वारा जारी कर दिए गए हैं। शीघ्र ही केंद्रीय मंत्री एवं सांसद द्वारा हरी झंडी दिखाई जाने की तिथि निर्धारित करने पर उत्तर मध्य रेलवे द्वारा ठहराव की तिथि तय की जाएगी।टूंडला रेलवे स्टेशन पर इससे पहले चार रेल गाड़ियों लिच्छवी एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस, आनंद विहार-वाराणसी एवं वेरावल- वाराणसी ट्रेनों का ठहराव एक वर्ष के अंतराल में किया गया है। इन रेल गाड़ियों के ठहराव होने से आसपास के जिलों के लोगों के अलावा पर्यटको को भी खासी सुविधा होगी।

# आधी रात को कारों में लगा दी आग

संवाददाता, आगरा


आग लगाने से जली कार।

- थाना शाहगंज क्षेत्र के मुरली विहार कालोनी में गुरुवार रात की घटना
- सीसीटीवी में दिखे युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार :** थाना शाहगंज क्षेत्र के मुरली विहार में आधी रात को एक युवक ने घरों के बाहर खड़ी आधा दर्जन कारों को आग लगा दी। युवक ने एक-एक कर कारों में आग लगाई। जैसे ही आग की लपटें उठीं तो लोगों में दहशत फैल गई। घर के बाहर धुआं उठता देख कॉलोनी के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। देर रात दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। तब तक कई वाहन पूरी तरह से जल चुके थे। कालोनी में लगे सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर लोगों ने एक संदिग्ध को पकड़कर पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेने के बाद पूछताछ शुरू कर दी है।

थाना शाहगंज के मुरली विहार कालोनी में गुरुवार की रात करीब दो बजे सिरफिरे युवक ने घरों के बाहर खड़ी कई गाड़ियों में आग लगा दी। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि वह एक-एक कर कारों में आग लगा रहा है। इसके बाद उसने रेलवे लाइन के किनारे एक खोखे को भी आग के हवाले कर दिया। कॉलोनी के एक व्यक्ति रात को उठे तो उन्होंने कार से लपटें उठती देखीं। जब बाहर आए तो कई कार जल रही थीं। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग भी घरों से बाहर निकल आए। वाहनों में आग लगाने की घटना से कालोनी के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आग लगाने की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवक कोट पैंट पहना है। पहले वह गली में घूमता है। फिर कार में लाइटर से आग लगा देता है। लोगों का कहना है कि गनीमत है कि समय रहते पता चल गया, नहीं तो और भी गंभीर हादसा हो सकता था।


रेलवे लाइन के पास जलाया गया खोखा।

# फिरोजाबाद किले को मजबूत करने का कार्यकर्ताओं को मंत्र दे गए अखिलेश

संवाददाता, फिरोजाबाद


फिरोजाबाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को फिरोजाबाद पहुंचे। फिरोजाबाद जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही अखिलेश का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कटफोरी कट पर सैकड़ों कार्यकर्ता अखिलेश के स्वागत में खड़े दिखाई दिए।

अखिलेश यादव फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के समीकरण मजबूत करने के लिए आज फिरोजाबाद में दिनभर रहे। उन्होंने पार्टी से नाराज चल रहे पुराने साथियों को मानने और घर वापसी करने की कवायद शुरू कर दी। फिरोजाबाद से पूर्व विधायक अजीम भाई के घर पहुंच कर अखिलेश यादव ने उन्हें समाजवादी पार्टी में वापस लिया और वहां बैठकर मुस्लिम मतदाताओं से मजबूती के साथ पार्टी के लिए खड़े रहने की अपील की।

इसके बाद अखिलेश यादव बसपा छोड़कर सपा में शामिल हुए जिलाध्यक्ष टीटू प्रधान के घर गए। वहां उन्होंने जाटव समाज के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद फिरोजाबाद में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश चंचल के बेटे के वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के फिरोजाबाद दौरे के दौरान लोकसभा प्रत्याशी अक्षय यादव, पूर्व एमएलसी दिलीप यादव, विधायक सचिन यादव साथ रहे।

## ट्रेन के आगे कूदकर 12वीं के छात्र ने की आत्महत्या

गजरौला, अमृत विचार : घर से परीक्षा देने जाने की बात कहकर निकले कक्षा-12 के छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सूचना पर छात्र के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परीक्षा देने जाने के लिए कहकर शुक्रवार सुबह घर से निकला था। परिजनों के किसी बात पर डांटने से नाराज था। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव हरियाणा निवासी आजम पुत्र अमजद अली कक्षा 12 का छात्र था। उसकी बोर्ड परीक्षा शुरू हुई थीं। बताया जाता है कि उसे परिजनों ने किसी बात पर डांट दिया था। पिता अमजद के मुताबिक आजम शुक्रवार सुबह नौ बजे परीक्षा देने की बात कहते हुए घर से निकला था। इसके बाद शाम करीब चार बजे आजम ने गजरौला रेलवे स्टेशन से गुजर रही श्रमजीवी एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

# एसडीओ के लिए रिश्वत लेता संविदा कर्मी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एंटी करप्शन ने एसडीओ और कर्मी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
- शिकायतकर्ता से एनओसी देने के बदले मांगी थी रिश्वत

**अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने शाहदाना स्थित विद्युत उपकेंद्र से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। अरविंद यह रिश्वत एसडीओ गौरव शर्मा के लिए ले रहा था। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार के मुताबिक इज्जतनगर के सैनिक कॉलोनी निवासी संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार विद्युत उपकेंद्र शाहदाना स्थित कार्यालय में कार्यरत था। बारादरी के नवादा शेखान निवासी राकेश कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनके मकान और दुकान का डेढ़ लाख रुपये बिजली बिल बकाया होने के चलते कनेक्शन काट दिया गया था। उन्होंने ओटीएस योजना के अंतर्गत एक लाख दस हजार रुपये दिसंबर 2023 में एसडीओ गौरव शर्मा से बातचीत करने के बाद जमा किए थे। आरोप है कि उनका दोबारा कनेक्शन जोड़ने के लिए एसडीओ से एनओसी मांगी गई थी। एसडीओ ने संविदा कर्मी के माध्यम से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन के टीम के साथ शुक्रवार को अरविंद कुमार को विद्युत उपकेंद्र शाहदाना स्थित कार्यालय से शाम 4 बजे गिरफ्तार कर लिया। एसडीओ गौरव शर्मा और संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## महिला के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के दोषी को पांच वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली :** महिला के साथ अप्राकृतिक संबंध बनाने के दोषी बदायूं सिविल लाइन्स ग्राम पड़ौआ निवासी अरविन्द कुमार श्रीवास्तव को अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय रवि कुमार दिवाकर ने पांच साल कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है और दुष्कर्म, मारपीट, धमकी देने के आरोप से बरी कर दिया गया। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी। सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि पीड़िता ने 11 अक्टूबर 2020 को डीआईजी को तहरीर देकर बताया था कि उसके पास अरविंद अष्ट विनायक कंपनी के एरिया मैनेजर बनकर काम करने आते थे। वह प्रापर्टी डीलर का काम भी करता था। उसने मकान दिलाने का वादा करके दो बार में पांच लाख रुपये ले लिए थे लेकिन उसने मकान अपने नाम करा लिया। आरोप है कि उसने 18 अप्रैल 2017 को मकान पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाये। 21 दिसम्बर 2017 को अरविंद उसे अपने गांव बदायूं ग्राम पड़ौआ ले गया। वह वहां करीब दो महीने रही। इसी दौरान अरविन्द की पहली पत्नी घर वापस आ गई। उसके बाद वह सुभाषनगर थाना क्षेत्र स्थित मकान में वापस आकर रहने लगी, जहां उसके साथ अरविंद ने अप्राकृतिक संबंध बनाए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत धनौर जागीर, वि.खं. भदपुरा (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | पूरन लाल सेठ के घर से माखन लाल के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | 5,70,000/- |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म सीलबंद निविदा दिनांक 24.02.2024 से दिनांक 25.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाल सकते हैं। जो उसी दिन दिनांक 25.02.24 को सायं 4:00 बजे निविदादाता व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

प्रधान-अनीता देवी — सचिव-प्रिंस कुमार चौहान


## खाने को लेकर बरातियों और घरातियों में मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह के दौरान खाना खाने को लेकर बरातियों व घरातियों में विवाद हो गया। इस दौरान मारपीट के बीच मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद रिश्तेदारों ने दोनों पक्षों को समझाकर किसी तरह विवाद शांत कराया। शहर के एक बैंक्वेट हाल में गुरुवार रात शादी होनी थी। इसी दौरान बरात में शामिल एक युवक ने आयोजन स्थल पर रखी प्लेट फेंक दी। दुल्हन पक्ष ने इस पर विरोध जताया तो दोनों ओर से गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। मौके पर अफरातफरी मच गई। शादी की रस्में भी रुक गई। बाद में वहां मौजूद रिश्तेदारों ने बमुश्किल दोनों पक्षों को समझाकर विवाद शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन: साफ्टवेयर से एजेंसी के कार्यों की होगी निगरानी

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में एक मार्च से एजेंसियां डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू करेंगी। कूड़ा कलेक्शन की निगरानी साफ्टवेयर के माध्यम से की जाएगी। शुक्रवार को एजेंसी ने नगर निगम के ट्रिपल आई सी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर) में साफ्टवेयर का प्रस्तुतीकरण दिया। शुक्रवार को दोपहर कमांड कंट्रोल सेंटर में अपर नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी और सहायक लेखाधिकारी ने एजेंसियों की तकनीक को देखा। एजेंसी ने बताया कि साफ्टवेयर के जरिए एप से अफसर किसी भी समय डोर टू डोर एजेंसी के कर्मचारियों की हर गतिविधि पर नजर रख सकेंगे। हर घर से कूड़ा उठा या नहीं, किसी मोहल्ले या गली में एजेंसी का वाहन गया तो वहां कितनी देर रुका रहा, गली में समय ज्यादा लगाया या कम, इस पर भी नजर रखी जा सकेगी। इसके अलावा मोहल्ले में दो वाहनों की जरूरत है और एजेंसी ने एक वाहन लगाकर काम कराया तो यह भी अनियमितता की श्रेणी में आएगा। अफसरों ने बताया कि एक मार्च से एजेंसी काम करना शुरू कर देगी। उसकी तैयारी की जा रही है।


**न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी सदर, बरेली**

**मु.नं. 129 T-200312130106267 सन् 2023**

**भूरे हुसैन बनाम जाबिर हुसैन आदि**

अं. धारा- 116 U.P.R.C. 2006
राजस्व ग्राम-कुंवरपुर बंजरिया, बरेली

प्रतिवादीगण:- 1. जाबिर हुसैन 2. नन्हें हुसैन 3. रिजाकत हुसैन उर्फ रिफाकत हुसैन पुत्रगण शब्बीर हुसैन निवासीगण- कुंवरपुर बंजरिया, बरेली 4. ग्राम प्रधान कुंवरपुर बंजरिया, बरेली

आपके नाम एक नालिश वास्ते 16 U.P.R.C. 2006 (बंटवारा) के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 19.03.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में वखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 23.02.2024 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

जज



**सम्मन बिनावर इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 6, कायदा 1 व 5)**

नम्बर मुकदमा T202312610402126

अदालत श्रीमान असि.कलेक्ट्रेट./उप जिलाधिकारी जिला शाहजहाँपुर बाबूराम आदि बनाम रूकुमापाल आदि धारा 116 उ.प्रा.रा.सं.साकिन रम्पुरा त. बरूआ मुद्दालेह हरगाह उक्त वादी ने, रामविलास व श्रीमान पुत्रगण हरीराम निवासी ग्राम पियरिया पर. व तहसील जलालाबाद जिला शाह. के आपके नाम एक नालिस के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख माह 26.02.2024 ई. बवक्त 10 बजे दिन अदालत मार्फत वकील जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और रउमूरान अरून मुताल्लिके मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमलादस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताइए अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजबूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके सम्रक्ष और होगा। मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज 22.2.2024 को व बतारीख ई. जारी किया गया।

**न्यायालय उप जिला अधिकारी महोदय तहसील जलालाबाद जिला शाहजहांपुर**



**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर**

पत्रांक : के.जी.बी.बी./एस.एस.ए./8793-99/2023-24 दिनांक : 23.02.24

**के.जी.बी.वी. में चयन हेतु काउन्सिलिंग की संशोधित विज्ञप्ति**

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ व लेखाकार के पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु दिनांक 26.02.2024 को अनन्तिम सूची में चयनित अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग किये जाने के सम्बन्ध में विज्ञप्ति दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला व अमृत विचार में दिनांक 20.02.2024 को प्रकाशित करायी गयी थी। अपरिहार्य कारणों से काउन्सिलिंग की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह काउन्सिलिंग दिनांक 01.03.2024 दिन मंगलवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे विकास भवन सभागार, शाहजहाँपुर में आयोजित की जायेगी। शेष नियम व शर्तें पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 20.02.2024 के अनुसार रहेगी।

(रणवीर सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
शाहजहाँपुर



**कार्यालय-प्रवर अधीक्षक डाकघर बरेली मण्डल बरेली-243001**

**सूचना**

**डाक अदालत**

डाक सेवाएं देश के सामाजिक आर्थिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है और यह लगभग सभी नागरिकों के जीवन से जुड़ी हुई हैं। डाक विभाग के उपभोक्ताओ को पूरी संतुष्टि वाली सेवाएं प्रदान करने की कोशिशों के बावजूद भी कभी-कभी डाक सेवाओं में कुछ कमियां रह जाती हैं जिसकी विभाग को शिकायतें मिलती रहती हैं। डाक विभाग इन शिकायतों को प्रभावी तरीके से निपटाने के लिए समय-समय पर डाक अदालत का आयोजन करता है, जहाँ विभाग के अधिकारी असंतुष्ट ग्राहकों से मिलते हैं और उनकी शिकायतों से जुड़े विवरण मांग कर शीघ्र उनका निवारण करने की कोशिश करते है।

डाक मंडल बरेली के प्रवर अधीक्षक दिनांक 07.03.2024 को दोपहर 03:00 बजे अपने कार्यालय में डाक अदालत का आयोजन करेंगे। डाक अदालत में बरेली डाक मंडल से जुड़ी डाक सेवाओं की उन शिकायतों पर विचार किया जाएगा, जिनका निवारण छ: हफ्तों में नही किया जा सका है। डाक मंडल बरेली के तहत आने वाले डाकघरों की सेवाओं से सम्बंधित सभी शिकायतों पर डाक अदालत में विचार किया जाएगा। शिकायत में मनीआर्डर/बचत बैंक खाता/स्पीड पोस्ट/पंजीकृत पत्र/ पार्सल/प्रमाण पत्र के पूर्ण विवरण के साथ उन अधिकारियों के नाम और पद का विवरण देना होगा जिनके समक्ष पहली पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवाओं से सम्बंधित अपनी शिकायत प्रवर अधीक्षक डाकघर, बरेली मंडल बरेली, हेड पोस्ट ऑफिस कैम्पस, बरेली-243001 के पते पर दिनांक 29.02.2024 तक या उससे पहले भेज सकते हैं। जिस लिफाफे में शिकायत पत्र भेजें, उस पर ''डाक अदालत'' अवश्य अंकित करें। दिनांक 29.02.2024 के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर डाक अदालत में विचार नहीं किया जायेगा।

प्रवर अधीक्षक डाकघर
बरेली मण्डल बरेली-243001



**कार्यालय जिला पंचायत बदायूँ**

पत्रांक : 1024/जि.पं./नि.अनु./2023-24 दिनांक : 23.02.2024

**ई-निविदा सूचना**

उ.प्र. शासन के आदेश सं. 05/2019/2902/33-2-2019-198जी/2018 दिनांक 16 अगस्त, 2019 व शासनादेश सं. 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों, लो.नि.वि. एवं सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाइड) अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 03 कार्यो पर मानक के अनुसार ई-निविदायें प्राप्त न होने की दशा में उक्त 03 कार्यो की पुन: ई-निविदायें दिनांक 02.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर अपलोड करने हेतु आमंत्रित की जाती है जो इसी दिनांक 02.03.2024 की दोपहर 02:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत बदायूँ में खोली जायेगी। निविदा शुल्क की धनराशि आर.टी.जी.एस. (RTGS)/एन.ई.एफ.टी. (NEFT) के माध्यम से जिला निधि के खाता सं. 09830100009167 आई.एफ.एस.सी. कोड BARBOBADAUN में जमा करना अनिवार्य होगा और जमा निविदा शुल्क की यूनिक नम्बर रसीद व 2% (दो प्रतिशत) धरोहर (जमानत) धनराशि की एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो के साथ-2 जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण-पत्र, आयकर व ठेकेदारों का नवीनीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा पर बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा। सन्दर्भित वेबसाइट पर निविदा दिनांक 24.02.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे से देखी व अपलोड की जा सकती है। सशर्त प्राप्त निविदा तथा नियत तिथि व समय उपरान्त कोई भी वाद व प्रार्थना पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। लेपन कार्य हेतु मैक्सफाल्ट व इमल्शन सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा क्रय कर भुगतान से पूर्व सी.आर.सी. कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा सी.आर.सी. का सत्यापन उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा। हॉटमिक्स पद्धति से कराये जाने वाले कार्यो का हॉटमिक्स प्लान्ट से अनुबन्ध अनिवार्य होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in व BADAUN.NIC.IN पर भी देखा जा सकता है।

(मासूम रजा) अभियन्ता जिला पंचायत, बदायूँ — (सुरेन्द्र कुमार दूबे) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, बदायूँ — (वर्षा सिंह) अध्यक्ष जिला पंचायत, बदायूँ


## सदर हवालात से हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर फरार, तीन पुलिस कर्मी निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** न्यायालय परिसर स्थित सदर हवालात से दो बंदी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और गैंगेस्टर सचिन सैनी सरिया काटकर फरार हो गए। दोनों को बिथरी चैनपुर स्थित केंद्रीय कारागार दो से कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। मामले में एसएसपी ने एसआई वीरेंद्र कुमार, सिपाही प्रांशु कुमार और रॉबिन को निलंबित कर दिया है। कोतवाली में फरार बंदियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसएसपी ने फरार बंदियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की हैं। अभियोजन में तैनात दरोगा वीरेंद्र कुमार की तरफ से कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के लिए केंद्रीय कारागार-दो से 61 बंदियों को लाया गया था। शाम को पेशी के बाद जेल वापस ले जाने के लिए गिनती की गई तो कोतवाली के बिहारीपुर ढाल निवासी हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव और सीबीगंज के पस्तौर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी गायब मिले। पुलिस ने देखा तो सदर हवालात की दो सरिया कटी मिली, तब तक दोनों फरार हो गए थे। जानकारी पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फोर्स ने कोर्ट का चप्पा-चप्पा खंगाला लेकिन कहीं नहीं मिले।


बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमापूँजी

**गाजियाबाद अंचल**

**गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी के लिए नोटिस**

एतद्द्वारा निम्नलिखित स्वर्ण ऋण उधारकर्ताओं, उनके कानूनी वारिसों, स्वर्ण आभूषणों / गहने / सिक्कों के व्यवसाय में लगे व्यक्तियों और आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि बैंक द्वारा बार-बार अनुस्मारक / नोटिस के बावजूद, निम्नलिखित उधारकर्ता बैंक को अपना बकाया भुगतान नहीं कर रहे हैं ।

एतद्द्वारा यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि यदि वे अपने संबंधित स्वर्ण ऋण खातों (अद्यतन ब्याज और सभी लागत शुल्क/व्यय सहित)में अपनी सभी बकाया राशि **दिनांक 12.03.2024 तक** जमा करने में विफल रहते हैं, तो **दिनांक 13.03.2024 को शाम 4.00 बजे** उनके गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण/गहने/सिक्के सार्वजनिक नीलामी के लिए शाखा परिसर में रखे जाएंगे। इसके लिए, संबंधित उधारकर्ताओं को हुई किसी भी असुविधा या क्षति के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में किसी भी उधारकर्ता के किसी भी आरोप या अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

बोली में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) शाखा प्रबंधक के पास निर्धारित समय/तिथि से पहले बयाना राशि के रूप में जमा करना चाहिए। अंतिम बोली में भाग लेने वाले व्यक्तियों को 48 घंटे के भीतर पूरी राशि बैंक में जमा करने में सक्षम होना चाहिए, ऐसा नहीं करने पर बैंक में जमा उनकी बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। बैंक बिना कोई कारण बताए नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, यदि इस प्रकार निकाली गई बोली का मूल्य कम या अपर्याप्त पाया जाता है। इसके अलावा, यदि आवश्यक हो, तो बैंक उपरोक्त निर्धारित नीलामी की तिथि, समय या स्थान को बदलने या बिना कोई कारण बताए उसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्रचलित दर पर टी डी एस एवं बिक्र्य मूल्य पर 3% की दर से जी एस टी लागू / देय होगा।

| शाखा | खाता संख्या | उधारकर्ता का नाम | पता |
|---|---|---|---|
| बरेली | 784077610000721 | समिया जीशान पत्नी मो. जीशान | 272,नवादा शेखन, पुराना शहर, बरेली |
| बरेली | 784077610000089 | रेशमा पत्नी अकीम शेख | मकान 212, केम्फर स्टेट कॉलोनी, रामपुर रोड, बरेली |
| बरेली | 784077610000064,71 | अवरार पुत्र जलालुद्दीन | सनैय्या धन सिंह, सराए तल्फी मुस्तकिल, बरेली |

शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, बरेली



INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023

**आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहाँपुर**
**कम्फर्ट्स लिमिटेड की इकाई**
**भारत सरकार का उपक्रम**
**रक्षा मंत्रालय**

पत्रांक सं. : 015/वाईएंडई/शॉप टेंडर दिनांक : 22.02.2024

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयुध निर्माणी शाहजहाँपुर में स्थित इस्टेट एरिया के कॉमसासु कॉम्प्लेक्स में स्थित दुकानों के लिये निविदा आमंत्रित की जा रही है। आयुध निर्माणी शाहजहाँपुर शाहजहाँपुर द्वारा दी गई शर्तो को पूरा करने वाले निविदाकार भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये यार्ड एंड इस्टेट अनुभाग से किसी कार्य दिवस में संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**निविदा फार्म का मूल्य रू. 500/-**

निविदा के साथ जमा करने वाली सुरक्षा राशि रू. 5000/-

निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 05.03.2024 सायं 17:00 बजे

निविदा खुलने की तारीख 06.03.2024 सायं 15:30 बजे उपरोक्त अंकित तिथि के उपरांत प्राप्त निविदा पत्र मान्य नहीं होगा।

(प्रकाश प्रभाकर)
उप महाप्रबन्धक
कृते व. महाप्रबन्धक



**कार्यालय नगर निगम, बरेली**

**ई-निविदा सूचना**

पत्रांक 193/का.अधी./न.नि.ब./2023-24 दिनांक : 23.02.2024

नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर HP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में, इच्छुक फर्म को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के माध्यम से कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रति नग कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http:/etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट http:/nagarnigambareilly.com पर देखा जा सकता है। निविदा मूल्य+जी.एस.टी. के माध्यम से नगर निगम बरेली के खाता सं. -3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से ही देय होगा। जिसकी स्कैन कॉपी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी। तथा एफ.डी.आर. अपर नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य RTGS के माध्यम से ई-टेण्डर नगर निगम, बरेली के नाम देय होगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 24-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 24-02-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 11-03-2024 - (10:00 AM) |
| तकनीकी ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 12-03-2024 - (12:00 PM) |
| वित्त ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | तकनीकी मूल्यांकन के बाद |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+18% GST | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम, कार्यालय में प्रति नग कम्प्यूटर IIP/DELL कम्पनी के आपूर्ति किये जाने हेतु कम्प्यूटर की दरें आमंत्रित करने के सम्बन्ध में। | 35,000.00 | 1666+300 = 1966 | 15 दिवस |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यालय अधीक्षक
नगर निगम, बरेली।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।


## संपादकीय

# कूटनीति की ताकत

वर्ष 2024 वैश्विक राजनीति में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। अमेरिका और रूस-चीन के गठबंधन के बीच टकराव ही वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों और समीकरणों की दशा-दिशा तय करेगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के समीकरणों में बहुत अहम बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक क्षेत्रों में भारत के तय उभार से और अधिक रेखांकित होंगे। दुनिया इस जटिल और उभरते भू-राजनीतिक मंजर के साथ तालमेल बिठाने के लिए जूझ रही है, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सत्ता और निर्णय प्रक्रिया की ताकत के पारंपरिक संतुलन में बहुत बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं जिनसे वैश्विक प्रशासन में एक नए युग की शुरुआत का पता चलता है। चीन-भारत संबंध संतुलन की स्थिति में पहुंचना, इसे बरकरार रखना बड़ी चुनौती होगी। आर्थिक मोर्चे पर एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को 'रायसीना संवाद' के एक परिचर्चा सत्र में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए।

मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में ऐसा बदलाव ला रहा है, जो स्थायी हैं। ये ऐसा तथ्य है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। रायसीना संवाद जियो-पॉलिटिक्स और भू-इकोनॉमी पर आधारित एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य दुनिया के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान एक बड़ी शक्ति के रूप में भारत की छवि उभर कर सामने आई। विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में आमूल-चूल सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक नियम एकपक्षीय हित में नहीं होने चाहिए। अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और आबादी, सामरिक रूप से अहम भौगोलिक स्थिति और बढ़ते प्रभाव की वजह से भारत, विश्व मंच पर अधिक अहम भूमिका निभाने जा रहा है। ये उभार न केवल भारत के अपने विकास का प्रतीक है, बल्कि ये एक व्यापक चलन यानी, अंतर्राष्ट्रीय मामलों को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका का भी संकेत है। पिछले आठ सालों से इस सम्मलेन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। सम्मेलन भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है।

# विविधता का रसायन और उसकी अनिवार्यताएं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

यह बहुत पुराना देश है और बहुत विविधताओं का देश है। यहां सबके लिए जगह है। सहिष्णुता इसके जींस में है। एकरूपता यहां एक बेगानी चीज है, जो भी यहां आया और इसे अपनी धरती समझकर बस गया, इसने सबको अपना लिया। उनके देवी-देवता, उत्सव-त्योहार भी अपना लिए। मेरे बचपन तक कुछ फकीर-जैसे दिखते लोग गाजी मियां का निशान (झंडा) उठाए, गांव-गांव घूमते, सतरिख (बाराबंकी) की यात्रा पर जाते थे। औरतें गाजी मियां की मानता मानती थीं और मानता पूरी होने पर सतरिख की यात्रा करने के बजाय इन्हीं निशान उठाने वालों की मार्फत अपना चढ़ावा भेज देती थीं। ये निशान उठाने वाले मानता मानने वालों के लिए स्वयं सेवक का काम करते थे।

गाजी मियां (गाजी सैयद सालार मसूद) एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। वे महमूद गजनवी के भांजे थे और गाजी (धर्मयोद्धा) थे तो इस्लाम के विस्तार के लिए युद्ध करने अपने मामा महमूद गजनवी के साथ भारत आए थे। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, यही 16 साल के करीब। सतरिख (बाराबंकी) वह जगह थी जिसे अपना सदर मुकाम बनाकर सालार मसूद बहराइच, हरदोई और बनारस के राजाओं से युद्ध कर रहे थे। उनके पिता सैयद सालार साहू की सतरिख में ही मृत्यु हुई थी। बाद में सालार मसूद बहराइच के राजभर राजा सुहेलदेव से हुए युद्ध में पराजित और गंभीर रूप से घायल हो गए। बहराइच में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उनकी उम्र महज 20 साल थी।

किंवदंती है कि सालार मसूद अपने मामा महमूद गजनवी के ठीक विपरीत, संत स्वभाव के आदमी थे। अभी तक सतरिख में उनकी गद्दी पर धूनी जलती है और हिंदू तथा मुसलमान दोनों उसका दर्शन करने जाते हैं। संत और फकीर में इस देश के लोग भेद नहीं करते थे, खासकर औरतें जिनके बहुत सारे दुःख और बहुत तरह के दुःख होते थे। बच्चों पर संकट के समय तो वे किसी से भी मिन्नत-आरजू करने, गिड़गिड़ाने को तैयार हो जाती थीं। मानता मानना उसी का हिस्सा था। आस-पड़ोस में, नाते-रिश्तेदारी में किसी विशेष की मानता से राहत की खबर हवा में उड़ती रहती थी। वहीं से वे उसे पकड़ लेती थीं और खुद विपत्ति में पड़ने पर उसे त्राता के रूप में याद करती थीं, उससे याचना करती थीं, उसकी मानता मानती थीं। विपत्ति से छुटकारा मिलने पर मानता पूरी करने को लेकर फिक्रमंद रहती थीं, उसे एक देय कर्ज की तरह याद किए रहती थीं और मौका मिलते ही पूरी करने निकल पड़ती थीं। गाजी मियां एक सुविधाजनक त्राता थे जिनकी मजार तक जाने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनके स्वयं सेवक गांव-गांव घूमते थे।

मुहर्रम पर मेरे गांव के बगल के गांव में ताजिया उठता था और दोपहर बाद एक बाग में मेला लगता था। सौदा-सुलफ के अलावा उस मेले का खास आकर्षण कुश्ती और 'लकड़ी' का खेल होता था। लकड़ी दरअसल गतके को कहते थे, जो एक छोटा डंडा होता था जिस पर चमड़े का खोल चढ़ा रहता था। प्रहार और आत्मरक्षा की फुर्ती का बहुत सधा हुआ खेल था जिसमें किसी को चोट नहीं लगती थी, लेकिन अपनी तेज गतिशीलता से खिलाड़ी दर्शकों को रोमांचित कर देते थे। जोड़ियों पर जोड़ियां उतरती जाती थीं और हम हर बार नए-नए दांव-पेंच के प्रदर्शन से अभिभूत एकटक देखते रहते थे। हमारे यहां बोली जाने वाली अवधी में अरबी-फारसी के सैकड़ों शब्द दाखिल होकर इस कदर घुलमिल गए हैं कि लगता ही नहीं, ये अवधी के नहीं हैं, कभी बाहर से आए होंगे। बस गैर-पढ़े-लिखे लोग क, ख, ग, ज, फ की नुक्तेवाली ध्वनि का उच्चारण नहीं कर पाते। हिंदू और मुसलमान दोनों अवधी बोलते हैं। पढ़े-लिखे गैर पढ़े-लिखे सभी। पढ़े-लिखे मुसलमानों की बस यही पहचान है कि वे अवधी में बोलते समय भी बाकायदे नुक्ते की ध्वनि के साथ बोलते हैं। ये ध्वनियां हमें कब और कहां-कहां से मिली होंगी? धीरे-धीरे कुछ खो भी गई होंगी। संस्कृत के मूर्धन्य ष और ऋ और ऌ का उच्चारण हम भूल चुके हैं, लेकिन हिंदी में भी कुछ ऐसी ध्वनियां हैं, जो संस्कृत में नहीं हैं। जैसे ड़ और ढ़। संस्कृत में केवल ड और ढ की ध्वनि है जब कि हिंदी में ड और ड़ तथा ढ और ढ़ की अलग-अलग ध्वनियां हैं। मराठी में ड़ और ल के बीच एक और ध्वनि है, जो इधर बहुत प्रचलित है। वह है ळ। यहां मराठी लोग जब इस ध्वनि का उच्चारण करते हैं, बहुत ध्यान से सुनने के बावजूद हम अंतर को इस तरह नहीं पकड़ पाते कि उसे बोल भी सकें। ध्वनियों की और शरीर के ध्वनि-यंत्रों की विविधता का भी यह देश है।

> बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न-भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है। वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है।

वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे। अवधी सहित यहां की बोलियों का इतिहास लौकिक संस्कृत से अधिक प्राचीन है। पता नहीं, अवध के गांवों के गैर-पढ़े-लिखे लोग चार धाम बनने के शुरू के चरण में जब रामेश्वरम और जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर जाते रहे होंगे, उनका काम कैसे चलता रहा होगा? अब तो वहां के स्थानीय लोगों के पॉकेट्स हैं, जहां सभी धड़ल्ले से हिंदी बोलते-समझते हैं।

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

## प्रसंगवश

# क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं



संजय वर्मा
इंदौर

आखिर सफलता की कहानियां हमें किस तरह प्रभावित करती हैं? बात इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम इंसान सदियों से अपने बच्चों को कहानियां सुनाते हैं। क्योंकि हम मानते हैं कि दूसरे लोगों की सफलता हमारे बच्चे को और मेहनत करने की प्रेरणा देगी, पर क्या बच्चे सचमुच मोटिवेट होते हैं? या और ज्यादाहीन महसूस करने लगते हैं।

मनोविज्ञान में एक शब्द है 'सिग्निफिकेंट अदर्स'। मतलब अजनबी लोगों के इस संसार में वे कुछ नजदीकी लोग, जो हमारे लिए मायने रखते हैं। ऐसा समझें कि यदि कोई अजनबी गरीब बच्चा कलेक्टर बन जाए तो मुझे प्रेरणा मिल सकती है, पर मेरा चचेरा भाई तहसीलदार भी बन गया तो मुझे ईर्ष्या होगी, मैं छोटा महसूस करूंगा? मतलब सफलता की कहानी प्रेरणा तो देगी, लेकिन वह नजदीकी लोगों की नहीं होनी चाहिए।

वहीं दूर के लोगों की कहानी सुनकर इंसान बेहतर बनता है यह मानना भी मुश्किल है। यदि ऐसा होता तो राम की मर्यादा, शिवाजी का साहस और हरिश्चंद्र के त्याग की कहानी सुनकर बड़े हुए बच्चे इतने बेईमान, झूठे और स्वार्थी कैसे हो जाते हैं? अब्दुल कलाम आजाद की गरीबी से निकलकर वैज्ञानिक बनने की कहानी सुनकर कितने बच्चे वैज्ञानिक बने? तो क्या हम मान लें कहानियां अपने मकसद में नाकामयाब रही हैं? अगर कहानी नहीं है तो फिर वह क्या है जिससे हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है? और अगर कहानी अपने मकसद में नाकामयाब रही है तो फिर हम कहानियां क्यों सुनाते हैं?

मेरा अपना मानना है कि किसी असफल या लो फील कर रहे बच्चे को किसी और की सफलता की कहानी सुनाकर आप उसे जलील कर सकते हैं, मोटिवेट नहीं कर सकते। अपने तीस साल के व्यावसायिक जीवन में मैंने दसियों बच्चों को ट्रेंड किया। उनमें से ज्यादातर लोग आज कामयाब हैं। मेरा अनुभव कहता है, लोग दूसरों की नहीं खुद अपनी सफलता से मोटिवेट होते हैं। हौसला देने से आगे बढ़ते हैं, कहानियों से नहीं। मुश्किलों से घिरा इंसान उस टूटे कुंए की दीवार है जिसमें से हर नई सफलता की कहानी एक और ईंट उखाड़ ले जाती है।

# आस्था से खिलवाड़ क्यों



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

> मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था।

मान्य अवधारणा है की देवी नाम केवल मनुष्यों को ही दिए जाते हैं। मगर सिलिगुड़ी वन्यप्राणी उद्यान में शेर और शेरनी का नाम अकबर और सीता पर रख दिया गया। भला ऐसी बेजा हरकत किस इशोपासक को गवारा होगी? अतः स्वाभाविक है कि विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को दोषी और संवेदनहीन करार दिया। परिषद की बंगाल शाखा ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। अदालत ने 20 फरवरी को सुनवाई की। शेरों के जोड़े का नाम बदलने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने शेरनी का नाम सीता रखने और शेर को अकबर नाम देने को लेकर बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था। 'अकबर' के साथ 'सीता' रखना हिंदू धर्म का अपमान है।

इस मामले में राज्य के वन अधिकारियों और सफारी पार्क निदेशक को मुकदमें में पक्षकार बनाया गया है। सिंगल बेंच के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वह शेर-शेरनी को कोई दूसरा नाम देने पर विचार करें, ताकि विवाद को शांत किया जा सके। अदालत ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग सीता की पूजा करते हैं। वहीं अकबर एक कुशल, और सफल मुगल सम्राट था।

अदालत ने कहा : 'वकील साहब, क्या आप खुद अपने पालतू जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान या मुस्लिम पैगंबर के नाम पर रखेंगे। मुझे लगता है, अगर हम में से कोई भी अधिकारी होता तो हममें से कोई भी उनका नाम अकबर और सीता नहीं रखता। क्या हम में से कोई रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर किसी जानवर का नाम रखने के बारे में सोच सकता है? इस देश का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है।'

एडिशनल एडवोकेट जनरल ने अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल ने इन जानवरों को कोई नाम नहीं दिया है। त्रिपुरा चिड़ियाघर के अधिकारियों ने दिए थे। इस पर अदालत ने कहा:'धार्मिक देवता या ऐतिहासिक रूप से सम्मानित व्यक्तित्वों के नाम पर शेरों का नाम रखना अच्छा नहीं है। राज्य पहले से ही कई विवादों को देख रहा है। यह विवाद एक ऐसी चीज है जिससे बचा जा सकता है।'

अधिवक्ता ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शेरों को नए नाम दिए जाएं, लेकिन उन्होंने अदालत से याचिका खारिज करने का भी आग्रह किया। इस पर अदालत ने कहा, 'चूंकि शेरों के नाम लिए गए हैं। याचिकाकर्ता दावा कर रहे हैं कि इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले की जांच करनी होगी, लेकिन यह एक जनहित याचिका के तौर पर होगी।' अदालत ने आदेश दिया कि याचिका को जनहित याचिका के रूप में लिया जाए। इसे उस खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करती है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा: 'कृपया विवाद से बचें अपने अधिकारियों से इन जानवरों का नाम बदलने के लिए कहें। किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम और ईसाई पैगंबर, महान पुरस्कार विजेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों आदि के नाम पर न रखें।'

न्यायमूर्ति ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। जस्टिस भट्टाचार्य ने पूछा: 'आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए?'

## सोशल फोरम

# दिल्ली घेरने की जिद



मनोज कुमार
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

पंजाब की सीमा पर पंजाब के तथाकथित किसानों का जमावड़ा है। इनमें कुछ अन्य प्रदेशों के आधारहीन और अराजकता में अपने लिए कुछ लाभ देखने वाले नेता भी शामिल हैं। यह भी एक किस्सा है कि चुनाव से बिल्कुल पहले केंद्र सरकार और मोदी को असहज करने के लिए यह षडयंत्र कांग्रेस द्वारा रचा गया है जिसमें कुछ आंदोलन आयोजित करने वाले व्यवसायी भी शामिल हैं। जाहिर है कि कनाडा और सीआईए भी इस आंदोलन में रुचि ले रहे हैं।

आंदोलनकारियों की दो मुख्य मांगें हैं। पहली मांग है न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाया जाए। मतलब जो कोई भी इस मूल्य से कम पर कृषि उत्पाद खरीदे उसे दंडित किया जाए। दूसरी मांग है स्वामीनाथन कमेटी की संस्तुति के अनुसार कृषि उत्पाद के मूल्य निर्धारित किए जाएं। इस कमेटी के अनुसार मूल्य उत्पादन पर हुए व्यय का डेढ़ गुना होना चाहिए। आंदोलनकारी केंद्र सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं और केंद्र के निर्देश पर इन्हें हरियाणा में प्रवेश से रोका गया है जिस पर इन्होंने सड़क पर बैठकर रास्ता बंद कर दिया है। पंजाब की आप पार्टी की सरकार इन्हें पूरा सहयोग दे रही है जिसके कारण इन्हें हरियाणा सीमा तक आने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

केंद्र सरकार के तीन मंत्री लगातार वार्ता के लिए उपलब्ध रहे हैं, पर कोई समझौता नहीं हो पाया। आंदोलनकारी दिल्ली जाने और दिल्ली का घेराव करने पर अडिग हैं। इस पूरे प्रकरण में मैं एक बात से हैरान हूं। कृषि तो भारत के संविधान के अनुसार राज्य का विषय है।

कृषि उत्पाद का उचित मूल्य दिलाना तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार इसमें कहां से आ गई? केंद्र तो एक अच्छे खरीदार की भूमिका में है और एक न्यूनतम मूल्य पर खरीद करती है। राज्य चाहे तो उससे अधिक मूल्य दे सकता है। हैरानी इस बात की है कि केंद्र सरकार भी यह नहीं कह रही। अगर वह ऐसा स्टैंड लेते हैं तो इस आंदोलन का आधार ही समाप्त हो जाएगा और अगर फिर भी कोई दिल्ली घेरने की जिद करता है तो उसके प्रति की गई हर कार्यवाही न्यायसंगत होगी।

-फेसबुक वॉल से

# नायकत्व ने पुतिन में अहंकार और आत्ममुग्धता पैदा की



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए।

पुतिन की तानाशाही के मुखर विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की रूस की एक जेल में रहस्यमय मौत हो गई। महज 48 वर्ष की उम्र में। दुनिया ने इस मौत का संज्ञान लिया। कई विशेषज्ञों ने इसे 'राजनीतिक हत्या' की संज्ञा दी, लेकिन रूस के टीवी चैनलों ने अपनी न्यूज बुलेटिन के अंत में बेहद तटस्थ स्वरों में एक लाइन में उनकी मौत की खबर दी जो ' फर्जीवाड़े के आरोप में' जेल में बंद थे। हालांकि रूस के कई शहरों में इस घटना के विरोध में शोकसभाएं आयोजित हुईं, प्रदर्शन किए गए जिनका पुलिस ने सख्ती से दमन किया। कितने सारे लोग जेल में डाल दिए गए, कितनों को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

अलेक्जेंडर सोल्जेनित्सिन ने इस रूस की कल्पना तो नहीं ही की होगी, जो सोवियत संघ के दौर में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए मुखर रहे एक बड़े लेखक थे। उन्हें कम्युनिस्ट तानाशाही के खिलाफ बोलने-लिखने के कारण अमेरिका में लंबा निर्वासन झेलना पड़ा। उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। सोवियत पराभव और विखंडन के बाद वे रूस लौटे, लेकिन जल्दी ही नए रूस में भी उनका मोहभंग होने लगा।

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए। हमें ऐसे बुद्धिजीवियों की बहुत जरूरत है, जो देश की राजनीतिक संस्कृति को मनुष्यता और नागरिक अधिकारों के साथ देख सकें, उन्हें मुखर समर्थन दे सकें। जिस देश और समाज के बुद्धिजीवी सत्ता का विश्लेषण करने में साहस और ईमानदारी से काम नहीं लेंगे, उसका नैतिक पतन दूर नहीं रह जाएगा। फिर अलग तरह की तानाशाहियों से हम मुकाबिल होंगे, जो जनता के हितों को कुछ चंद मुट्ठियों में कैद कर देंगी।' रूस ने सोल्जेनित्सिन की आशंकाओं को सही साबित किया। सोवियत विघटन के बाद जर्जर और बेहाल रूस वाया येल्तसिन पुतिन के दौर में पहुंचा। देश ने धीरे-धीरे आर्थिक स्थायित्व हासिल किया, सामरिक आधार तो था ही, पुतिन ने उसे नई आक्रामकता और विस्तार दिया। वे नए नायक बन कर उभरे। इस नायकत्व ने पुतिन में अहंकार पैदा किया, आत्ममुग्धता पैदा की और सत्ता में येन केन प्रकारेण बने रहने की लिप्सा जगाई। नई सदी के रूस में नए उद्योग घराने उभरे जिनके लिए व्यावसायिक लाभों की खातिर नैतिकता और मानवीय शुचिता कोई मायने नहीं रखती थी। वे पुतिन के बन गए पुतिन उनके हो गए।नया दौर था टेक्नोलॉजी का जमाना, मीडिया के न जाने कितने रूप। ऊपर से सोशल मीडिया का सर्वव्यापी प्रसार। कितना भी प्रतिबंधित करो, कभी इधर से तो कभी उधर से सूचनाओं और विचारों का कोई झोंका आ ही जाता, जो प्रतिरोध की भावनाओं को बल दे सकता था। नए दौर में नेताओं को ब्रांडिंग की जरूरत अधिक ही महसूस होने लगी। पुराने दौर वालों से बहुत ज्यादा। पुतिन और उनके निकट के सलाहकारों ने भी इस जरूरत को शिद्दत से महसूस किया। फिर तो एक से एक कंपनियों की लाइन लग गई, जो पुतिन के लिए एक से एक पेशकश के साथ खड़े थे'हम आपकी ऐसी छवि बना देंगे जो आपको देश का पर्याय बना देगी।

करोड़ों डॉलर, बोले तो रूबल, झोंके जाने लगे हाड़ मांस के उस नश्वर जीव की छवि के निर्माण के लिए। सर्वत्र पुतिन ही पुतिन...रूस के 'पुराने वाले वैभव' को लौटाने का और 'नया रूस' बनाने का संकल्प दुहराते हुए, तिहराते हुए। रूस के कई विपक्षी नेता जेलों में बंद हैं। किसी पर कोई आरोप, किसी पर कुछ और आरोप, जो जितना साहसी प्रतिरोधी, उस पर उतने ही सख्त आरोप। कोई नहीं बता सकता कि आरोप कितने वास्तविक हैं कितने राजनीतिक। पुतिन के सहयोगी समर्थक कॉर्पोरेट घरानों की बढ़ती संपन्नता की रूस में ही नहीं, दुनिया में तूती बोल रही है। कुछ खास कॉर्पोरेट घरानों पर आरोप हैं कि पुतिन के समर्थन सहयोग के एवज में वे देश के संसाधनों पर अपना कब्जा बढ़ाते गए हैं। पुतिन ने रूस को संभाला, उसे फिर से खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने आत्मविश्वास खो चुके देश में नए विश्वास का संचार किया, लेकिन उनके दौर ने रूस में भयानक रूप से बढ़ती आर्थिक असमानता देखी, नागरिक अधिकारों के दमन का नया दौर देखा, बाजार पर कॉर्पोरेट का सत्ता संरक्षित नाजायज कब्जा देखा, क्या-क्या नहीं देखा।

ब्रांड की कैद में घिरे नेता की चमक बढ़ती गई, बाजार पर खास लोगों का कब्जा बढ़ता गया। अब ब्रांडिंग का जलवा देखना समझना हो तो पेप्सी और कोका कोला को ही देखें जिनके बारे में दुनियाभर के आहार विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे कि यह संकट है, लेकिन उन कंपनियों ने भारत जैसे विशाल बाजार में आकर गंध मचा ही दी। कौन सुपरस्टार, कौन क्रिकेट स्टार, कितने-कितने स्टार उसके मार्केटिंग एजेंट बन करोड़ों कमाते रहे और पब्लिक उस मीठे जहर के घूंट लेती नकल में दुहराती रही...'पेप्सी अहा'। पुतिन कुछ संभाल कर, अधिक बिखरा कर, गिरा कर दृश्य से ओझल होंगे एक दिन। कितने महामानव तो ऐसे हैं जिन्होंने संभाला क्या इस पर तो बहस है, लेकिन बिखराया क्या, गिराया क्या, यह सब देख रहे हैं। अंतर यही है कि बड़े ही जतन से गढ़ी गई उनकी चेतना उन्हें इन बिखरावों, इन गिरावटों पर कूदने और हर्षित होने लायक ही बनाकर छोड़ती है।

# समतल हो गई दुनिया



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बिल गेट्स (दुनिया के बहुत अमीर, माइक्रोसॉफ्ट के मालिक) कहते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट में वे केवल एक ही बात जानते हैं: चार वर्षों में, उनके द्वारा बनाया गया प्रत्येक उत्पाद अप्रचलित हो जाएगा। एक मात्र सवाल यह है कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देगा या इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देगा। यदि माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देता है तो कंपनी फलेगी-फूलेगी। यदि इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देता है तो माइक्रोसॉफ्ट संकट में पड़ जाएगा।

हम जब भी भवाली से हल्द्वानी जाते हैं, रास्ते की घड़ी बनाने की अपने समय की मशहूर एचएमटी कंपनी यही कहानी मुझे बार-बार याद दिलाती है। सब उजाड़ सा है वहां अब। ऐसे ही मेरे जिले रायबरेली की टेलीफोन फैक्ट्री। वहां पड़ोस के जनपद कानपुर की कपड़ा मिले। मोबाइल के क्षेत्र में नोकिया, जो समय के साथ नहीं दौड़ेगा, वह पिछड़ जाएगा। वैसे अब दुनिया समतल हो गई है और दुनिया के दृष्टिकोण से देखें तो मैन्यूफैक्चर सेक्टर में देश पिछड़ रहा है। चीन तो बहुत आगे निकल ही गया था, अब कपड़ा उद्योग में बांग्लादेश कमाल कर रहा है, हमसे बहुत आगे हो गया, उसकी जीडीपी रफ्तार भी हमसे आगे है। अब कारण मत पूछिएगा, न आपको सुनते अच्छा लगेगा, न मुझे बताते।

### ब्रज क्षेत्र के सभी 13 लोकसभा क्लस्टरों की बैठक में माइक्रो मैनेजमेंट पर हुई विस्तृत चर्चा

# मोदी की गारंटी के साथ ग्राउंड जीरो पर काम करें कार्यकर्ता : बी एल संतोष

संवाददाता, अलीगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के शंखनाद से पहले भाजपा संगठन अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटा है। इसी को लेकर 23 फरवरी को ब्रज क्षेत्र के सभी 13 लोकसभा क्लस्टरों की बैठक अलीगढ़ में हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए करीब 30 बिंदुओं पर चर्चा की ।

रामघाट रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से इस बैठक का पहला सत्र शुरू हुआ। बीएल संतोष ने बैठक में मौजूद लोकसभा क्लस्टर जिला प्रभारी, क्लस्टर प्रभारी ,लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक, लोकसभा विस्तारक, जिला अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष, विधानसभा संयोजक व विधानसभा प्रभारी को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द ही आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। हमारी तैयारी जमीनी स्तर पर कितनी है हमें यह विश्लेषण करना होगा। बीएल संतोष ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा की पिछले 10 वर्ष में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश हित और लोक हित में बहुत काम किए हैं।



राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष को स्मृति चिन्ह भेंट करते ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य एवं अलीगढ़ जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह लाला व अन्य। ● अमृत विचार

- **हर दरवाजे पर दस्तक देकर प्रत्याशी कमल का निशान बताएं**
- **मोदी की गारंटी के साथ मतदाता से मिलें कार्यकर्ता**

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जिन लाभार्थियों को मिला है क्या पार्टी कार्यकर्ता उनके संपर्क में है हमें निरंतर प्रत्येक मतदाता के संपर्क में रहने की आवश्यकता है हमें इस आत्मविश्वास से बचना चाहिए की हमने हाल ही में राम मंदिर का निर्माण हुआ है और राम मंदिर का निर्माण होने के बाद मतदाता हमसे पूरी तरह सहमत सहमत है और हमें मतदान करेगा । प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह चुनाव को किसी भी प्रकार से हल्के में ना लें चुनाव को पूरी गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बूथ को मजबूत करना है। दो सत्रों में हुई बैठक के दौरान बीएल संतोष ने चुनाव के माइक्रो मैनेजमेंट पर चर्चा की।

उन्होंने एक-एक वोट की कीमत को पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को समझाया। लोकसभा प्रत्याशियों को लेकर उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रत्याशी कौन है यह पार्टी संगठन समय आने पर तय करेगा लेकिन प्रत्याशी एकमात्र कमल का फूल है जिसका प्रचार प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर करना है । उन्होंने लाभार्थी संपर्क अभियान घर-घर गांव-गांव जाने के कार्यक्रम बूथ सम्मेलन लोकसभा संपर्क कार्यक्रम पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता के सामने पार्टी कार्यकर्ता को जाकर कमल के फूल का प्रचार करना है ।

बैठक में ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, ब्रज क्षेत्र महामंत्री राकेश मिश्रा , नागेंद्र सिकरवार, एटा लोकसभा प्रभारी नागेंद्र दुबे गामा, फिरोजाबाद लोकसभा संयोजक वृंदावन लाल गुप्ता, कासगंज जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी सहित ब्रज क्षेत्र के 13 लोक सभा क्षेत्रों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## सार-संक्षेप

### 11 विभागों में जल्द शुरू होगी खेलकोटे की भर्ती

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के 11 सरकारी महकमों में खेल कोट में होने वाली भर्ती फिर जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए खेल विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सभी विभागों में एक से दो प्रतिशत खिलाड़ियों भर्ती की जाएगी। खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार इसके लिए 11 सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों की जानकारी मांगी गई हैं, जहां पर खिलाड़ियों की तैनाती की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को लेने के लिए जहां तमाम संस्थान तैयार रहते हैं वहीं राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की तैनाती नहीं हो पाती। ऐसे में इस बार राष्ट्र और राज्य स्तरीय खिलाड़ियों की तैनाती की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वन, परिवहन, खेल, पुलिस, सुरक्षा बल और रेलवे के साथ अन्य विभागों में तैनाती की जाएगी। अभी तक रेलवे और पुलिस और सुरक्षा बलों में खिलाड़ियों की तैनाती हो रही है। जिन विभागों में खेल कोटे में भर्ती नहीं हो रही है, उनके विभागाध्यक्षों से संपर्क किया जाएगा। खेल कोटे में खाली पदों की जानकारी ले कर उसे भरने के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। कई विभागों में पिछले तीन दशकों से खेल कोटे की भर्तियां नहीं हुई है। मुख्यमंत्री कार्यालय से भी विभागों में खिलाड़ियों की तैनाती के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

### मां ने प्रेमी से कराई थी बेटे की हत्या

**प्रतापगढ़, एजेंसी :** अवैध सम्बन्ध की जानकारी होने पर मां ने प्रेमी से मिलकर बेटे की हत्या करवा दी। दस दिन के अन्दर ही बाघराय पुलिस ने आज मामले का खुलासा करते हुए बच्चे के शव को बरामद कर लिया। घटना थाना क्षेत्र के बाघ राय के लच्छीपुर (जलालपुर) गांव की है। जलालपुर गांव निवासी कमलेश विश्वकर्मा की पत्नी अंजू देवी का प्रयागराज जिले के होलागढ़ क्षेत्र के अहिबी का पुरवा पुरवनारा निवासी पप्पू उर्फ अमरेष कुमार विश्वकर्मा से अवैध सम्बन्ध था। मृतक अमित (7) ने इसे देख लिया था और कहा था कि वह इसे पिता को बता देगा। तभी से दोनों हत्या की योजना बनाने लगे। 13 फरवरी को आरोपित अमरेस अपने रिश्तेदार जलालपुर निवासी श्रीराम विश्वकर्मा के यहां शादी में गया था। मृतक की मां भी बेटे अमित के साथ वहां गयी थी। वहीं पर पप्पू ने योजना बनाकर अपने चार अन्य साथियों के साथ उसका अपहरण कर लिया। चारों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शव को सूखे नाले में एक गड्ढे में मिट्टी से ढक दिया। घटना की बाघराय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता ने लिखाई थी। सुरागकशी करते हुए पुलिस ने अमरेश (पप्पू) को धर दबोचा। उसने पुलिस को बताया कि अमित ने मुझे अंजू के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था।

### विधान परिषद: 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चार मार्च से मतदान शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रत्याशियों के नाम-निर्देशन की अधिसूचना चार मार्च की जाएगी। इसी दिन से प्रत्याशी नामांकन शुरू कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी। 5 मई को विप के इन सदस्यों का कार्यकाल होगा समाप्त- डॉ. महेंद्र सिंह, भाजपा, मोहसिन रजा, भाजपा, अशोक कटियार, भाजपा, अशोक धवन, भाजपा, बुक्कल नवाब, भाजपा, यशवंत, भाजपा, विजय बहादुर पाठक, भाजपा, विद्यासागर सोनकर, भाजपा, डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, भाजपा, निर्मला पासवान, भाजपा, आशीष पटेल, अपना दल, नरेश उत्तम पटेल, सपा और भीमराव अंबेडकर, बसपा।

# पुलिस भर्ती बोर्ड को मिले पेपर लीक के 1500 सबूत

## जांच में लग रही है पेपर लीक के आरोपों पर मुहर, एक सप्ताह में बोर्ड ले सकता है बड़ा फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों पर भर्ती को हुई परीक्षा में पेपर लीक संबंधी लगभग डेढ़ हज़ार सबूत शुक्रवार को ऑनलाइन बोर्ड के पास पहुंचे। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से गठित जांच समिति इन कथित सबूतों का परीक्षण करने के बाद जल्दी ही फैसला सुनाएगी। बोर्ड को समिति की रिपोर्ट और संबंधित कंपनी के जवाब का भी इंतजार है।

वहीं दूसरी ओर सूत्रों पर कान दें तो एसटीएफ भी अब दबी जुबान पेपर लीक के आरोपों पर मुहर लगा रही है। सूत्र तो यहां तक दावा कर रहे हैं, इस बाबत एसटीएफ की ओर से बोर्ड को अपनी जानकारी साक्षा की है। ऐसे में एक सप्ताह के भीतर बोर्ड की ओर से कोई बड़ा फैसला आने की उम्मीद जतायी जा रही है।

उधर, उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के अफसरों से अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से शुक्रवार को मुलाकात की। सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भर्ती बोर्ड को ज्ञापन दिया। साथ ही




प्रतिनिधिमंडल ने भर्ती बोर्ड को पेपर लीक के सबूत भी दिए। भर्ती बोर्ड के अफसर से मुलाकात के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई करने के लिए आश्वासन दिया गया है।

**भर्ती बोर्ड ने मांगे थे साक्ष्य:** दरअसल, परीक्षा की शुचिता पर लगातार सवाल उठाए जा रहे थे। कथित पेपर लीक को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में धरना-प्रदर्शन भी होने लगे हैं। हालांकि कुछ दिन पहले ही मामले की जांच के लिए बोर्ड ने एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता एक कमेटी गठित की थी, लेकिन फिर भी परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराए जाने की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन की खबरें आ रही है। ऐसे में बोर्ड ने गुरूवार को पत्र जारी कर सभी से शुक्रवार की शाम छह बजे तक बोर्ड की मेल पर कथित पेपर लीक की बाबत साक्ष्य मांगे थे। साथ ही आश्वस्त किया है कि उन साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में फैसला किया जाएगा।

**परीक्षा से पहले ही पेपर व्हाट्सएप पर ?:** वहीं 18 फरवरी को दूसरी पॉली में हुई परीक्षा के दौरान पकड़े गए अभ्यर्थी सत्य अमन कुमार के पास से मिली हाथ से लिखी हुई नकल की पर्ची की पुसिलिया जांच भी पेपर लीक होने के आरोपों पर मुहर लगाती है। मोहनलालगंज में तैनात इंस्पेक्टर की ओर परीक्षा अधिनियम में दर्ज कराई एफआईआर की तहरीर में लिखा गया कि हस्तलिखित प्रश्न पत्र जो परीक्षार्थी के मोबाइल पर आया है, उसका मिलान परीक्षार्थी की मूल प्रश्न पुस्तिका से किया गया तो प्रश्न संख्या अलग-अलग है, लेकिन प्रश्न सभी मैच कर रहे हैं। पकड़े गए अभ्यर्थी ने पुलिस की पूछताछ में कबूला था कि उसके दोस्त ने व्हाट्सएप पर उसे पेपर परीक्षा से पहले ही भेज दिया था जिसकी पर्ची उसने तैयार की थी1

### पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलन जारी

**प्रयागराज, एजेंसी :** प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों का आंदोलन यहां उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट के सामने शुक्रवार को जारी रहा। प्रतियोगी छात्र अभिनव द्विवेदी ने संवाददाताओं से कहा, "समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के खिलाफ जारी आंदोलन में हमारी मांग है कि यह परीक्षा निरस्त की जाए और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत को हटाया जाए।

### अभ्यर्थियों से पेपर लीक का साक्ष्य मांगना तानाशाही

**प्रयागराज, अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की प्रारंभिक परीक्षा-2023 पेपर लीक मामले को लेकर अभ्यर्थियों का चल रहा विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। शुक्रवार को हजारों की संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर हंगामा करने लगे। आयोग की सूचना पर पहुंचे एसीपी सत्येन्द्र तिवारी फोर्स के साथ पहुंचे और आयोग गेट के साथ रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। एसीपी अभ्यर्थियों को समझाते रहे, लेकिन प्रदर्शनकारी दोबारा परीक्षा कराये जाने की मांग पर अड़े रहे, हंगामा करते रहे। अभ्यर्थियों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। 11 फरवरी को आरओ/एआरओ का पेपर लीक हुआ था। जिसको लेकर अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग के गेट पर पहुंचकर पेपर को रद्द करने की मांग कर रहे थे। इसके बाद आयोग के द्वारा नोटिस जारी कर साक्ष्य मांगा गया था। साक्ष्य प्राप्ति के बाद भी आयोग की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। आयोग के इस रवैये को अभ्यर्थियों ने तानाशाही माना है। आयोग की उदासीनता से अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को करीब 5 हजार से अधिक अभ्यर्थी आयोग गेट पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। भीड़ व बवाल देख आयोग ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे एसीपी सत्येंद्र तिवारी ने फोर्स के साथ पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। अभ्यर्थियों का कहना कि पहले पेपर को रद्द किया जाए और फिर से पेपर कराया जाए। साक्ष्य देने की जरूरत क्या है, जब पेपर पहले से ही व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर टहल रहा है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मामले की सुनवाई अब 29 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल याचिकाओं पर शुक्रवार को भी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इस कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने मामले को आगामी 29 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में भी हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिकाओं की पोषणीयता पर मुस्लिम पक्ष की ओर से बहस की गई। वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिया कि केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ जमीन शाही ईदगाह को दी गई थी। मालूम हो कि विवादित भूमि को हिंदू पक्ष अपना बताता है।

# यूपी बोर्ड: दूसरे दिन 28 हजार और बच्चों ने छोड़ी परीक्षा

एजेंसी

**प्रयागराज :** यूपी बोर्ड परीक्षा में सख्ती के चलते दूसरे दिन शुक्रवार को 28 हजार बच्चे परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचे। इस बीच शुचितापूर्ण एवं नकल विहीन परीक्षा कराने की दिशा में बोर्ड ने एक और कदम उठाते हुये कंमाड एवं कंट्रोल रूम की भी निगहबानी शुरू कर दी है। बोर्ड सचिव ने अपने ही कक्ष में एक बड़ी स्क्रीन लगाकर कंट्रोल रूम पर नजर रखने की व्यवस्था कर दी है।




मोबाइल फोन से भी 24 घंटे निगरानी की जा रही है। शुक्रवार को चार लाख 47 हजार परीक्षार्थियों को एक्जाम में सम्मिलित होना था लेकिन 28,513 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहले दिन तीन लाख 33 हजार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। पूरे प्रदेश में मात्र एक नकलची पकड़ा गया। छद्म परीक्षार्थी भी नदारत रहे। सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि परीक्षा व्यवस्था को लगातार अपडेट किया जा रहा है। सचिव कक्ष में पूरे प्रदेश के कंमाड एवं कंट्रोल रूम की निगरानी के लिए एक नया कंट्रोल रूम बना दिया गया है। यहां से सचिव एवं उनके अधीनस्थ अधिकारी भी नजर रखे हुए हैं। सचिव अपने मोबाइल से भी लगातार नजर बनाए हुए हैं। सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम पर सीसीटीवी कैमरे से दृष्टि रखी जा रही है।

## राज्यसभा: इरफान सोलंकी नहीं डाल सकेंगे वोट



**कानपुर।** सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी की राज्यसभा चुनाव में मतदान करने संबंधी याचिका शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। उनके वकील मो. आसिफ की तरफ से झारखंड का हवाला दिया गया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए थे। जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी एक महिला की झोपड़ी में आग लगाने सहित कई मामलों में इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेत अन्य लोगों के खिलाफ जाजमऊ थाने में मामला दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से सपा विधायक महराजगंज जेल में बंद हैं।


# सीट बंटवारे पर छलका सलमान खुर्शीद का दर्द

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन में कांग्रेस व सपा के बीच सीट बंटवारे के बाद कांग्रेस के उन नेताओं में नाराजगी पैदा हो गई है, जो चुनाव लड़ना चाह रहे थे, पर गठबंधन में सीट सपा के खाते में चली गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट के जरिये कहा कि टूट सकता हूं लेकिन झुकंगा नहीं।

उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद से उनके रिश्तों के कितने इम्तहान का सामना करना पड़ेगा? सवाल उनका नहीं, पर हम सब के मुस्तकाबिल का है। आने वाली नस्लों का है। किस्मत के फैसलों के सामने कभी झुका नहीं। उन्होंने लिखा- टूट सकता हूं, झुकूंगा नहीं। तुम साथ देने का वादा करो,

- **निराश होकर कहा, टूट सकता हूं लेकिन झुकूंगा नहीं**



मैं नगमें सुनाता रहूं। मालूम हो कि प्रदेश की कुल अस्सी लोकसभा सीटों में कांग्रेस के खाते में 17 सीटें व सपा के खाते में 63 सीटें आई हैं, जिसमें सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद फर्रुखाबाद से चुनाव लड़ते रहे हैं, लेकिन सपा ने फर्रुखाबाद से नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी घोषित कर रखा है। ऐसे में खुर्शीद के चुनाव लड़ने पर सपा-कांग्रेस गठबंधन में ग्रहण लग सकता है।


## वर्ग पहेली-352

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।
5. डरावना, भयानक।
6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।
7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।
2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।
3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक़्क़ारख़ाना।
5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।




### वर्ग पहेली - 351 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | | | म | | वी |
| मा | | 4 वि | ल | स | न |
| ला | | | ता | | ता |
| | 5 सु | खा | स | न | |
| | दि | | | | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | | लू |

## सुडोकू-69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 17 .59 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**त्योहार/व्रत/दिवस**- गुरु रविदास जयंती। **दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 22 .20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करने का प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। आपको किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है।

**वृष:** आज मन में असमंजस जैसी स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही बिल्कुल न करें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। बच्चों के साथ आनंद का समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन:** आज धार्मिक और अध्यात्मिक चर्चाओं में रुचि ले सकते हैं। माता-पिता आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। सेहत की दृष्टि से दिन बहुत अच्छा है। इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**कर्क:** आज परिजनों के साथ मतभेद सामने आ सकते हैं। छोटी-मोटी दुर्घटना होने की आशंका है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत न करें। किसी बात को लेकर मन में तनाव रहेगा। क्रोध में आकर कुछ भी बोलने से बचें।

**सिंह:** आज फिर भी विवादित मुद्दों पर चर्चा से दूरी बनाकर रखना चाहिए। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। संतान के लिए समय अच्छा रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।

**कन्या:** आज यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। दिनचर्या बहुत अच्छी नहीं रहेगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में जल्दबाजी न करें। कारोबार में कुछ व्यवहारिक चूक कर सकते हैं। जीवनसाथी से बहस हो सकती है।

**तुला:** आज व्यापार में सहयोगियों से परामर्श लेना हितकर होगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।

**वृश्चिक:** आज धैर्यपूर्वक विचार करना बेहतर होगा। काम की अधिकता के कारण थकान हो सकती है। कुछ नजदीकी सहकर्मियों की कार्यशैली से आप नाखुश हो सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।

**धनु:** आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी सहभागिता बढ़ने वाली है। यात्रा का आनंद उठाएंगे। घर में बड़ों की सलाह से काम करना बेहतर होगा। स्वास्थ्य से जुड़े कष्टों का निवारण होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** आज आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। किसी से भी धन उधार लेन-देन न करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको भागदौड़ का सामना करना पड़ेगा। अवमानना झेलनी पड़ सकती है।

**कुंभ:** आज अपने निजी मामलों में दूसरों का हस्तक्षेप न करने दें। किसी उलझन से बाहर निकल सकते हैं। अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिये। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम भावना और सामंजस्य भाव बढ़ेगा।

**मीन:** आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। विरोधियों को अच्छी तरह से परास्त कर पाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- खेल — सुबह : 10 .00
- शान — रात : 07 .00

Sony Pix
- एनाकोंड्रास — सुबह : 10 .13
- जर्नी 2 — रात : 09 .00

Sony Max
- परिनीता — सुबह : 09 .21
- हुड़दंग — शाम : 05 .24

Zee Cinema
- गंगाजल — सुबह : 10 .30
- कहो ना ...प्यार है — रात : 07 .30

Colors Cineplex
- गब्बर इज बैक — सुबह : 09 .36
- देवदास — रात : 09 .24

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू से उसकी पत्नी बोलीं, सुनो! तुम्हारा जिगरी दोस्त चंपू शादी करने जा रहा है और जिस लड़की से उसकी शादी होने वाली है, वह बिल्कुल घटिया है। तुम्हारे दोस्त का जीवन बरबाद हो जाएगा। चलो, चलकर उसे समझाएं। मैं नहीं जाऊंगा। मुझे कौन समझाने आया था? सोनू ने गुस्से से कहा।

प्लंबर- सर, नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर-सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

## डब्ल्यूपीएल 2024 का आगाज




**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग 2024 के उद्घाटन समारोह का आयोजन शुक्रवार की शाम हुआ ।इस दौरान कई सिने कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से मैच देखने आए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर बीसीसीआई सचिव जय शाह, अभिनेता शाहरुख खान, वरुण धवन, शाहिद कपूर और डब्ल्यूपीएल टीमों की कप्तान स्मृति मंधाना ( रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर), हरमनप्रीत कौर ( मुंबई इंडियंस), मेग लैनिंग ( दिल्ली कैपिटल्स), बेथ मूनी ( गुजरात जाइंट्स) के साथ ), एलिसा हीली ( यूपी वारियर्स) मौजूद रहीं। वहीं डब्ल्यूपीएल का पहला मैच दिल्ली और मुम्बई के बीच खेला गया है। ● एजेंसी

# मुंबई इंडियन ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से रौंदा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

यास्तिका भाटिया (57 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (55 रन) अर्धशतकीय पारी और आखिरी गेंद पर संजीवन संजना के छक्के की बदौलत मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हरा दिया है। 172 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने पहले ओवर में हेली मैथ्यूज (0) का विकेट गंवा दिया। यास्तिका भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट ने दूसरे विकेट लिए 49 रन जोड़े। अरुंधति ने नैट साइवर ब्रंट (19 रन) को बोल्ड किया। भाटिया ने 45 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। एमेलिया केर 24 रन पर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर ने 34 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। अमनजोत कौर 3 और संजीवन संजना 6 बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली की अरुंधति रेड्डी और ऐलिस कैप्सी ने दो-दो, शिखा पांडे और मरीजन्न काप ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले ऐलिस कैप्सी 75 रन की तूफानी अर्धशतकीय पारी और जेमिमाह रॉड्रिग्स के 42 रन की मदद से दिल्ली ने मुंबई को 172 रन का लक्ष्य दिया था। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी को उतरी दिल्ली ने तीसरे ही ओवर में शेफाली वर्मा (1 रन) का विकेट गंवा दिया। 11वें ओवर में कप्तान मेग लानिंग 31 रन बना आउट हुई। ऐलिस कैप्सी और जेमिमाह रॉड्रिग्स ने टीम को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। ऐलिस कैप्सी ने 53 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्कों की मदद से 75रनों की पारी खेली। वहीं जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 24 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। मरीजन्न काप 16 रन बनाकर आउट हुई। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई की ओर से नैट साइवर-ब्रंट और एमेलिया केर ने दो-दो विकेट और शबनीम इस्माइल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## खेल डायरी

### भारतीय टीम के सामने हांगकांग की चुनौती



**अलान्या ( तुर्की), एजेंसी।** पहले मैच में एस्तोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम टर्किश कप के दूसरे मैच में शनिवार को हांगकांग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी। भारत ने पहले मैच में एस्तोनिया को 4 –3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी। इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढा होगा। फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हांगकांग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा। भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं, जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाएं। आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी। प्यारी ने एस्तोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा। भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हांगकांग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है।

टर्किश कप

### कपूर , संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 26वें स्थान पर

**मस्कट।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की 'इंटरनेशनल सीरीज ओमान' के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला, जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। स्पेन के डेविड पुईग ने 7 अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनाई। अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर हैं। अनिर्बान लाहिड़ी, गगनजीत और अजीतेश संधू एक ओवर के कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर हैं। हनी बेसोया (74) संयुक्त 91वें और जीव मिल्खा सिंह (75) संयुक्त 108वें स्थान पर हैं। उन पर कट से चूकने का खतरा है।

### अभय गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के 9000 डॉलर ईनामी राशि के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेशियो लेवी को 13–11, 11–7, 11–3 से हराया। हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा। पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था। शिकागो में विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में भारत के रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारिक मोमिन से 11–5, 4 –11, 4 –11, 8–11 से हार गए।

### एफआईएच प्रो लीग : ऑस्ट्रेलिया से बदला लेने पर भारत की नजर



**राउरकेला।** पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी। भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली, लेकिन शूटआउट में 2–4 से हार गई। भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है। अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी। इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को आस्ट्रेलिया ने 6–4 से हराया था। आस्ट्रेलिया को हराने के लिये हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# रूट ने इंग्लैंड को संभाला, आकाशदीप का दमदार आगाज

## चौथे टेस्ट के पहले दिन रूट ने 226 बॉल में बनाए 106 रन, आकाशदीप ने 24 रन देकर इंग्लैंड के लिए 3 विकेट

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**रांची, एजेंसी**

भारत को आकाश दीप के रूप में शानदार तेज गेंदबाज मिला लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को 7 विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे । उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं।

दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए झटकों से निकाला। बिहार के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के 5 विकेट 112 रन पर गिर गए थे । पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18 , 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम से खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कॅरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने नौ चौके लगाए। 5 मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड 1-2 से पीछे है, जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी।

इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का ऑफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार 3 चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया। उन्होंने 4 के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी। आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए, जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका। अंपायर के नॉट आउट करार देने पर रोहित ने रिव्यू लिया और अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। पोप को आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। अगली गेंद पर जो रूट भी चकमा खा गए लेकिन रिव्यू लेने पर पता लगा कि गेंद आफ स्टम्प से बाहर जा रही थी। अगले ओवर में आकाश दीप ने क्रॉली को आउट किया जो क्लीन बोल्ड हुए । इसके बाद से रूट और बेयरस्टो ने 50 से अधिक रन की साझेदारी की। फॉर्म के लिये जूझ रहे बेयरस्टो ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स खेले लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया जब वह स्वीप लगाने की कोशिश में थे। भारत ने एक बार फिर सटीक रिव्यू लिया। इस विकेट के साथ ही अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सौ विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। रूट और बेन फोक्स (126 गेंद में 47 रन) ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। सिराज ने चाय के बाद फोक्स को रविंद्र जडेजा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी का अंत किया। सिराज ने टॉम हार्टली को पवेलियन भेजा।



टेस्ट मैच के दौरान शतक लगाने पर जो रूट को बधाई देते बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन। ● एजेंसी



रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड के ओली पोप का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड** 302/7 (90 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 106 | 226 | 9/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन नाबाद | 31 | 60 | 4/1 |

**अतिरिक्त :** 11, **विकेट पतन :** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, **गेंदबाजी :** सिराज 13-3-60-2, आकाश दीप 17-0-70-3, जडेजा 27-7-55-1, अश्विन 22-1-83-1, यादव 10-3-21-0, जायसवाल 1-0-6-0

## मुश्किलों के बाद आकाशदीप को मिली मंजिल



**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण करने वाले आकाशदीप की मां लाडुमा देवी अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर भावुक हो गई। उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी था। जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा कि मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट में मेरा पदार्पण होगा, तुम्हें आना होगा। तो वह बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंचीं। उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी था।

आकाशदीप ने पहले घंटे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाकर मैच को प्रभावित किया, इससे लंच तक मेहमान टीम का स्कोर 5 विकेट पर 112 रन था। उनकी मां ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया। मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी। उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, 'ये तो आवारा मवाली बनेगा', लेकिन हमें उस पर भरोसा था और छह महीने में मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी। आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे। उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली। इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया। इसके बाद अब बड़े भाई की पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी उनके ही ऊपर थी। लाडुमा देवी ने कहा कि अगर उसके पिता और भाई जीवित होते तो वे आज खुशी से फूले नहीं समाते।

### सफलता दिवंगत पिता को की समर्पित

रांची। तेज गेंदबाज आकाश दीप ने टेस्ट पदार्पण में 3 विकेट के शानदार प्रदर्शन को अपने पिता को समर्पित किया, जिनका 2015 में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि वह संतुष्ट हैं कि उन्होंने अपने पिता के 'जीवन में कुछ कर दिखाने' के सपने को पूरा कर दिया है। आकाश दीप ने पिता रामजीत सिंह का लकवा मारने के बाद निधन हो गया और छह महीने के अंदर ही आकाश दीप ने अपने बड़े भाई को खो दिया। आकाश दीप ने कहा कि एक साल में पिता और बड़े भाई को गंवा देने के बाद मैं कुछ करना चाहता था और मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया। मेरे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था, बस कुछ हासिल कर सकता था।


## बॉलीवुड हलचल

### राकेश का गाना जीजा जी 2.0 रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता–गायक राकेश मिश्रा का गाना लहंगा में मारा देब ताला जीजा जी 2 .0 रिलीज हो गया है। इस गाने को राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि यह गाना 2024 में आने वाले रंगों के उत्सव को अभी से सेलिब्रेट करने को हमने बनाया है। हमारे यहां फाल्गुन मास में होली की तैयारी पहले दिन से गीत संगीत में शुरू हो जाती है। इसलिए हमने अभी से ही यह गाना रिलीज कर दिया है और आगे आने वाले दिनों में और भी कई गाने लेकर आएंगे। यह गाना होली गीत है जो की अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में होली से पहले सुनाई देती है और लोग बड़े चाव से इसे गाते और सुनते भी हैं। हमने इस गाने में होली गीत की शैली को जीवंत करने की कोशिश की है उम्मीद करता हूं कि सबों को पसंद आएगी और आप इस होली गीत को खूब अपना प्यार और आशीर्वाद देंगे।

### सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पहले गाने का टीजर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम टीजर रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'क्या हम कह सकते हैं... योद्धा के पहले गाने जिंदगी तेरे नाम के साथ प्यार 'हवा' में है, जो 24 फरवरी को आ रहा है। गाने के टीजर में सिद्धार्थ के साथ राशि खन्ना दिखाई दे रही हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है ।यह एक एक्शन फिल्म है जिसके करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसे सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने निर्देशित किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

### जंगली पोकर के 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन में अनिल



**मुंबई।** स्किल गेम कंपनी, जंगली गेम्स इंडिया प्रा . लिमिटेड ने जंगली पोकर के नए कैम्पेन 'अपने टाइप के लोग' में बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर को शामिल किया है। जंगली पोकर खिलाड़ियों के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 18–30 आयु वर्ग के 26% प्रतिभागियों ने युवा बॉलीवुड सितारों की तुलना में अनिल कपूर को पसंद किया। अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाले 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन का उद्देश्य पोकर को सभी उम्र, जेंडर या पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही इससे जुड़ी पुरानी मान्यताओं को भी खत्म करना है। कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, जंगली गेम्स के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, भरत भाटिया ने कहा, हम अनिल कपूर के साथ साझेदारी करके और 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन शुरू करके रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि उनकी भागीदारी हमें विश्वसनीयता, जीवंत, करिश्माई ऊर्जा और हमारा संदेश पहुंचाने के लिए उनका ट्रेडमार्क 'झकास' एटिट्यूड प्रदान करेगी। हमारी सोच यह है कि दर्शकों को यह दिखाया जाए कि कैसे जंगली पोकर एक सभी के खेलने के योग्य गेम है, जो एक स्वस्थ वातावरण में जीवन के सभी क्षेत्रों और कौशल वाले लोगों के लिए बनाया गया है। हम गेमिंग उद्योग में बड़ा बदलाव लाने उद्देश्य से विश्वास और जिम्मेदार गेमिंग के अपने मूल्यों को आगे भी विस्तार देना जारी रखेंगे। इस साझेदारी से उत्साहित, अनिल कपूर ने कहा, जंगली पोकर के साथ उनके नए कैम्पेन के लिए साझेदारी करना वास्तव में एक शानदार अनुभव है। मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह दिखाने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे यह हर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक सर्वव्यापी गेमिंग एडवेंचर है। इसकी टैगलाइन 'अपने टाइप के लोग' मेरे व्यक्तित्व के साथ भी मेल खाती है और यह साझेदारी जबर्दस्त साबित होगी। यह देखना बहुत जरूरी है कि कैसे जंगली पोकर कैसे पोकर की धारणा को नए सिरे से परिभाषित करता है और जिम्मेदार गेमिंग की भावना को बढ़ावा देता है।

### करिश्मा कक्कड़ और चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज




**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कड़ और अभिनेत्री चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में चांदनी कुशवाहा अपने प्रेमी के हरकतों की उलाहना देते हुए उसको समझाते हुए कह रही हैं कि ...होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... सुधर जा सुधर जा, आदमी बन जा ...होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... अइसन काला लागता सीख आइला ह अपना भाभी से, साड़ी सरकइला बुलेटवा के चाभी से, रंग देला अंग पूरा कलर गुलाबी से... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत दीपक दिलकश ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है।

### नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन रिलीज



**मुंबई।** गायक–अभिनेता नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली में मले साबुन रिलीज हो गया है। होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को नीलकमल सिंह ने गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में उनके साथ नीलम गिरी नजर आईं हैं। यह गाना सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। नीलकमल सिंह ने कहा कि होली को हमारे गानों के साथ रंग बिरंगी बना लीजिये। अभी एक से बढ़ कर एक गाना हम लेकर आने वाले हैं ।सारेगामा हम भोजपुरी, भोजपुरी म्यूजिक के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफॉर्म है, यहां हमने साथ मिलकर अब तक एक से बढ़ कर एक गाने को रिलीज किया है, जिसे लोगों ने पसंद किया है ।आगे भी इसी तरह हम मनोरंजन भरपूर डोज लेकर आते रहे हैं। फ़िलहाल होली के अवसर पर होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को खूब प्यार और आशीर्वाद मिले, यही कामना है। गौरतलब है कि गाना देवरा होली मे मले साबुन के गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। संगीतकार शुभम राज (एसबीआर) हैं। प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है। गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### चीनः बांध के निर्माण को लेकर बौद्ध भिक्षुओं का विरोध प्रदर्शन

**बीजिंग।** चीन अक्सर अपने आक्रामक रुख के लिए सुर्खियों में रहता है। आए दिन चीन अपने पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद को लेकर बवाल खड़ा करता रहा है। अब चीन के सुरक्षा अधिकारी अपने ही देश के भीतर उठ रही विरोध की आवाज को कुचलने का काम कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में एक विशाल बांध के निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन को दबाने के लिए चीन के सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बौद्ध भिक्षुओं और स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है। तमाम प्रदर्शनकारियों का मानना है कि अगर यहां बांध का निर्माण होता है, तो जल क्षेत्र में छह बौद्ध मठ डूब जाएंगे और दो गांवों को विस्थापित होना पड़ेगा।

### तरनतारन में बीएसएफ ने बरामद की आधा किलो हेरोइन

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के तरनतारन जिले से लगभग 519 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को एक विशेष जानकारी के बाद तरनतारन जिले के गांव डल में बीएसएफ जवानों और पंजाब पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने कहा कि अभियान के दौरान, सैनिकों ने संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट सफलतापूर्वक बरामद किया। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था और लोहे के तार से बांधा गया था। यह बरामदगी तरनतारन जिले के गांव डल के नजदीक डीसीबी रोड पर लोहे के पुल के पास हुई।

### पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाला पत्रकार गिरफ्तार


**लाहौर।** पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाले पत्रकार पर कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। टीवी एंकर और यूट्यूबर इमरान रियाज खान को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रियाज खान का कहना है कि उन्हें झूठे केस में गिरफ्तार किया गया है। वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक हैं। पंजाब की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था की ओर से कहा गया है कि इमरान रियाज खान और उनके पिता पर चकवाल में धाराबी झील से संबंधित एक अनुबंध को अधिक कीमत पर हासिल करने का आरोप है।

### पाकिस्तानः चुनाव में धांधली के आरोप से पलटे पूर्व नौकरशाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह लियाकत अली चट्ठा अपने बयान से पलट गए। पूर्व नौकरशाह ने आरोप लगाया था कि रावलपिंडी से 13 प्रत्याशियों को जबरन विजेता घोषित किया गया। उन्होंने कहा है कि वह अपने दावों पर अत्यंत शर्मिंदा हैं। मीडिया के अनुसार रावलपिंडी के पूर्व कमिशनर लियाकत ने कहा, 'मैं अपने काम की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई के लिए स्वयं को अधिकारियों के सामने समर्पित करता हूं। घटनाक्रम पर पीएमएलएन ने इमरान की पार्टी पर चुनाव को विवादास्पद बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# आदित्य-एल1: पेलोड ने दी सूर्य से आने वाले सौर वायु प्रभाव की जानकारी

**बेंगलुरु, एजेंसी**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 पर लगे पेलोड के उन्नत सेंसरों ने कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभाव का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है। इसरो के एक बयान में कहा गया है, 15 दिसंबर, 2023 को सीएमई, एक एकल घटना थी। इस अवधि के दौरान पीएपीए अवलोकनों ने कुल इलेक्ट्रॉन और आयन गणना में अचानक वृद्धि देखी गई।"

इसरो के अनुसार, पेलोड के उन्नत सेंसर एक ऊर्जा और द्रव्यमान विश्लेषक है जिसे कम ऊर्जा सीमा में सौर पवन इलेक्ट्रॉनों और आयनों के इन-सीटू माप के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें दो सेंसर हैंः सौर पवन इलेक्ट्रॉन ऊर्जा जांच और सौर पवन आयन संरचना विश्लेषक शामिल है। एकत्र किए गए डेटा से कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) से 15 दिसंबर, 2023 और 10-11 फरवरी, 2024 के दौरान हुई घटनाओं की घटना का पता चला है। बता दें, पेलोड के उन्नत सेंसरों को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/इसरो की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला और एवियोनिक्स इकाई द्वारा विकसित किया गया है। इसरो के बयान में कहा गया है कि पीएपीए द्वारा की गई जानकारियां अंतरिक्ष मौसम की स्थिति की निगरानी में इसकी प्रभावशीलता और सौर घटनाओं का पता लगाने और विश्लेषण करने की क्षमता पर जोर देते हैं। गौरतलब है कि, पीएसएलवी-सी57 रॉकेट द्वारा आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को इसरो द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान सूर्य का अध्ययन करने के लिए सात पेलोड ले गया है।

# गाजा में 90 फीसदी लोग भुखमरी के शिकार

*राफा/तेल अवीव। मिस्र की सीमा से सटे राफा शहर में 14 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। यहां रहने वाले अधिकांश लोग वो हैं, जो उत्तर गाजा में इजराइली सेना के हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाई से बचने के लिए बेघर होने के बाद यहां पहुंचे हैं। दुनियाभर से मिलने वाली राहत में कटौती के बाद यहां रहने वाले 90 फीसदी लोग भूखमरी का सामना कर रहे हैं। हर रोज हजारों परिवारों के बच्चों और महिलाओं को पेट भर खाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इजराइली हमलों के बाद यहां गिनी-चुनी बेकरी बच्ची है, जहां खाने के लिए हंगामा सामान्य है। गाजा में चल रही जंग के चलते 23 लाख की आबादी वाले गाजा के 80 फीसदी लोग बेघर हो गए हैं।*

### रमजान से पहले सभी बंधक रिहा करे हमासः इजराइल



इजराइल की युद्ध कैबिनेट में शामिल बेनी गेंज ने चेतावनी दी है कि अगर रमजान से (संभवत: 10 मार्च) से पहले हमास ने सभी बंधकों को रिहा नहीं किया तो राफा में इजराइली सेना कार्रवाई शुरू कर देगी। बेनी गेंज को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का करीबी माना जाता है। वहीं, अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल प्रशासन ने फैसला किया है कि रमजान के दौरान फिलिस्तीनी लोगों को अल अक्सा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसे लेकर तनाव बढ़ गया है।



### अब तक कितने लोगों की हुई मौत

गाजा में मरने वाले लोगों की संख्या 29 हजार के पार हो गई है। हमास के कब्जे वाले स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि पिछले 24 घंटे में 107 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ 7 अक्टूबर से अब तक मरने वालों का आंकड़ा 29,092 हो गया है। वहीं, 69 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों और घायलों में आधे से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। वहीं, इजराइल में हमास के हमले में 1200 लोगों की मौत हुई है, जबकि 250 लोगों को बंधक बना लिया गया है। इनमें से 130 से ज्यादा लोग अभी भी हमास के कब्जे में हैं।

# जबरन रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती

## रणधीर जायसवाल ने कहा- युवाओं को वापस लाने के लिए रूस के संपर्क में भारत सरकार

## जंग से दूर रहें युवा, विदेश मंत्रालय ने की अपील यूक्रेन सीमा पर घायल हुआ कासगंज का युवक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग में जबरन रूसी सेना में भारतीय युवाओं को भर्ती किए जाने पर विदेश मंत्रालय का जवाब आया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीयों से अपील की है जंग से दूर रहें, और सावधान रहें।



रूस में फंसे भारतीयों के मामले में विदेश मंत्रालय ने मदद का भरोसा दिलाया है। सरकार ने कहा है कि रूसी सेना के साथ सपोर्ट स्टाफ के रूप में काम कर रहे लोगों को सुरक्षित भारत लाने का प्रयास किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार रूसी सेना में सहायक कर्मचारियों के रूप में कार्यरत भारतीयों को जल्द मुक्त कराने के लिए मॉस्को से लगातार संपर्क में बनी हुई है। भारत ने अपने नागरिकों से कहा है कि रूस के साथ जारी युद्ध के कारण हिंसाग्रस्त इलाकों में जाने से बचें।

विदेश मंत्रालय का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई कि कुछ भारतीय युद्धग्रस्त इलाकों में रूसी सेना के सहायक के रूप में काम कर रहे हैं।

जायसवाल ने कहा, सरकार इस बात से अवगत है कि कुछ भारतीय रूसी सेना में सहायक पदों पर नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास नियमित रूप से इस मामले पर संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयों की शीघ्र वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे 100 से ज्यादा भारतीय

रूस की सेना की तरफ से 100 से ज्यादा भारतीय युद्ध लड़ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया है कि पिछले एक साल के दौरान सौ से ज्यादा लोगों को मॉस्को स्थित भर्ती केंद्र से भर्ती किया गया था। रिपोर्ट में सामने आया है कि रूसी सेना के साथ लड़ने वाले अधिकांश भारतीय युद्ध शुरू होने के बाद टूरिस्ट वीजा पर रूस गए थे। साथ ही, वास्तव में रूस की सेना में शामिल होने वाले भारतीयों की संख्या और अधिक हो सकती है क्योंकि यह आंकड़ा सिर्फ मॉस्को का है। देश के कई हिस्सों में भी रूसी सेना के रिक्रूटमेंट सेंटर हैं। उन्होंने कहा है कि इन लोगों को रूसी सेना में भर्ती किए जाने से पहले कोई पैसा नहीं लिया गया था। रूसी सेना का कॉन्ट्रेक्ट एक साल का है और किसी भी व्यक्ति को 6 माह से पहले न तो छुट्टी मिलती है और न ही वह सेना छोड़ सकता है।



सेना में शामिल होने वाले भारतीय युवाओं को 1.95 लाख रुपये मासिक वेतन और 50 हजार से अतिरिक्त बेनिफीट का प्रावधान है। हेल्पर के रूप में भर्ती होने के बाद कहां तैनात किया जाएगा, यह फैसला कमांड लेती है। उन्हें युद्ध के मोर्चे या फिर पोर्टर का काम करने के लिए कहा जा सकता है।

### कासगंज: रूस-यूक्रेन सीमा पर अरबाब को किया तैनात

**कासगंज, अमृत विचार :** विदेश में लाखों रुपये के मानदेय पर हेल्पर की नौकरी दिलाने के नाम पर एजेंट ने कासगंज के युवक को रूसी सेना में भर्ती करा दिया। परिजनों से तीन लाख 80 हजार रुपये भी ठग लिए। युवक को रूसी सरकार ने यूक्रेन की सीमा पर तैनात कर दिया, युद्ध के दौरान वह घायल हो गया। बता दें, कासगंज के गंजडुंडवारा कस्बे के रहने वाले अशरफ हुसैन का बेटा अरबाब हुसैन पिछले वर्ष 11 नवंबर को बाबा ब्लॉग नाम की एजेंसी के संपर्क में आया। एजेंसी ने अच्छे मानदेय पर रूस में हेल्पर की नौकरी का झांसा दिया। एजेंट अरबाब को रूस ले गया, खुद वापस भारत लौट आया। लेकिन कुछ माह बाद अरबाब का फोन आया तो उसने बताया कि उसे वहां जबरन सेना में भर्ती किया गया है। जब इस बात का विरोध किया तो पासपोर्ट और वीजा जब्त कर लिया। इसके बाद से परिजन लगातार उससे संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन रूस सरकार ने उससे संपर्क नहीं होने दिया है। इसको लेकर परिवार के लोगों का बुरा हाल है। परिजनों ने देश के प्रधानमंत्री से गुहार लगाई है कि उनके लाडले को वापस भारत लाया जाए।

# सरोगेसी कानून शीर्ष कोर्ट के सवाल के बाद हुआ संशोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्र ने सरोगेसी से जुड़े नियम 7 में किया बड़ा बदलाव

सुप्रीम कोर्ट के सवाल उठाने के बाद सरोगेसी नियमों में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसके बाद यदि पति-पत्नी में से कोई चिकित्सीय समस्या से पीड़ित है तो उन्हें दाता के अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग करने की अनुमति होगी। बता दें, केंद्र सरकार ने हाल ही में किराए की कोख यानी सरोगेसी से जुड़े नियम 7 में बड़ा बदलाव किया है।

इन नियमों के बदलाव से देश के लाखों ऐसे दंपती को भी राहत मिलेगी, जो अपने घर में किलकारी सुनना चाहते हैं। सरोगेसी कानून के तहत, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अब तक बने कानून के अनुसार स्पर्म और एग सेल्स पति-पत्नी का ही होना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार ने इन नियम में अब संशोधन कर दिया है। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत की एक पीठ ने पिछले साल दिसंबर में दो दर्जन से अधिक याचिकाकर्ताओं को सरोगेसी के जरिए मां बनने के लिए दाता अंडे (एग) का इस्तेमाल करने की अनुमति देते हुए कहा था कि इस तरह के नियमों से सरोगेसी का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले के नियमों में संशोधन किया है, जिसमें कहा गया था कि सरोगेसी से गुजरने वाले जोड़ों के पास इच्छुक जोड़े से दोनों युग्मक होने चाहिए। जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि कई महिलाओं द्वारा शिकायतों के बावजूद निर्णय क्यों नहीं लिया जा रहा है।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्र ने पिछले महीने कहा था कि सरकार पिछले साल सरोगेसी कानून में लाए गए संशोधन पर पुनर्विचार कर रही थी। गौरतलब है कि 14 मार्च, 2023 को सरोगेसी पर नियम 7 में किए गए संशोधन के बाद शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं दायर की गईं। अदालत ने कई महिला याचिकाकर्ताओं को दाता अंडे प्राप्त करने और सरोगेसी पर रोक लगाने वाले नियम के बावजूद आगे बढ़ने की अनुमति दी थी।

### सड़कों पर उतरे हजारों लोग...




**ब्रातिस्लावा :** यूरोपीय देश स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में हजारों लोग अभिव्यक्ति की आजादी के लिए सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। करीब 55 लाख की आबादी वाले स्लोवाकिया में हर साल 21 मार्च को 'फॉर डिसेंट स्लोवाकिया' रैली का आयोजन होता है। सरकार विरोधी प्रदर्शनों की लहर के बीच एक खोजी पत्रकार और उसकी मंगेतर की हत्या की छठी बरसी मनाने के लिए स्लोवाकिया के दर्जनों शहरों और कस्बों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। बता दें, 21 फरवरी 2018 को वेल्का मैका शहर में 27 वर्षीय जान कुसियाक और मार्टिना कुशनिरोवा की उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ● एजेंसी

# भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता हैः मुरलीधरन

**रियो दि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी**



- जी-20 बैठक में विदेश राज्य मंत्री बोले- इजराइल हमास युद्ध का द्वि-राष्ट्र समाधान निकालें

दुनियाभर में संघर्ष के बीच भारत ने ब्राजील में जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक ढंग से संबोधित कर, साझा जमीन तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने रूस-यूक्रेन युद्ध को कूटनीति से हल करने और इजराइल-हमास संघर्ष पर द्वि-राष्ट्र समाधान पर भरोसा जताया। भारत का जोर पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने के प्रयासों पर रहा।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 की भूमिका' शीर्षक वाले सत्र में बोलते हुए, मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं को छुआ और उन पर भारत के रुख की पैरवी की। उन्होंने कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है और हमें पश्चिम एशिया में युद्ध को और अधिक फैलने से रोकने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमलों का जिक्र करते हुए, उन्होंने समुद्रों में सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया और समुद्री मार्गों की सुरक्षा जरूरी बताई। उन्होंने भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक रूप से संबोधित करने और आम जमीन खोजने की जरूरत पर भी ध्यानाकर्षित किया।

# शादी को अवैध करार देने के फैसले को इमरान बुशरा ने दी चुनौती

**इस्लामाबाद।** कई मामलों में जेल की सजा काट रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने शुक्रवार को पाकिस्तान के अलग-अलग निचली अदालत में गैर इस्लामिक शादी मामले में फैसले को चुनौती दी है।



दरअसल, इस मामले में दोनों को सात साल की जेल की सजा हुई थी और कोर्ट ने उनकी निकाह को भी अवैध घोषित किया था। इस महीने की शुरुआत में, पिछले साल नवंबर में बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मेनका द्वारा दायर एक मामले में इस महीने की शुरुआत में सुनवाई हुई।

# चीन से रिश्तों में संतुलन बनाना आसान नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रायसीना डायलॉग में चीन को जयशंकर की दो टूक- बोले-खेला जा रहा है माइंड गेम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है। शुक्रवार को कूटनीतिक विमर्श रायसीना डायलाग के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय रिश्ते को लेकर चीन 'माइंड गेम' (दिमाग का खेल) खेल रहा है। लेकिन भारत के पास भी संतुलन बनाने के लिए दूसरे विकल्प मौजूद हैं।

भारतीय विदेश मंत्री ने बेहद साफगोई से स्वीकार किया कि दोनों देशों के लिए द्विपक्षीय रिश्तों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण साबित होने वाला है और यह आसान नहीं होगा। रायसीना डायलाग के एक सत्र के दौरान विदेश मंत्री से यह पूछा गया था कि क्या भारत व चीन के तनावपूर्ण रिश्तों में संतुलन बनाना संभव होगा। इसके जवाब



रायसीना डायलॉग कार्यक्रम में जयशंकर के साथ मौजूद अन्य गणमान्य।

जयशंकर ने कहा, दोनो देशों के बीच माइंड गेम होगा और यह सिर्फ इन दोनों देशों के बीच होगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह माइंड गेम नहीं होनी चाहिए। उनका यह जवाब तब आया है जब दो दिन पहले ही भारत और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने के लिए सैन्य वार्ता संपन्न हुई है और इसमें कोई नतीजा निकलने का संकेत नहीं मिला है। मई, 2020 से ही दोनो देशों के बीच सीमा विवाद चल रहा है। भारत के पूर्वी लद्दाख से सटे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास कई जगहों पर दोनों देशों की सेनाएं अभी भी कुछ दूरी पर तैनात हैं। संतुलन साधने के लिए दुनिया के दूसरे हिस्सों में उपलब्ध अवसरों के बारे में संभवतः विदेश मंत्री का मंतव्य क्वाड संगठन का है जिसका गठन भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान व ऑस्ट्रेलिया को मिला कर किया गया है। ये चारों देश हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों पर लगााम लगाने की मंशा रखते हैं, ताकि इस महत्वपूर्ण समुद्री क्षेत्र को कारोबार व आवागमन के लिए सुरक्षित रखा जा सके। जयशंकर ने इन आशंकाओं को भी परोक्ष तौर पर खारिज कर दिया कि चीन एक बड़ी आर्थिक शक्ति है, तो भारत पर वह दबाव बना सकेगा।

# सरकार के कहने पर एक्स से कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर लगाया आरोप यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है

अरबपति एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' ने पहली बार दावा किया है कि भारत सरकार के आदेश पर कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए हैं। साथ ही पोस्ट भी हटाई गई हैं। एक्स ने अपने ग्लोबल गवर्नेस अफेयर्स अकाउंट पर लिखा, 'हम इस कार्रवाई से सहमत नहीं हैं।

यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। भारत सरकार के आदेश के अनुसार यदि कंपनी एक्स कुछ अकाउंट्स और पोस्ट ब्लॉक नहीं करती तो उस पर जुर्माने और जेल की सजा हो सकती है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि ब्लॉक किए अकांउट और पोस्ट भारत में नहीं देखे जा सकेंगे। अन्य देशों में इन्हें देखा जा सकेगा। एक्स ने दावा किया कि कानूनी बाध्यता के कारण वह सरकारी आदेश सार्वजनिक नहीं कर सकती।

हालांकि, उसका मानना है कि पारदर्शिता के लिए इसे सार्वजनिक करना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक हाई कोर्ट में एक्स की सरकार के खिलाफ अर्जी लंबित है। इस पर 20 मार्च को सुनवाई होगी। मीडिया के अनुसार, किसान आंदोलन के चलते सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 177 अकाउंट्स ब्लॉक करने के आदेश दिए हैं।

**विज्ञान** अंतरिक्ष के विशाल तारों में सोने चांदी की तलाश, वैज्ञानिकों ने नए शोध में लगाया पता

# न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचारः** पृथ्वी पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी कहां से आया होगा। यह ऐसा प्रश्न है जिसका हल ढूंढने के लिए वैज्ञानिक अध्ययनरत हैं। अब नए शोध से पता लगा है कि दो न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से सोना चांदी जैसे बहूमूल्य धातुओं की उत्पत्ति संभव है।

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन दिन पर दिन घटते जा रहे हैं, जबकि आबादी का लगातार विस्तार हो रहा है। इस परिस्थिति में स्वाभाविक है कि वस्तुओं की मांग बढ़नी है। मगर प्राकृतिक संसाधनो की आपूर्ति कैसे हो। जिसके चलते वैज्ञानिको की नजरें ब्रह्मांड में जा टिकी है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी हमारे नजदीकी ग्रहों व पिंडो पर लगातार अध्ययन कर रहे हैं और



न्यूट्रॉन स्टार की टक्कर का चित्र।

अंतरिक्ष यान भेजकर धातुओं को धरती पर लाने के प्रयास कर रहे हैं। हमारी धरती पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी के भंडार लगातार कम होते जा रहे हैं। इनकी आपूर्ति को लेकर अध्ययन जारी हैं। अब एक नया शोध किया गया है। नेचुरल साइंस विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो ब्रैडली शेरिल की टीम ने पांच आधार पर यह शोध किया है। जिसमे उनका कहना है कि दो न्यूट्रॉन तारे की टक्कर ब्रह्मांड के सबसे भारी तत्वों का संश्लेषण करती है यानी निर्माण होता है। शोधकर्ताओं ने पांच नए आइसोटोप संश्लेषित किए हैं जो मृत तारों के तत्वों को पृथ्वी पर लाने में मदद कर सकते हैं । इस शोध से वैज्ञानिकों यह समझने के लिए एक कदम आगे बढ़ सकते हैं कि कैसे अति-घने, मृत तारों के बीच टकराव से सोने और चांदी जैसे भारी तत्व बन सकते हैं। बहरहाल यह शोध ब्रह्मांड से बहूमूल्य धातुओं की तलाश में पहला कदम है। इस दिशा में प्रयास जारी रखे जाएंगे तो निश्चित ही भविष्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

### तारों की टक्कर से ही तत्वों की उत्पत्ति संभव

अब तक के शोध बताते हैं कि भारी तत्वों की उपत्ति तारों से ही होती है। पृथ्वी मे सोना व चांदी भी इन्ही से आया होगा। मगर एक सामान्य तारे से यह उपलब्ध नही हो सकते। इनकी उत्पत्ति तभी संभव है, जब दो विशाल तारों की अंतिम अवस्था में टक्कर हो। तभी उच्च स्तर पर बने ताप से इन तत्वों की उपत्ति संभव है। एक सामान्य तारे से सिर्फ लोहे जैसे धातु ही बन सकती है। नए शोध से इसकी पुष्टि हुई है।

# अमेरिका के निजी स्पेसक्राफ्ट की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका की निजी कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है।

चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। संयुक्त राज्य अमेरिका का ओडीसियस अंतरिक्ष यान गुरुवार (स्थानीय समय) को सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतरा, जो 50 से अधिक वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान बन गया। इसके साथ, इंटुएटिव मशीन्स (आईएम) नोवा के पीछे का वाणिज्यिक उद्यम -सी लैंडर - चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग करने वाला पहला निजी उद्यम बन गया है। चांद का दक्षिणी ध्रुव वही हिस्सा है, जिसके करीब भारत के चंद्रयान 3 का विक्रम लैंडर उतरा था। लैंडिंग से पहले ओडिसियस के नेविगेशन सिस्टम में कुछ खराबी आई थी। इसके बावजूद लैंडिंग कराई गई। यह स्पेसक्राफ्ट मून के साउथ पोल पर उतरा है।